@Qpatrika @qaumipatrika hindi instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
मंगलवार, 7 अक्टूबर 2025

VISIT: www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 328 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

# बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान

## ● दो चरणों में होंगे चुनाव, 6 और 11 नवंबर को मतदान


### मतगणना 14 नवंबर को

एजेंसी
**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर चुनाव आयोग की ओर से तारीखों का ऐलान कर दिया गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को तारीखों का ऐलान कर दिया। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि बिहार की सभी 243 सीट पर दो चरण में चुनाव होंगे। पहले चरण के लिए 6 नवंबर को और दूसरे चरण के लिए 11 नवंबर को वोटिंग होगी। वहीं, चुनाव के नतीजे 14 नवंबर को जारी किए जाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि चुनाव को लेकर आयोग ने तमाम तैयारियां पूरी कर ली हैं। उन्होंने आगे कहा कि चुनाव में हिंसा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही फेक न्यूज पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी। सीईसी ज्ञानेश कुमार ने जानकारी दी कि बिहार में कुल मतदाताओं की संख्या लगभग 7.43 करोड़ है। इनमें लगभग 3.92 करोड़ पुरुष और करीब 3.50 महिला मतदाता हैं। उन्होंने बताया कि 1,725 थर्ड जेंडर मतदाता हैं।




करीब 7.2 लाख दिव्यांग मतदाता, 4.04 लाख 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक भी वोटर सूची में हैं, जबकि 100 साल के अधिक उम्र की मतदाताओं की संख्या 14 हजार है। फर्स्ट टाइम वोटर लगभग 14 लाख हैं।

## बिहार चुनाव की तारीखों का ऐलान, भाजपा ने किया स्वागत



एजेंसी
**नई दिल्ली।** बिहार चुनाव की तारीखों का ऐलान हो गया है। चुनाव दो चरणों में होगा। पहले चरण का मतदान 6 नवंबर और दूसरे चरण की वोटिंग 11 नवंबर को होगी जबकि नतीजे 14 नवंबर को आएंगे। चुनाव की घोषणा का भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने स्वागत किया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर अपने संदेश में कहा कि भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा आज बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा का स्वागत है। चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव है। यह देश एवं प्रदेश को विकास और सुशासन के पथ पर अग्रसर रखने का प्रमुख माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बिहार में एनडीए सरकार जनकल्याण और सुशासन का पर्याय बनी है। बिहार का यह चुनाव प्रदेश को विकास के रास्ते पर अनवरत ले जाने, घुसपैठिया मुक्त करने और जंगलराज को फिर से आने से रोकने का चुनाव है। उन्होंने विश्वास जताया है कि लोकतंत्र की जननी बिहार की पुण्यधरा की जनता इन विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी एवं एनडीए को अपना आशीर्वाद और प्रचंड मतों से समर्थन प्रदान करेगी।

## 14 नवंबर को बिहार में परिवर्तन की शुरुआत, बिहार को शेर जैसा सीएम चाहिए :तेजस्वी यादव



एजेंसी
**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद नेता प्रतिपक्ष और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने सोमवार को एक भावनात्मक संदेश साझा किया। इस संदेश में उन्होंने 14 नवंबर 2025 को बिहार के सुनहरे भविष्य, परिवर्तन और विकास की शुरुआत की तारीख बताया। उन्होंने इस पोस्ट के जरिए बिहार की जनता से अपील की कि आने वाले विधानसभा चुनाव में पूरा राज्य महागठबंधन की सरकार बनाने के लिए एकजुट होकर काम करे। तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बिहारवासियों को संबोधित करते हुए पोस्ट में लिखा, ÷14 नवंबर 2025, इस तारीख को हम सभी को याद कर लेना है। इतिहास के पन्नों को भविष्य में जब भी पलटा जाएगा तो ये तारीख बिहार के सुनहरे भविष्य, परिवर्तन, विकास और बुलंदी की शुरुआत बनकर हमेशा स्वर्ण अक्षरों में दिखेगी। परिवर्तन का बिगुल बज चुका है, जनता की जीत का शंखनाद हो चुका है। बस अब पूरे मनोयोग, समस्त ऊर्जा का संचय कर प्रत्येक बिहारवासी को जुट जाना है, महागठबंधन की सरकार बनाने के लिए।÷ उन्होंने कहा कि बदलाव को आतुर बिहार 20 साल बाद अब परिवर्तन के लिए वोट करेगा। देश में सबसे अधिक युवाओं की आबादी वाले प्रदेश में अबकी बार युवा बेरोजगारी को खत्म करने के लिए वोट करेंगे। बिहार में एक भी ऐसा घर नहीं बचेगा जिसका युवा बेरोजगार रहेगा। सबको तेजस्वी सरकारी नौकरी देगा। जो काम एनडीए सरकार 17 सालों में नहीं कर पाई वो हमने 17 महीनों में करके दिखाया। 20 सालों में जो काम यह सरकार नहीं कर पाई है अब वो हम 20 महीनों में करके दिखाएंगे।

## छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री साय ने राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति से की मुलाकात

● इस अवसर पर उनसे प्रदेश के रजत जयंती वर्ष के विषय में विस्तारपूर्वक चर्चा हुई।

एजेंसी
**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन से उनके निवास पर मुलाकात की। मुख्यमंत्री साय ने अपनी उक्त मुलाकातों की जानकारी सोशल मीडिया एक्स पर दी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राष्ट्रपति से नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर उनसे प्रदेश के रजत जयंती वर्ष के विषय में विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। उन्हें रजत जयंती वर्ष के विशेष अवसर पर राज्य सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे विकास, जनकल्याण और सांस्कृतिक गौरव से जुड़े कार्यक्रमों की जानकारी दी। राष्ट्रपति को उन्होंने छत्तीसगढ़ आगमन हेतु आमंत्रित भी किया। उन्होंने बताया है कि राष्ट्रपति ने प्रदेशवासियों को छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती वर्षगांठ की शुभकामनाएं देते हुए हमारी सरकार द्वारा राज्य के सर्वांगीण विकास और उत्थान के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और प्रदेश के विकास संबंधी विषयों पर मूल्यवान मार्गदर्शन भी प्रदान किया। इस अवसर पर केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू और मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह भी उपस्थित थे। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने एक अन्य पोस्ट में बताया कि उपराष्ट्रपति को रजत जयंती वर्ष के ऐतिहासिक अवसर पर 5 नवम्बर को नया रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के समापन समारोह में सम्मिलित होने हेतु उन्हें सादर आमंत्रित किया। उपराष्ट्रपति ने छत्तीसगढ़ आगमन की सहमति प्रदान की।मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संपूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए गौरव, सम्मान और अपार हर्ष का क्षण है।



## महर्षि वाल्मीकि जी के आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं: रेखा गुप्ता

कौमी पत्रिका
नई दिल्ली, 6 अक्टूबर। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि महर्षि वाल्मीकि जी ने रामायण के माध्यम से समाज को आदर्शों, मर्यादा और मानवीयता का मार्ग दिखाया। उनका जीवन इस बात का प्रतीक है कि समाज का हर वर्ग बिना किसी भेदभाव के एक साथ आगे बढ़े और प्रत्येक व्यक्ति को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर मिले। महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री ने कल तीन प्रमुख कार्यक्रमों में भागीदारी की और ये भी कहा कि दिल्ली सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना है ताकि कोई भी नागरिक पीछे न रह जाए। उन्होंने कहा कि दिल्ली की प्रगति तभी संभव है जब हर वर्ग का उत्थान समान रूप से होगा। मुख्यमंत्री ने कल दिल्ली सचिवालय, नई दिल्ली नगर पालिका परिषद के कन्वेशन सेंटर व शालीमार बाग हैदरपुर क्षेत्र में महर्षि वाल्मीकि जयंती से जुड़े तीन बड़ने कार्यक्रमों में शिरकत की और लोगों के उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। इन दिल्ली सचिवालय के कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री रविन्द्र इन्द्रराज सिंह, श्री कपिल मिश्रा, कई विधायकगण तथा अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे। एनडीएमसी के कार्यक्रम में परिषद के अध्यक्ष केशव चंद्रा, उपाध्यक्ष कुलजीत चहल तथा अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित थे। जबकि हैदरपुर के कार्यक्रम में स्थानीय लोगों का हुजूम शामिल हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने समाज में समानता, समरसता और न्याय के आदर्शों पर आधारित महर्षि वाल्मीकि जी की शिक्षाओं को नमन किया और कहा कि दिल्ली सरकार हर धर्म और संस्कृति के पर्वों को समान सम्मान और भव्यता के साथ मना रही है। दिल्ली में अब हर धर्म और हर परंपरा को समान सम्मान मिल रहा है और यही सच्चे रामराज्य की परिकल्पना है। इस अवसर पर उन्होंने यह भी घोषणा की कि अब से हर वर्ष महर्षि वाल्मीकि जयंती पर दिल्ली में सार्वजनिक अवकाश रहेगा, ताकि इस पर्व को पूरे हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जा सके। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस वर्ष दिल्ली सरकार ने बहुत ब?ी संख्या में संस्थाओं को सहयोग प्रदान किया है, जिससे यह पर्व ऐतिहासिक भव्यता के साथ मनाया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने एनडीएमसी द्वारा लगभग 4,500 कर्मचारियों को नियमित करने के निर्णय की सराहना की और इसे समानता व सम्मान के सिद्धांतों को मजबूत करने वाला कदम बताया। कैबिनेट मंत्री रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि इस बार दिल्ली में एक विशेष पहल हुई कि पंजाब से भगवान वाल्मीकि जी की ज्योति लाई गई, जो दिल्ली के सभी रामलीलाओं में स्थापित की गई है। यह एकता और समरसता का प्रतीक है, जो भगवान वाल्मीकि जी के विचारों को मूर्त रूप देता है। यही समरसता आज के समाज में सबसे बड़ी प्रेरणा है। कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि हम सब सौभाग्यशाली हैं कि हमें इस सनातनी संस्कृति को समझने और आगे बढ़ाने का अवसर मिल रहा है।




## सुप्रीम कोर्ट में हंगामा : CJI गवई पर जूता फेंकने की कोशिश

### आरोपी वकील बोला– 'सनातन का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान'

एजेंसी
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के एक वकील राकेश किशोर ने सोमवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान सीजेआई बीआर गवई की कोर्ट में हंगामा किया। आरोप है कि वकील ने सीजेआई से दुर्व्यवहार किया। उसने कोर्ट में नारे भी लगाए, जिसके बाद उसे हिरासत में ले लिया गया। पुलिस उसे कोर्ट रूम से बाहर ले गई। दरअसल जब सीजेआई की अध्यक्षता वाली बेंच वकीलों के एक मामलों की सुनवाई के लिए मेंशन सुन रही थी तभी वकील भड़क उठा। बताया जा रहा है कि वकील ने 'सनातन का अपमान नहीं सहेंगे' का नारा भी लगाया। हालांकि, इस दौरान सीजेआई गवई शांत रहे और सुनवाई जारी रखी। जानकारी सामने आई कि हंगामे के बाद सीजेआई ने कोर्ट में मौजूद वकीलों से कहा, 'हम इस तरह की हरकतों से प्रभावित नहीं होते और सुनवाई जारी रहेगी। कोर्ट के काम में कोई बाधा नहीं आनी चाहिए।' हंगामा करने वाले वकील को सुप्रीम कोर्ट परिसर में स्थित डीसीपी कार्यालय में ले जाया गया, जहां पूछताछ की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, इस घटना के बाद मुख्य न्यायाधीश ने सुप्रीम कोर्ट के अधिकारियों, सेक्रेटरी जनरल और सिक्योरिटी इंचार्ज से बात की है। इस बीच, सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड एसोसिएशन ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा की। एसोसिएशन ने कहा, 'एक वकील के कृत्य पर हम सर्वसम्मति से पीड़ा व्यक्त करते हैं, जिसने अपने अनुचित और असंयमित व्यवहार से भारत के मुख्य न्यायाधीश और उनके साथी न्यायाधीशों के पद व अधिकार का अनादर करने का प्रयास किया।'



एसोसिएशन ने एक प्रस्ताव पारित कर कहा कि इस तरह का व्यवहार न सिर्फ बार के सदस्य के लिए अस्वीकार्य है, बल्कि यह बेंच और बार के बीच आपसी सम्मान की नींव को कमजोर करता है। एसोसिएशन ने इसे न्यायपालिका की स्वतंत्रता और जनता के विश्वास पर हमला करार दिया। एसोसिएशन ने सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया कि वह इस घटना का स्वतः संज्ञान ले और अवमानना की कार्यवाही शुरू करे, ताकि यह संदेश जाए कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ संयम की जिम्मेदारी भी जुड़ी है, खासकर बार के सदस्यों के लिए जो कोर्ट के अधिकारी हैं।

### सीजेआई पर हमले की कोशिश न्याय पालिका की गरिमा और विधि के शासन पर सीधा हमला: खरगे

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर एक वकील द्वारा हमले की कोशिश को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अभूतपूर्व, शर्मनाक और घृणित बताते हुए न्याय पालिका की गरिमा और विधि के शासन पर सीधा हमला करार दिया। खरगे ने सोमवार को सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, 'एक ऐसे व्यक्ति को निशाना बनाना, जो संविधान की रक्षा के लिए सामाजिक बंधनों को तोड़कर सर्वोच्च न्यायिक पद तक पहुंचा है, बेहद विचलित करने वाला संदेश देता है। उन्होंने कहा कि यह धमकी और अपमान का प्रयास है, जो हमारी न्याय व्यवस्था की स्वतंत्रता को कमजोर करने की कोशिश है। उन्होंने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि 'न्याय और तर्क की जीत होनी चाहिए, धमकी की नहीं।' कांग्रेस पार्टी ने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में कहा कि यह केवल एक व्यक्ति पर हमला नहीं है बल्कि देश की संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने, ईमानदार आवाज़ों को डराने और न्यायपालिका में जनता के भरोसे को कमज़ोर करने की साजिश का हिस्सा है। भारत में डर नहीं, कानून का शासन होना चाहिए ।

## सोनिया गांधी ने सीजेआई के साथ हुए दुर्व्यवहार की निंदा की

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बीआर गवई के साथ हुए दुर्व्यवहार मामले की कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह संविधान पर भी हमला है। कांग्रेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने वक्तव्य जारी करते हुए कहा कि भारत के मुख्य न्यायाधीश पर सर्वोच्च न्यायालय में हुए हमले की निंदा करने के लिए शब्द पर्याप्त नहीं हैं। यह न सिर्फ उन पर, बल्कि हमारे संविधान पर भी हमला है। उन्होंने कहा कि मुख्य न्यायाधीश गवई बहुत दयालु रहे हैं, लेकिन पूरे देश को गहरी पीड़ा और आक्रोश के साथ उनके साथ एकजुटता से खड़ा होना चाहिए। वहीं, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि सुप्रीम कोर्ट के अंदर मुख्य न्यायाधीश थिरु. बीआर गवई के खिलाफ शर्मनाक कृत्य हमारे लोकतंत्र के सर्वोच्च न्यायिक पद पर हमला है और इसकी कड़ी निंदा की जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि मुख्य न्यायाधीश ने जिस तरह से शालीनता, शांति और उदारता से प्रतिक्रिया दी, वह संस्था की मजबूती को दर्शाता है, लेकिन इससे हमें इस घटना को हल्के में नहीं लेना चाहिए। हमलावर द्वारा अपने कृत्य का जो कारण बताया गया है, उससे पता चलता है कि हमारे समाज में दमनकारी और पदानुक्रमिक मानसिकता अभी भी कितनी गहराई तक व्याप्त है। हमें एक ऐसी संस्कृति का पोषण करना चाहिए जो हमारी संस्थाओं का सम्मान और सुरक्षा करे और हमारे आचरण में परिपक्वता प्रदर्शित करे।

## आआपा ने बिहार चुनाव के लिए 11 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए 11 उम्मीदवारों की पहली सूची सोमवार को जारी की। आआपा की बिहार प्रदेश इकाई ने आज एक्स पोस्ट में यह जानकारी दी। आआपा के मुताबिक, बेगूसराय विधानसभा क्षेत्र से डॉ. मीरा सिंह, कुशेश्वर (दरभंगा) से योगी चौपाल, तरैया (सारण) से अमित कुमार सिंह, कस्बा (पूर्णिया) से भानु भारतीय, बेनीपट्टी (मधुबनी) से शुभदा यादव, फुलवारी (पटना) से अरुण कुमार रजक, बांकीपुर (पटना) से डॉ. पंकज कुमार, किशनगंज (किशनगंज) से अशरफ आलम, परिहार (सीतामढ़ी) से अखिलेश नारायण ठाकुर, गोविंदगंज (मोतिहारी) से अशोक कुमार सिंह और बक्सर (बक्सर) से पूर्व कैप्टन धर्मराज सिंह को उम्मीदवार बनाया गया है।

AAP

## एसएमएस के ट्रोमा सेंटर में आग की घटना - एसएमएस अधीक्षक डॉ. भाटी एवं ट्रोमा सेंटर के अधीक्षक डॉ. धाकड़ को पद से हटाया

### ● अधिशाषी अभियंता निलंबित, फायर सेफ्टी का काम देख रही एजेंसी के खिलाफ एफआईआर के निर्देश

एजेंसी
**जयपुर।** सवाई मानसिंह अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में आग की घटना के मामले में राज्य सरकार ने तत्काल प्रभाव से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ. सुशील भाटी, ट्रोमा सेंटर के अधीक्षक डॉ. अनुराग धाकड को पद से हटा दिया है एवं एसएमएस में पदस्थापित अधिशाषी अभियंता मुकेश सिंघल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही, फायर सेफ्टी के ?लिए नियोजित एजेंसी एसके इलेक्ट्रिक कम्पनी की निविदा निरस्त करते हुए उनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि ट्रोमा सेंटर में आग की घटना के बाद मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने रात को 3 बजे ही अस्पताल पहुंचकर घटना का जायजा लिया था और प्रकरण में सख्त कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद राज्य सरकार ने संबंधित अधिकारियों को पद से हटाने सहित निलंबन की यह कार्रवाई की है। राज्य सरकार ने सवाई मानसिंह अस्पताल में अधीक्षक का कार्यभार डॉ. मृणाल जोशी को एवं ट्रोमा सेंटर के अधीक्षक का कार्यभार डॉ. बीएल यादव को दिया है। इससे पहले चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने सोमवार को सवाई मानसिंह अस्पताल के ट्रोमा सेंटर पहुंचकर वहां लगी आग की घटना का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि यह हादसा बेहद दुःखुद है। उन्होंने हादसे के 6 मृतकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की और परिजनों को यह आघात सहन करने की शक्ति देने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। चिकित्सा मंत्री ने घटना स्थल पर जाकर वस्तु स्थिति का जायजा लिया और मामले की जांच के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति के सदस्यों को सभी बिंदुओं पर गहन जांच कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को क्षतिग्रस्त आईसीयू को जल्द से जल्द दुरूस्त करवाने और तब तक मरीजों को वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



## पप्पू यादव का आरोप, भाजपा की तारीख पर आयोग करा रहा चुनाव

**नई दिल्ली।** चुनाव तारीख आने के बाद राजनीतिक बयानबाजी भी तेज हो गई। पूर्णियां से निर्दलीय सांसद और कांग्रेस नेता पप्पू यादव ने चुनाव आयोग और भाजपा में सांठगांठ का आरोप लगाया और दावा किया कि भाजपा की तारीख पर चुनाव हो रहा है। पूर्णियां सांसद पप्पू यादव ने चुनाव आयोग और भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, 'आयोग अपने मन से कुछ नहीं करती है। उनकी पूरी प्रक्रिया बीजेपी द्वारा होती है। जब भाजपा पूरी प्रक्रिया अपना लेती है, उसके बाद आयोग किसी मोर्चा या संगठन के तहत उनसे पूछती है कि चुनाव कब कराना है, फिर इसकी तारीख का ऐलान होता है।

## मॉब लिंचिंग में मारे गए दलित युवक के परिजनों से राहुल गांधी ने की बात

रायबरेली (एजेंसी)। उत्तरप्रदेश के रायबरेली जिले में मॉब लिंचिंग में मारे गए दलित युवक के परिजनों से कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार देर रात फोन पर बात की। युवक के भाई ने बताया कि राहुल ने उनसे कहा कि परेशान मत होइए, कांग्रेस परिवार आपके साथ है। उन्होंने मेरे पिता से उनकी तबीयत के बारे में भी पूछा। इधर, अजय राय ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि यूपी में जंगलराज की सरकार है। जो लोग खुलेआम गुंडागर्दी कर रहे हैं और लोगों को मार रहे हैं, वे किसी भी तरह बख्शे नहीं जाएंगे। वहीं, पत्नी पिंकी ने कहा कि जैसे मेरे पति की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या की गई, वैसे ही हत्यारों को भी सजा मिलनी चाहिए। मुझे इंसाफ चाहिए। वहीं, बहन ने कहा कि भाई की हत्या साजिश के तहत की गई है। हरिओम पासवान की 3 अक्टूबर को हत्या हुई थी। पहले कहा गया था कि युवक ड्रोन चोर था। उसी दिन युवक को पीटने और उसकी लाश के वीडियो भी सामने आए थे। इसके बाद 4 अक्टूबर को एक और वीडियो सामने आया, जिसमें मार खाते हुए युवक राहुल गांधी का नाम लेता है। इस पर भीड़ में से एक शख्स कहता है, यहां सब 'बाबा' वाले हैं। इसके बाद युवक को बेरहमी से पीटा गया। पुलिस ने मामले में अब तक 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। जबकि लापरवाही बरतने पर ऊंचाहार कोतवाल संजय कुमार सहित 6 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया गया है।

## निलंबित पुलिस वाहन चालक मंसूर के मामले में एक्शन, आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज

कोडरमा (एजेंसी)। झारखंड के कोडरमा जिले के चंदवारा स्थित पुलिस लाइन के निलंबित पुलिस वाहन चालक मंसूर आलम की आत्महत्या मामले ने पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। घटना में जिले के जयनगर थाना प्रभारी बबलू सिंह, डोमचांच थाना प्रभारी ओमप्रकाश यादव, पिकेट प्रभारी रमेश मरांडी और एएसआई अरविंद हांसदा के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में कांड संख्या 76/25 दर्ज की गई है। मंसूर बीते तीन माह से निलंबित था। मंसूर पर आरोप है कि ड्यूटी के दौरान लापरवाही और शराब सेवन के कारण सस्पेंड किया था। आत्महत्या से पूर्व मंसूर वीडियो जारी कर आरोपित पुलिस अधिकारियों पर झूठा फंसाने और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का गंभीर आरोप लगाया था। वीडियो वायरल होते ही पुलिस मेंस एसोसिएशन और अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने घटना को साजिश करार देकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। इधर, मंसूर की पत्नी ने भी निलंबन के बाद वेतन रोकने से उत्पन्न आर्थिक तंगी और मानसिक तनाव को आत्महत्या का प्रमुख कारण बताया था। उन्होंने थाने में दिए बयान में संबंधित अधिकारियों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया था। ज्ञात हो कि मंसूर आलम ने गत मंगलवार (30 सितंबर) को सल्फास खाकर जान देने का प्रयास किया था। इलाज के दौरान बुधवार (1अक्टूबर)को रिम्स, रांची में उसकी मौत हो गई थी।

## जेएसएल रियल्टी मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट ने पुलिस के आचरण पर गंभीर सवाल उठाए

मुंबई (एजेंसी)। जेएसएल रियल्टी से संबंधित कथित धोखाधड़ी और सत्ता के दुरुपयोग से जुड़े मामले के बारे में बॉम्बे हाईकोर्ट ने पुलिस के आचरण पर गंभीर सवाल उठाए हैं। बॉम्बे हाईकोर्ट की फटकार के बाद जाँच आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) से लेकर मुंबई अपराध शाखा को सौंप दी गई है। यह आदेश महाराष्ट्र पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) द्वारा जारी किया गया था। मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम ए.अंखड की पीठ ने एक जाँच अधिकारी को सत्ता के कथित दुरुपयोग के लिए फटकार लगाई। यह पाया गया कि जिस अधिकारी को पहले एक गलत गिरफ्तारी के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा था, वह अभी भी इस मामले को देख रहा था। अदालत ने आईआईएफएल द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, और उसने आरोपी ममता सिंह को अंतरिम राहत दी थी, जिन्हें ईओडब्ल्यू ने 10 सितंबर को गिरफ्तार किया था। पीठ ने सिंह की गिरफ्तारी से जुड़ी कई विसंगतियों को उजागर किया। उनका बयान 18 जून को दर्ज किया गया था, लेकिन उन्हें लगभग तीन महीने बाद बिना किसी स्पष्ट कारण के गिरफ्तार किया गया। अदालत ने सवाल किया कि सिंह के दिव्यांग बच्चे के जन्मदिन की पार्टी के दौरान उन्हें क्यों गिरफ्तार किया गया और उन्हें अन्य आरोपियों के विपरीत आगे नोटिस क्यों नहीं दिए गए। पीठ ने कहा कि गिरफ्तारी में देरी के कारणों को न बता पाना जाँच के आचरण पर गंभीर सवाल उठाता है। अधिकारी की कार्रवाई पक्षपातपूर्ण और पारदर्शिता रहित प्रतीत होती है, जिसमें याचिकाकर्ता के परिसर में की गई तलाशी का कोई रिकॉर्ड नहीं है। अदालत ने ज़ोर दिया कि गिरफ्तारी का अधिकार निरंकुश नहीं है।

## मणिपुर में प्रतिबंधित संगठन के अलग-अलग अभियानों में तीन उग्रवादी गिरफ्तार

बिष्णुपुर (एजेंसी)। मणिपुर में अलग-अलग अभियानों में तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिबंधित संगठन पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के एक कैडर को बिष्णुपुर जिले के केरेनफाबी मानिंग लेइकाई इलाके से गिरफ्तार किया है। खुमुकचाम बीरेन मेइती (40) पर दुकानदारों, स्कूलों और कॉलेजों से जबरन वसूली करने का आरोप है। वहीं प्रतिबंधित संगठन के एक और स्वयंभू लेफ्टिनेंट को शनिवार को जिले के निंगथौखोंग इलाके से गिरफ्तार किया गया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक खानगेमबाम मंगलेम्बा सिंह (46) सुरक्षाकर्मियों की आवाजाही पर नजर रखता था और अपने संगठन के सदस्यों को सूचना पहुंचाता था। पीएलए मुख्य रूप से पड़ोसी देश म्यांमार स्थित अपने शिविरों से सक्रिय है। यह संगठन 19 सितंबर को नाम्बोल सबल लेइकाई में असम राइफल्स के काफिले पर घात लगाकर किए गए हमले में भी शामिल था, जिसमें दो जवान मारे गए थे। इस बीच, प्रतिबंधित संगठन कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीडब्ल्यूजी) के एक सदस्य को रविवार को इंफाल वेस्ट जिले के नाओरेमथोंग से गिरफ्तार किया गया है।

# ठाकरे बंधुओं की मुलाकात: अब निकाले जा रहे मायने, सियासी हलचल तेज



मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर हलचल शुरु हो गई है। यहां हाल ही में हुई शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के चीफ राज ठाकरे की ताजा मुलाकात के बाद दोनों के बीच गठबंधन की अटकलें तेज हो गईं हैं। हालांकि, इसे लेकर किसी भी पार्टी की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। ये मुलाकातें ऐसे समय पर हो रही हैं, जब मुंबई में बीएमसी चुनाव की तैयारियां जोरों पर हैं। रविवार को बांद्रा पूर्व स्थित मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन में राज्यसभा सांसद संजय राउत के पोते का नामकरण समारोह था। इस मौके पर राज और उद्धव दोनों ही पहुंचे थे। खास बात है कि यहां पर मुलाकात के बाद राज मातोश्री भी गए। खबर है कि दोनों नेता वहां करीब 40 मिनट तक रहे। फिलहाल, यह साफ नहीं है कि दोनों के बीच किस मुद्दे पर बात हुई।

वहीं भाजपा नेताओं ने रविवार को हुई दोनों नेताओं की मुलाकात को लेकर कहा कि इसका बीएमसी चुनाव के नतीजों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। भाजपा के वरिष्ठ विधायक और पूर्व मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने कहा, भगवान ने उद्धव और राज को एक ही परिवार में भेजा है, लेकिन वे अब भी साथ नहीं रहते। उद्धव द्वारा इस बात पर जोर देने का कोई मतलब नहीं है कि वह और राज एक ही रहेंगे। उन्होंने (उद्धव-राज) दिवंगत बालासाहेब ठाकरे की साथ रहने की इच्छा को भी नहीं माना था। भाजपा के विधान परिषद सदस्य प्रवीण दरेकर ने कहा कि उनकी पार्टी को इन चचेरे भाइयों के एक साथ आने से ''कोई फर्क नहीं पड़ता है। यह पूछे जाने पर कि क्या दोनों के बीच गठबंधन सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए खतरा बन सकता है, दरेकर ने कहा, मुझे नहीं लगता कि इन दावों में कोई सच्चाई है कि सत्तारूढ़ (गठबंधन के) दल इस बात से डरे हुए हैं कि राज और उद्धव गठबंधन कर सकते हैं। यह पूरी तरह से काल्पनिक है। मतदाता चुनाव के दौरान फैसला करेंगे। उन्होंने कहा कि मनसे-शिवसेना (यूबीटी) गठबंधन बीएमसी चुनाव के नतीजों को प्रभावित नहीं करेगा।

इससे पहले 5 जुलाई को हुए एक कार्यक्रम में राज और उद्धव साथ शामिल हुए थे। 27 जुलाई को मनसे प्रमुख मातोश्री पहुंचे थे और उद्धव को 65वें जन्मदिन की बधाई दी थी। इसके बाद शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख अगस्त में गणेश चतुर्थी के मौके पर राज के घर पहुंचे थे।खबर है कि गठबंधन में शुरुआत में मनसे कथित तौर पर 100 सीटों की मांग कर रही थी, लेकिन अब 60 से 70 पर सहमति जता रही है। साल 2012 में मनसे ने 28 सीटें और 2017 में 7 सीटें जीती थीं। बता दें कि साल 2005 में राज ने तब अविभाजित शिवसेना से अलग होकर मनसे का गठन किया था। तब से ही दोनों नेता अलग हैं, लेकिन हाल ही में हुईं कई बैठकों ने गठबंधन की अटकलों को हवा दे दी है। वहीं, दोनों नेता भी अप्रत्यक्ष रूप से इसका समर्थन करते नजर आ रहे हैं। एक ओर जहां उद्धव ने सार्वजनिक रूप से गठबंधन की बात का स्वागत किया था। वहीं, राज ने हाल ही में कहा था कि मराठी माणूस के लिए एकजुट होना मुश्किल काम नहीं है।

## परमिशन रद्द होने पर बोले धीरेंद्र शास्त्री- दीदी जब तक रहेंगी पश्चिम बंगाल में नहीं करेंगे कथा

खजुराहो (एजेंसी)। कथा वाचक और बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र शास्त्री ने कहा है कि वे ममता बनर्जी के सीएम रहते पश्चिम बंगाल में कथा नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि अभी हमको पश्चिम बंगाल जाना था, तो दीदी ने साफ मना कर दिया। परमिशन ही नहीं दी। दीदी जब तक हैं, तब तक बंगाल नहीं जाएंगे, दादा जब आएंगे तो जाएंगे। दरअसल, कोलकाता में 10, 11 और 12 अक्टूबर को धीरेंद्र शास्त्री की कथा होनी थी। बारिश की वजह से इसकी परमिशन रद्द कर दी गई। किसी और जगह पर कथा के लिए भी अनुमति नहीं दी गई, जिसके चलते शास्त्री ने अब इसे स्थगित कर दिया है। शास्त्री ने रविवार को रायपुर में कहा कि हमको पश्चिम बंगाल जाना था, तो दीदी ने हमें साफ मना कर दिया। समझ गए हम किसकी बात कर रहे हैं, नाम नहीं लेना



चाहते हैं..., परमिशन भी कैंसिल कर दी गई और दूसरी जगह की परमिशन नहीं दी। जहां की परमिशन थी, वहां पानी भर गया था। फिर किसी ने कहा कि अब क्या कहोगे तो हमने कहा थैंक्यू बोल देना। इसका मतलब ये थोड़ी है कि हम अपना कार्य छोड़ देंगे। दीदी जब तक हैं, तब तक हम पश्चिम बंगाल नहीं जाएंगे। दादा जब आएंगे तो जाएंगे, लेकिन भगवान करे कि दीदी बनी रहे। हमें उनसे कोई दिक्कत नहीं, लेकिन बुद्धि ठीक रखें, धर्म के खिलाफ न जाएं। हम किसी राजनीति के पक्ष में नहीं हैं, न ही विरोध में हैं। हम सनातन के पक्ष में है। शास्त्री ने कहा कि घंटी बजाना, पूजा करना और तिलक लगाना ही धर्म नहीं है, बल्कि अधर्म के खिलाफ आवाज उठाना भी धर्म है। उन्होंने यह भी कहा कि उनके पीछे पूरे भारत के विधर्मी लगे हुए हैं, लेकिन उनका प्रण है कि जब तक तन में प्राण रहेंगे, वे हिंदुत्व के लिए ही जीएंगे।

## पिछड़ा वर्ग के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण के रास्ते में क्या आ रहा कोट... कांग्रेस नेता का बयान



हैदराबाद (एजेंसी)। तेलंगाना के स्थानीय निकाय चुनावों में पिछड़ा वर्ग के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई होनी है। इस बीच, कांग्रेस नेता वी.हनुमंता राव ने ओबीसी आरक्षण को लेकर सोमवार को बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार ने पहले आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण दिया था, जिसका उन्होंने कभी विरोध नहीं किया। कांग्रेस नेता राव ने सवाल उठाया कि अब पिछड़ा वर्ग आरक्षण के मामले में बाधा क्यों डाली जा रही है। उन्होंने कहा, आखिर कोर्ट इस रास्ते में क्यों आ रहे हैं?

कांग्रेस नेता ने कहा कि राहुल गांधी 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा को हटाने की वकालत कर रहे हैं। उन्होंने न्यायपालिका से अपील कर कहा, मैं अदालत से अनुरोध करता हूं कि हमारे रास्ते में न आएं। यह बयान स्थानीय निकायों में आरक्षण की नीति पर चल रही बहस को और हवा दे सकता है। तेलंगाना में विभिन्न राजनीतिक दलों और 60 से अधिक पिछड़ा वर्ग संघों के नेताओं ने बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में पिछड़ा वर्ग के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए बिना किसी समझौते के संघर्ष करने का संकल्प लिया।

हैदराबाद में गोलमेज बैठक में पूर्व राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, मंत्री वक्ति श्रीहरि, श्रीनिवास गौड़, गंगुला कमलाकर, वी हनुमंत राव, पुट्टा मधु और आनंद भास्कर सहित वरिष्ठ नेताओं, सांसदों व विधान पार्षदों ने हिस्सा लिया। इन लोगों ने सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट में चल रही कानूनी लड़ाई पर चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता कर रहे राज्यसभा सांसद आर. कृष्णैया ने कहा कि पिछड़ा वर्ग आरक्षण की रक्षा के लिए जानेमाने वकीलों की नियुक्ति की जाएगी।

# अब तीन दिन देरी से विदा होगा मानसून, अभी करेगा और झमाझम बारिश

नई दिल्ली (एजेंसी)। पिछले छह सालों की तरह इस बार भी मुंबई से मानसून की विदाई में दो से तीन दिन तक की देरी हो सकती है। मुंबई में मानसून की वापसी की तारीख 8 अक्टूबर, लेकिन मौसम विभाग ने बताया कि साइक्लोन शक्ति की वजह से इस साल मानसून की वापसी 8 से 11 तारीख के बीच होगी। इसका मतलब है कि अभी और झमाझम बारिश होगी। मुंबई में मानसून हटने तक हल्की से मध्यम बारिश जारी रह सकती है। सोमवार को मुंबई, ठाणे, रायगढ़ और पालघर के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना है।



आईएमडी ने पालघर और ठाणे के लिए मंगलवार को 'येलो अलर्ट' जारी किया है, जिसमें बिजली चमक, हल्की-मध्यम बारिश और तेज हवाओं की चेतावनी है। चक्रवात शक्ति ने राज्य में मानसून की वापसी के दौरान तूफानी गतिविधियों को कमजोर कर दिया है। इसके अलावा, एक मजबूत पश्चिमी विक्षोभ दक्षिण की ओर आ रहा है, जो शुष्क उत्तरी हवाओं को ला रहा है। इससे संवहनीय गतिविधियां कम हो सकती हैं। शक्ति से राज्य के तटीय इलाकों पर कोई खतरा नहीं है। मौसम विभाग ने बताया कि चक्रवात शक्ति और मजबूत पश्चिमी विक्षोभ के कारण मानसून के विदाई में देरी हो रही है। 2018 के बाद से मुंबई में मानसून की सामान्य तारीख पर विदाई नहीं हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने रविवार को बताया कि चक्रवात शक्ति, जो पहले बंगाल की खाड़ी से शुरू हुआ और अरब सागर में रौद्र रूप लिया, ने राज्य में मानसून की वापसी की प्रक्रिया को बाधित कर दिया है। मुंबई के मौसम ट्रैकर रुशिकेश अग्रे ने कहा, 'बंगाल की खाड़ी में दबाव प्रणाली ने विदाई को टाला था, लेकिन अब यह सक्रिय हो गई है। मानसून की पूरी तरह से विदाई में एक सप्ताह लग सकता है। तब तक मुंबई में हल्की बारिश होती रहेगी।' इस साल मुंबई में मानसून की शुरुआत सबसे जल्दी 26 मई को हुई थी। इस देरी किसानों और शहरवासियों के लिए चुनौती पैदा कर रही है। मुंबई में लगातार वर्षा से जलभराव की समस्या बढ़ सकती है, जबकि ग्रामीण इलाकों में फसलें प्रभावित होंगी। विशेषज्ञों का कहना है कि चक्रवात शक्ति का कमजोर पड़ना और पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव मिलकर मानसून को लंबा खींच रहा है।

## दिल्ली-एनसीआर में येलो अलर्ट, बारिश और तेज हवाओं के साथ मौसम बदलेगा

नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में सोमवार को मौसम फिर से बदलने वाला है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद और गुरुग्राम के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इसके तहत हल्की से मध्यम बारिश, गरज के साथ छींटे पड़ने और तेज हवाओं की संभावना जताई गई है। आईएमडी के अनुसार, 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी और दिनभर रुक-रुक कर बारिश होती रहेगी। इस बदलाव के कारण अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस के करीब रहने की उम्मीद है, जबकि न्यूनतम तापमान लगभग 24 डिग्री सेल्सियस रहेगा। पिछले कुछ दिनों की तुलना में यह तापमान थोड़ा कम रहेगा, जिससे ठंडक महसूस होगी। मौसम के इस बदलाव का मुख्य कारण एक मजबूत पश्चिमी विक्षोभ है, जो उत्तर-पश्चिम भारत के कई हिस्सों को प्रभावित कर रहा है। इस प्रणाली के प्रभाव से अगले 48 घंटों तक बादल छाए रहेंगे और तेज ठंडी हवाएं चलेंगी। आईएमडी ने राष्ट्रीय राजधानी और गुरुग्राम के लिए ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है, जो मध्यम से गंभीर जोखिम को दर्शाता है, जबकि नोएडा और गाजियाबाद के लिए येलो अलर्ट जारी है। अधिकारियों ने लोगों से बारिश और तेज हवाओं के दौरान सतर्क रहने का आग्रह किया है। उन्होंने खुले स्थानों पर जाने से बचने, गरज-चमक के समय सुरक्षित स्थानों पर रहने और ढीली वस्तुओं को मजबूती से बांधने की सलाह दी है, ताकि तेज हवा के कारण नुकसान न हो। सोमवार तड़के दिल्ली और आसपास के इलाकों में भारी बारिश भी हुई। मौसम के इस बदलाव से तापमान में गिरावट आएगी और वातावरण ठंडा और ताजा हो जाएगा। मौसम विभाग का कहना है कि यह स्थिति अगले दो दिन तक बनी रहेगी, इसलिए लोगों को सतर्क रहना आवश्यक है।

# बारिश और भूस्खलन में मरने वालों की संख्या हुई 28, मलबे में बह गए कई घर



दार्जिलिंग (एजेंसी)। इस साल भारी बारिश और भूस्खलन के चलते पहाड़ी इलाकों में सैकड़ों लोगों की मौत हुई है। बीते रोज दार्जिलिंग में हुई भारी बारिश और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या 28 हो गई है। यहां बारिश से बाढ़ आ गई और मलबे के तेज बहाव में कई घर बह गए। सड़कों पर जमा हुए मलबे के कारण आवागमन पूरी तरह बंद हो गया। हालांकि कहीं-कहीं जेसीबी से रास्ते साफ कर दिए गए जिससे यातायात बहाल हो गया है। इसके अलावा सड़के बह जाने के कारण कई गांवों का संपर्क खत्म हो गया है जिसके कारण सैकड़ों पर्यटकों फंस गए हैं।

राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी आज आपदा क्षेत्र का दौरा करेंगी। रविवार को उन्होंने अधिकारियों के साथ इमरजेंसी बैठक की। बैठक के बाद उन्होंने कहा, 'शनिवार रात उत्तर बंगाल में अचानक 12 घंटों में 300 मिलीमीटर से ज्यादा बारिश हुई। संकोश नदी में पानी का अत्यधिक प्रवाह हुआ और भूटान व सिक्किम से भी नदी का पानी बह निकला। इससे यह आपदा आई। हमें यह जानकर सदमा और दुख हुआ है कि हमने अपने कुछ भाई-बहनों को खो दिया हैज्मैं मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूं और उन्हें तुरंत सभी सहायताएं भेजूंगी। राज्य सरकार युद्ध स्तर पर बचाव कार्य कर रही है ताकि फंसे हुए लोगों को सुरक्षित निकाला जा सके। राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी आज (सोमवार) उत्तरी बंगाल का दौरा करेंगी। वह नुकसान का आकलन करते हुए राहत कार्य का निरीक्षण करेंगी और प्रभावितों से मिलेंगी। भूटान के ताला हाइड्रोपावर बांध तकनीकी खराबी के कारण ओवरफ्लो हो रहा है। अधिकारियों ने हाई अलर्ट जारी कर दिया है। भूटान के राष्ट्रीय जल विज्ञान एवं मौसम विज्ञान केंद्र (एनसीएचएम) ने बताया कि ड्रुक ग्रीन पावर कॉर्पोरेशन ने बांध के गेटों में खराबी की सूचना दी है, जिसके कारण वे नहीं खुल पाए, जिससे नदी का पानी बांध की संरचना के ऊपर फैल गया। भूटान ने आधिकारिक तौर पर पश्चिम बंगाल सरकार को संभावित निचले स्तर के प्रभाव के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी है।

### पीएम मोदी ने दुख व्यक्त किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर इस आपदा पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने लिखा कि स्थिति पर बारीकी से नजर रखी जा रही है और केंद्र सरकार प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है। फिलहाल बचाव और राहत दल मलबे में दबे और फंसे हुए लोगों को निकालने की कोशिश कर रहे हैं। मृतकों की संख्या और बढ़ने की आशंका है।

# नेपाल में सामान्य हुए हालात... दिल्ली-काठमांडू अंतरराष्ट्रीय बस सेवा फिर से शुरू

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के पड़ोशी देश नेपाल में हालात सामान्य होने के बाद दिल्ली-काठमांडू अंतरराष्ट्रीय बस सेवा फिर से शुरू हो गई है। ये बस सेवा यात्रियों के लिए बड़ी राहत है, क्योंकि इससे धार्मिक, पर्यटन व व्यावसायिक यात्राएं फिर सुगम हो सकेंगी।




यह सेवा दिल्ली ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (डीटीसी) द्वारा चलाई जा रही है। नेपाल में हिंसा के बाद यह सेवा रोक दी गई थी। अब बस सेवा को फिर से शुरू किया गया है, जिससे भारत व नेपाल के बीच लोगों से लोगों के संपर्क को और मजबूत किया जा सके।

बस नई दिल्ली के डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम बस टर्मिनल (दिल्ली गेट) से सुबह 10:00 बजे प्रस्थान कर काठमांडू के स्वयंभू बस टर्मिनल पर अगले दिन सुबह 9:00 बजे पहुंचती है। रास्ते में बस की निर्धारित हॉल्ट फिरोजाबाद, अयोध्या (उत्तर प्रदेश), सनौली (भारत-नेपाल सीमा), मुग्लिंग (नेपाल) पर होती हैं।

बस में एयर-कंडीशनल लग्जरी कोच है, जिसमें 2×2 आरामदायक सीटें, पर्याप्त लेगरूम, वाई-फाई व जीपीएस ट्रैकिंग जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। भारतीय व नेपाली नागरिकों को यात्रा के लिए केवल सरकारी फोटो पहचान पत्र (जैसे पासपोर्ट या वोटर आईडी) की आवश्यकता होगी। लेकिन अन्य देशों के नागरिकों को वैध पासपोर्ट व वीजा अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना पड़ता है। इसके साथ ही यात्रियों को निर्धारित प्रस्थान समय से कम से कम एक घंटा पहले टर्मिनल पर रिपोर्ट करना अनिवार्य है। डॉ. अंबेडकर स्टेडियम बस टर्मिनल, दिल्ली गेट है। 5 वर्ष या उससे अधिक उम्र के यात्रियों का किराया 2800 रुपए प्रति व्यक्ति है। 2 वर्ष तक के बच्चे निःशुल्क है। उनके लिए सीट आरक्षित नहीं होती है। यात्रा तिथि से 60 दिन पहले तक टिकट बुक करने की सुविधा दी जाती है।

# एनसीआरबी के चौंकाने वाले आंकड़े, महाराष्ट्र देश में सबसे ज्यादा आत्महत्या वाला राज्य

मुंबई (एजेंसी)। देश में किसानों द्वारा आत्महत्या करने की संख्या कम होती नहीं दिख रही है। किसानों द्वारा आत्महत्या के मामले में महाराष्ट्र देश में पहले स्थान पर है। अक्सर देखा जाता है कि बाजार में अपने कृषि उत्पादों के दाम न मिलने, कर्ज के बोझ, बच्चों की शिक्षा, शादी जैसी परेशानियों के कारण किसान आत्महत्या का रास्ता चुन रहे हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की आकस्मिक मृत्यु और आत्महत्या रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में देश भर में कृषि क्षेत्र से जुड़े 10786 लोगों ने आत्महत्या की। इसमें 4690 किसान और 6096 खेतिहर मजदूर शामिल थे। यह आंकड़ा देश के कुल 171418 आत्महत्या पीड़ितों का 6.3 प्रतिशत है। आंकड़ों के अनुसार 2023 में महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 6669 किसानों ने आत्महत्या की, जबकि 4151 किसानों और 2518 खेतिहर मजदूरों ने आत्महत्या की। एनसीआरबी की रिपोर्ट बताती है कि 2023 में देश में महाराष्ट्र में आत्महत्या की दर सबसे ज्यादा थी तमिलनाडु में 19,483 (11.4 प्रतिशत) मामले दर्ज किए गए हैं। मध्य प्रदेश में 15,662 (9.1 प्रतिशत) मामले दर्ज किए गए हैं। कर्नाटक में 13,330 (7.8 प्रतिशत) और पश्चिम बंगाल में 12,819 (7.5 प्रतिशत) आत्महत्याएँ दर्ज की गई हैं। इस बीच, एनसीआरबी की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, देश में कुल आत्महत्याओं में से 49 प्रतिशत पाँच राज्यों- महाराष्ट्र, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल में हुई हैं। शेष 51 प्रतिशत आत्महत्याएँ 23 राज्यों और आठ केंद्र शासित प्रदेशों में हुई हैं। देश का सबसे अधिक आबादी वाला राज्य (देश की 17 प्रतिशत आबादी के साथ) उत्तर प्रदेश में आत्महत्या की दर अपेक्षाकृत कम है, जो देश में दर्ज कुल मामलों का केवल 5.3 प्रतिशत है।

### आत्महत्या के प्रमुख कारण

पारिवारिक समस्याएँ और बीमारी आत्महत्या के प्रमुख कारण थे, जो 2023 में कुल आत्महत्याओं का क्रमशः 31.9 प्रतिशत और 19.0 प्रतिशत था। आत्महत्या के अन्य कारण थे नशीली दवाओं/शराब का दुरुपयोग (7 प्रतिशत), वैवाहिक समस्याएं (5.3 प्रतिशत), प्रेम संबंध (4.7 प्रतिशत), दिवालियापन या कर्ज (3.8 प्रतिशत), बेरोजगारी (1.8 प्रतिशत), परीक्षा में असफलता (1.4 प्रतिशत), किसी प्रियजन की मृत्यु (1.3 प्रतिशत), पेशेवर/कैरियर संबंधी समस्याएं (1.1 प्रतिशत) और संपत्ति विवाद (1 प्रतिशत)।



## कोचिंग सेंटर में भीषण विस्फोट

फर्रुखाबाद। फर्रुखाबाद जिले के कादरी गेट थाना क्षेत्र में सातनपुर मंडी के पास संचालित एक कोचिंग सेंटर में शनिवार को भीषण विस्फोट हो गया। इस हादसे में कोचिंग सेंटर में पढ़ रहे करीब 10 बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से दो की मौत हो गई है। विस्फोट इतना तीव्र था कि एक किलोमीटर दूर तक कई मकान हिल गए। हादसे में कोचिंग सेंटर के अंदर का पूरा स्ट्रक्चर ध्वस्त हो गया। बाहर की स्लैब और पक्की दीवारें 50 मीटर दूर जा गिरीं, जबकि बाहर लगी लोहे की जाली डेढ़ सौ मीटर दूर पानी के गड्ढे में जा गिरी। यह विस्फोट कितना भयानक था, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कुछ छात्रों के शरीर के मांस के लोथड़े घटना स्थल पर ही पड़े मिले। वहीं, छात्रों की खड़ी मोटरसाइकिल, स्कूटी और साइकिल जैसे अन्य वाहन भी 50 मीटर दूर तक जा गिरे। सूचना मिलते ही मौके पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां, फतेहगढ़ और कादरी गेट थाना पुलिस पहुंच गई।

## एअर इंडिया एक्सप्रेस की दिल्ली एयरपोर्ट पर टर्मिनल बदलने की तैयारी

दिल्ली। एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस ने दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट में अपने घरेलू उड़ानों के टर्मिनल बदलने की योजना बनाई है। 26 अक्टूबर से एअर इंडिया 60 दैनिक घरेलू उड़ानों को टर्मिनल-2 (टी-2) में शिफ्ट करेगी, जबकि एअर इंडिया एक्सप्रेस अपनी सभी घरेलू उड़ानों को टर्मिनल-1 (टी-1) में ले जाएगी। यह बदलाव इसलिए किया गया है क्योंकि टर्मिनल-3 (टी-3) में अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए जगह बढ़ाने का काम चल रहा है। टी-3 की क्षमता में कमी के कारण कुछ घरेलू उड़ानों को टी-2 और टी-1 में स्थानांतरित करना जरूरी हो गया है। दिल्ली एयरपोर्ट में तीन टर्मिनल हैं ञ्च टी1, टी2 और टी3। टी2 का नवीनीकरण कार्य पूरा हो चुका है और यह 26 अक्टूबर से फिर से खुल जाएगा।

# कई ट्रेनों के समय में बदलाव, त्योहारों के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने उठाया कदम

कौमी पत्रिका

दिल्ली। उत्तर रेलवे ने आगामी त्योहारों में यात्रियों की बढ़ती भीड़ और सुविधा को ध्यान में रखते अहम कदम उठाए हैं। इसके तहत कई ट्रेनों के समय में बदलाव, मार्ग विस्तार और ठहराव बढ़ाए गए हैं ताकि यात्रियों को कोई असुविधा न हो। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा और परिचालन कारणों से कई ट्रेनों के समय में बदलाव किया है। यह बदलाव आगामी छह और सात अक्तूबर 2025 से लागू होंगे। संशोधित समय सारिणी के अनुसार, दिल्ली-रेवाड़ी पैसेंजर (54417) अब छह अक्तूबर से दिल्ली से पूर्व निर्धारित समय शाम 4:10 बजे चलेगी और रेवाड़ी जंक्शन पर 6:45 बजे पहुंचेगी, जबकि पहले यह 6:40 बजे पहुंचती थी। इसी तरह, बाड़मेर-दिल्ली सराय रोहिल्ला मालाणी सुपरफास्ट एक्सप्रेस (20487) का गुड़गांव में आगमन सुबह 11:33 बजे और प्रस्थान 11:35 बजे होगा, जबकि दिल्ली कैंट पर यह 11:57-11:59 बजे रुकेगी। भुज-दिल्ली सराय रोहिल्ला सुपरफास्ट एक्सप्रेस (20983) का समय भी संशोधित किया गया है, जो सात अक्तूबर से लागू होगा। इसी प्रकार, जींद-कुरुक्षेत्र पैसेंजर (54038) अब जींद से सुबह 05:25 बजे रवाना होकर कुरुक्षेत्र जंक्शन पर 08:50 बजे पहुंचेगी। वहीं, कुरुक्षेत्र-जींद पैसेंजर (54037) सुबह 09:20 बजे कुरुक्षेत्र से चलकर जिंद जंक्शन पर 12:10 बजे पहुंचेगी। मुरादाबाद मंडल के अंतर्गत चलने वाली कई विशेष ट्रेनों में अब अतिरिक्त ठहराव मिलेगा। इसके तहत हापुड़, शाहजहांपुर जंक्शन और हरदोई रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को नई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। रेलवे के मुताबिक नई दिल्लीङ्गधनबाद (04456/04455), आनंद विहार टर्मिनलङ्गसीतामढ़ी (04016/04015), अमृतसरङ्गछपरा (04608/04607), लखनऊङ्गनई दिल्ली (04203/04204), आनंद विहार टर्मिनलङ्गजोगबनी (04008/04007), गोमती नगरङ्गखाटीपुरा (05023/05024), धनबादङ्गचंडीगढ़ (03311/03312), सहरसाङ्गआनंद विहार (05575/05576), पूर्णिया कोर्टङ्गआनंद विहार (05579/05580), मऊङ्गअंबाला कैंट (05301/05302) और जोधपुरङ्गगोरखपुर (04829/04830) सहित अन्य ट्रेनों को इन स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव दिया गया है। यह व्यवस्था तीन अक्तूबर से क्रमवार लागू होगी। नई दिल्लीङ्गधनबाद एक्सप्रेस अब हापुड़ स्टेशन पर रात 12 बजकर नौ मिनट पर रुकेगी, वहीं शाहजहांपुर और हरदोई में भी यात्रियों को निर्धारित समय पर चढ़ने-उतरने की सुविधा मिलेगी। इसी तरह अन्य ट्रेनों का भी समय निर्धारित कर दिया गया है। उत्तर रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे अपने सफर की योजना बनाते समय नए समय सारिणी और ठहराव का ध्यान रखें ताकि यात्रा में किसी प्रकार की असुविधा न हो। रेलवे ने वैशाली एक्सप्रेस (12553/12554) का विस्तार ललितग्राम तक कर दिया है। यह सुविधा तीन अक्तूबर 2025 से लागू हो गई है। रेलवे के अनुसार नई दिल्ली से सहरसा होकर ललितग्राम तक जाने वाली वैशाली एक्सप्रेस ट्रेन अब यात्रियों को सीधी कनेक्टिविटी उपलब्ध कराएगी। नई दिल्ली से रात 08:40 बजे चलकर यह गाड़ी सहरसा, सुपौल, सरायगढ़ जंक्शन व राघोपुर होते हुए अगले दिन सुबह 06:30 बजे ललित ग्राम पहुंचेगी। वहीं, वापसी में ललितग्राम से सुबह चार बजे रवाना होकर यह ट्रेन अगले दिन सुबह 6:25 बजे सहरसा होते हुए रात 10:30 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। नई दिल्ली से सहरसा तक इस ट्रेन का समय पहले की तरह ही रहेगा। इसके अतिरिक्त, सात दिसंबर 2025 से इस गाड़ी का नंबर बदलकर 15565/15566 कर दिया जाएगा और यह ललितग्राम-नई दिल्ली वैशाली एक्सप्रेस के नाम से जानी जाएगी।



# ट्रेड फेयर में उद्योगों में हुए बदलाव को दिखाएगा बड़ा पैवेलियन

दिल्ली सरकार इस बार इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर (आईआईटीएफ) में बड़ा पैवेलियन बनाकर राजधानी में व्यापार को आसान बनाने के लिए किए सुधारों को प्रदर्शित करने की योजना बना रही है। तैयारियों को शुरू करते हुए सरकार ने दिल्ली स्टेट इंडस्ट्रियल एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (डीएसआईआईडीसी) को यह जिम्मेदारी सौंपी है। डीएसआईआईडीसी ने भारत मंडपम (प्रगति मैदान) में पैवेलियन बनाने का टेंडर जारी किया है, जिससे डिजाइन एजेंसी की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस बार एक भारत, श्रेष्ठ भारत की थीम पर 14 से 27 नवंबर तक आईआईटीएफ आयोजित होगा। इसमें दिल्ली सरकार निवेशकों को आकर्षित करने, कारोबारी प्रक्रियाओं को सरल बनाने और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कई कार्यक्रम करेगी। हाल ही में सरकार ने ग्रीन कैटेगरी इंडस्ट्रीज के लिए कंसेंट टू ऑपरेट (सीटीओ) की मंजूरी प्रक्रिया को सरल किया है। अगस्त से, इन उद्योगों के अप्लीकेशंस पर यदि 20 दिनों में फैसला नहीं होता, तो उन्हें स्वतः अप्रूवल मिल जाएगा। पहले ये 120 दिन में होता था। इससे परिधान निर्माण, एल्यूमीनियम उत्पादों, आयुर्वेदिक उत्पादों, फर्नीचर, पैकेजिंग, खिलौनों, ऑप्टिकल सामान और कोल्ड स्टोरेज जैसे कम जोखिम वाले क्षेत्र की छोटी व मध्यम कंपनियों को फायदा पहुंचेगा। माना जा रहा कि इससे लाइसेंस राज खत्म होगा। सरकार और उद्योगों के बीच विश्वास बढ़ेगा। कम समय में आसानी से उद्योग स्थापित होंगे। दिल्ली औद्योगिक नीति 2025-35 के तहत, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस एक्ट या सिंगल विंडो एक्ट के जरिए और सुधार लागू किए जाने हैं। सरकार का दावा है कि इससे दिल्ली निवेश का केंद्र बनेगी और एमएसएमई को बढ़ावा मिलेगा। नए रोजगार पैदा होंगे और तकनीक व नवाचार में भी वृद्धि होगी। एआई, बिग डेटा, बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं, बीमा, गेमिंग, एनिमेशन, बायोटेक, आईटी और आईटी सक्षम सेवाओं में निवेश में वृद्धि की उम्मीद है। इन सभी क्षेत्रों को मंडप में प्रमुखता से दिखाया जाएगा। डीएसआईआईडीसी ने पैवेलियन के डिजाइन और सजावट के लिए करीब 75 लाख रुपये का टेंडर जारी किया है। डिजाइनर चुनने के लिए 13 अक्तूबर तक टेंडर भरे जाएंगे और 15 अक्तूबर को टेंडर खुलेंगे। पैवेलियन में उद्योगों में हुए सुधार, औद्योगिक क्षमता को राष्ट्रीय स्तर पर ले जाने की तैयारी है। उद्योग विभाग के अधिकारियों के मुताबिक मुख्यमंत्री खुद इस पैवेलियन की निगरानी करेंगी। मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा भी कई

## पॉक्सो मामले में आरोपी को मिली जमानत

नई दिल्ली। तीस हजारी कोर्ट ने पॉक्सो के तहत दर्ज एक मामले में एक आरोपी को जमानत दे दी। आरोपी सुनील कुमार 21 अप्रैल से हिरासत में था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अंकित मेहता ने कहा कि चूंकि पीड़िता, आरोपी और संदिग्ध के रक्त के नमूने खराब हो चुके हैं और नए रक्त के नमूने एकत्र करने और उनकी संबंधित फोरेंसिक रिपोर्ट तैयार करने में कुछ समय लगेगा, इसलिए आरोपी को सलाखों के पीछे रखने का कोई कारण नहीं है। इसके अलावा नाबालिग पीड़िता भी लापता है। इसमें आरोप पत्र दायर किया जा चुका है, लेकिन फोरेंसिक रिपोर्ट के अभाव में आरोप तय नहीं किए गए हैं। अदालत ने इस दलील को माना कि इस आधार पर अनिश्चितकाल के लिए जमानत देने से इन्कार नहीं किया जा सकता कि पीड़िता जमानत का विरोध करने के लिए मौजूद नहीं है। यह मामला रणहोला पुलिस थाना में दर्ज एक एफआईआर से संबंधित है। न्यायाधीश ने पाया कि छह जून को आरोप पत्र दाखिल किया गया था। आरोपी और पीड़िता के पिता को आरोप पत्र में संदिग्ध के रूप में नामित किया गया था। चूंकि पीड़िता गर्भवती हो गई थी, इसलिए उसके भ्रूण, साथ ही आरोपी और पीड़िता के पिता के रक्त के नमूने को फॉरेंसिक लैब में जांच के लिए भेजा गया था। न्यायाधीश ने पाया कि पीड़िता ने शुरू में आरोप लगाया था कि उसके पिता ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। बाद में उसने अपना बयान बदल दिया।

# तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, एक गिरफ्तार

बुलंदशहर। देहात कोतवाली क्षेत्र के गांव कुड़वल बनारस में मटर-कुलचे की रेहड़ी लगाने वाले रवि कुमार की पीट-पीटकर हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी रविंद्र को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि, आरोपी रविंद्र के दोनों पुत्र अभी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। जिनकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। गांव कुड़वल बनारस निवासी श्रीपाल सिंह की तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने गांव निवासी आरोपी रविंद्र सिंह, उसके पुत्र अर्जुन व तुषार के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। तहरीर में श्रीपाल ने बताया था कि उनका 40 वर्षीय पुत्र रवि कुमार गांव के ही गेट के पास मटर-कुलचे की रेहड़ी लगाता था। रेहड़ी के सामने ही गांव निवासी एक व्यक्ति सब्जी की दुकान करता है। गत चार सितंबर को आरोपी सब्जी विक्रेता ने उनके पुत्र की रेहड़ी से मटर-कुलचे की एक प्लेट मंगाकर खाई थी, जिसके 30 रुपये उसने उधार कर दिए थे। शुक्रवार की सुबह उनके पुत्र रवि ने आरोपी से 30 रुपये मांगे। जिस पर आरोपी भड़क गया और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने अपने दोनों पुत्रों को भी लाठी-डंडे लेकर मौके पर बुला लिया। इसके बाद आरोपियों ने रवि को लाठी डंडो से हमला कर घायल कर दिया। आरोप है कि गांव के ही गेट के पास मटर-कुलचे की रेहड़ी लगाता था। रेहड़ी के सामने ही गांव निवासी एक व्यक्ति सब्जी की दुकान करता है। गत चार सितंबर को आरोपी सब्जी विक्रेता ने उनके पुत्र की रेहड़ी से मटर-कुलचे की एक प्लेट मंगाकर खाई थी, जिसके 30 रुपये उसने उधार कर दिए थे। शुक्रवार की सुबह उनके पुत्र रवि ने आरोपी से 30 रुपये मांगे। जिस पर आरोपियों ने रवि को सड़क पर गिराकर बुरी तरह पीटा था, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। शनिवार सुबह करीब नौ बजे रवि की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। एएसपी ऋञ्जुल कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीनों नामजद आरोपी पिता-पुत्रों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मुख्य आरोपी रविंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया है। शेष अन्य दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

# प्रेम-प्रसंग के बाद शादी तोड़ना जरूरी नहीं की वादाखिलाफी हो, दिल्ली हाईकोर्ट की अहम टिप्पणी

नई दिल्ली। दिल्ली हाई कोर्ट ने एक मामले में कहा कि प्रेम प्रसंग के बाद शादी न करना, वादा तोड़ने के समान नहीं है और इसे दुष्कर्म नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने एक व्यक्ति को जमानत देते हुए यह टिप्पणी की, जिस पर एक महिला ने शादी का झूठा वादा कर यौन शोषण और दहेज मांगने का आरोप लगाया था। न्यायमूर्ति अरुण मोंगा ने कहा कि दो वयस्कों ने सहमति से संबंध बनाए और बाद में एक पक्ष ने शादी से इंकार कर दिया। यह एक वैध निर्णय है और इसे वादा तोड़ना नहीं कहा जा सकता। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि प्रेम प्रसंग का उद्देश्य आपसी अनुकूलता जांचना होता है। अगर कोई बाद में शादी से पीछे हटता है, तो यह अपराध नहीं है। मामले के अनुसार, महिला की मुलाकात आरोपी से अप्रैल में एक वैवाहिक वेबसाइट के जरिए हुई थी। महिला ने आरोप लगाया कि व्यक्ति ने खुद को दुबई में बसा बताया और शादी का वादा कर भारत में एक होटल में उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। उसने दावा किया कि व्यक्ति ने उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें लीं और बाद में दहेज के रूप में फ्लैट, लक्जरी कार और नकदी की मांग की। महिला ने यह भी कहा कि व्यक्ति और उसके परिवार ने धमकी दी कि मांगें पूरी न होने पर शादी नहीं होगी।कोर्ट ने पाया कि महिला ने एक व्हाट्सएप संदेश में कहा था कि कोई शारीरिक संबंध नहीं बने, जो उसकी एफआईआर से मेल नहीं खाता। कोर्ट ने कहा कि शादी का इरादा नाकाम होने पर दुष्कर्म का आरोप नहीं लगाया जा सकता। दहेज और ब्लैकमेल के आरोपों को अलग अपराध मानते हुए कोर्ट ने कहा कि ये दुष्कर्म की धारा (बीएनएस 69) के तहत नहीं आते। न्यायमूर्ति मोंगा ने यह भी कहा कि दहेज निषेध अधिनियम के तहत मांग का आरोप जमानती है और इस मामले में कोई दहेज लेन-देन नहीं हुआ। कोर्ट ने माना कि आरोपी के साक्ष्य छेड़छाड़ या फरार होने की आशंका नहीं है, क्योंकि वह समाज में स्थापित व्यक्ति है और उसका परिवार है। कोर्ट ने निष्कर्ष दिया कि जमानत का मुख्य उद्देश्य मुकदमे के दौरान आरोपी की उपस्थिति सुनिश्चित करना है।


**NAME CHANGE**

I,Deo Raj s/o Shri Nath Yadav R/o A-24, Bagichi Bhargav Lane Boulvard Road, Tis Hazari, Delhi-110054 have changed my name to Devraj for all future purposes

**NAME CHANGE**

I, Seema W/o Rajeev Kumar Dhawan R/o House No.80, Bank Enclave, Laxmi Nagar, Delhi-110092 have changed my name to Seema Dhawan.

**NAME CHANGE**

I, Mohd Dilshad S/o Mohammad Asgar Ali R/o RZC-82, Nihal Vihar, Nangloi, Delhi-110041 have changed my name to Dilshad Ali.

**NAME CHANGE**

I, Zubeda W/o Dilshad Ali Ali R/o RZC-82, Nihal Vihar, Nangloi, Delhi-110041 have changed my name to Jubeda.

**PUBLIC NOTICE**

It is Publicly informed that I Narayan Devi W/o Mr. Girish Chand R/O. Plot no. 42, admeasuring 46.5 Sq. yards i.e. 38.78 Sq. meters (said part), Khasra No. 423 min., Village Brahampur alias Bhopura, Pargana Loni, Tehsil and District Ghaziabad, U.P. owner of Plot No. 42, admeasuring 46.5 Sq. yards 1.e. 38.78 Sq. meters (said part), Khasra No. 423 min., Village Brahampur alias Bhopura, Pargana Loní, Tehsil and District Ghaziabad, U.P., (hereinafter called the said property), vide Original Sale Deed dated 21/12/2015, duly regd. As Doc. No. 9550 in Book No. 1, Vol. No. 11580, Page No. 01 to 30 at Sub-Registrar-III Ghaziabad. That the Original Regd. GPA dated 25/04/2014 in favor of Mr. Lokesh Kumar in respect of above said property has been lost/misplaced & not traceable I am in possession for 10 years. And I intend to mortgage above said property with AU Small Finance Bank. And I will be responsible for any discrepancies, if any. I hereby declared that the said property is free from charge, lien and encumbrance and the same will be mortgaged in AU Small Finance Bank. I we would like to announce to general public that any person who is having any right, title or interest against above property/share or documents may to con- firm/contact to below person.

**Name Narayan Devi**
Mob. 9958315521

**NAME CHANGE**

I, ANKIT son of SANJAY SHARMA residing at 3/E/17A B.P NIT FARIDABAD HARYANA-121001 have changed my name to ANKIT SHARMA for all future purpose.

**PUBLIC NOTICE**

My Client Mr. Rajpal S/o Late Mansura Ram R/o H.No. 64, South Enclave DDA Janat Flats, Dakshinpuri Extn., South Delhi, New Delhi-110062, have disowned and debarred his son namely Vishal and her wife Rose from their all movable, immovable properties and I have no relation with them in future and I have no responsibility of any kind of acts, Civil and criminal liabilities.

**RAHUL BAISOYA ADVOCATE**
CH.NO.257, SAKET COURT
NEW DELHI-110017

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given on behalf of Mr. Mahesh to inform to the public at large that Mr. Mahesh is purchasing the House No.1/245, admeasuring 36 Sq. Yds., situated at DLF Colony Dilshad Extension-II, Village Brahampur alias Bhopura, Pargana Loni, Tehsil & District Ghaziabad from Mrs. Rekha who became owner vide Sale Deed dated 09.09.2013 (Document No.9432) and same to be finance & mortgage by Hinduja Housing Finance Ltd., Branch Loni. That, Original Sale Deed dated 13.01.2010 Executed by Mr. Subhash Chand & Mrs. Umesh Surya in favour of Mr. Krishna Garg, vide Document No.281, Book No.1, Vol No.6159, Page No.1-46, SR-III Ghaziabad has lost/misplaced. So, to comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim /right/title/interest/creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within a week from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

**Advocate Abhishek Singh**
B-82, Ground Floor,
DLF Dilshad Extn.-II,
Bhopura, Ghaziabad, U.P.-201005
Mobile: 7706007066, 9310370510
Email: advabhisingh1993@gmail.com

**NAME CHANGE**

I hitherto known as Dharmendri D/o Indrapal R/o Khatana Dhirkhera, PO:Khatana, Dist: Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh -203207 have changed my name and shall hereafter be known as POOJA .

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I, LALAN MAHTO S/O GOO MANU SINGH R/O 28, SHIV MANDIR MOHALLA BADLI GAON, BADLI, NORTH WEST DELHI, DELHI-110042 declare that name of mine and my wife have been wrongly written as LALLAN SINGH and SIMPOLA DEVI in my minor daughter namely NANDANI aged 14 years in her school records and name of my wife has been wrongly written as SIMPOLA DEVI alias SANAFUL DEVI in her birth certificate No. MCDOLIR -2211-004895942. The actual name of mine and my wife are LALAN MAHTO and SANAFUL DEVI respectively which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**

I, NO-14848570L, Rank-HAV Name-DHOTRE SANDIP LAXMAN residing at VILL-SANTWADI, PO-ALE, TEHSIL-JUNNAR, DIST-PUNE, MAHARASHTRA-412411, have changed my mother's name from TARA BAI to TARABAI LAXMAN DHOTRE for all future purposes and in my service records my mother's date of birth wrongly mentioned as 01/07/1956 instead of her correct date of birth as 01/01/1976 vide Affidavit dated 06/10/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, NO-14848570L, Rank-HAV Name-DHOTRE SANDIP LAXMAN residing at VILL-SANTWADI, PO-ALE, TEHSIL-JUNNAR, DIST-PUNE, MAHARASHTRA-412411, have changed my father's name from LAXMAN to LAXMAN MARUTI DHOTRE for all future purposes and in my service records my father's date of birth wrongly mentioned as 01/07/1953 instead of his correct date of birth as 01/01/1953 vide Affidavit dated 06/10/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, NO-14848570L, Rank-HAV Name-DHOTRE SANDIP LAXMAN residing at VILL-SANTWADI, PO-ALE, TEHSIL-JUNNAR, DIST-PUNE, MAHARASHTRA-412411, have changed my daughter's name from ESHVARI SANDIP DHOTRE to ISHWARI SANDIP DHOTRE for all future purposes vide affidavit dated 06/10/2025 before Notary Public Delhi.

**NAME CHANGE**

I,hitherto known as Kailash Chander alias Kailash Singla alias kailash Chand S/O Amar Nath, R/O C-43 PARWANA APARTMENTS, MAYUR VIHAR PHASE-1 EXTENSION, DELHI, East Delhi, Delhi-110091, have changed my name and shall hereafter be known as Kailash Chander.

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे मुवक्किल श्री फयाज अहमद खान पुत्र श्री अब्दुल अज़ीज़ खॉन पताःमकान न० 156, इण्डियन अपार्टमेन्ट, गली नं० 19, ज़ाकिर नगर, ओखला, दक्षिण दिल्ली, दिल्ली-110025 ने अपनी पुत्री कु० अस्मा फयाज उम्र लगभग 19 वर्ष को दिनांक 23/09/2025 को उसके गलत आचरण के कारण अपने सारे सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं व उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है व उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मेरे मुवक्किल व उसके परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**NADEEM HUSSAIN Advocate**
CH. NO. F-714, LAWYERS CHAMBER BLOCK, KARKARDOOMA COURTS, DELHI-110032

**NAME CHANGE**

I, Shambhu Dayal Aggarwal Alias Shambhu Dayal S/O Balu Ram R/O No-172-B Pocket M-janta Flat Sarita Vihar South Delhi-110076 Have changed my name to Shambhu Dayal Kayara for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I, MAHENDER SINGH CHAUHAN Father of No.-15181081K Rank-HAV Name-KAMAL SINGH CHAUHAN Presently residing at SURAJPURA, ALWAR, RAJASTHAN-301407, have changed my name from MAHENDER SINGH CHAUHAN to MAHENDRA SINGH for all future purposes vide Affidavit dated 06/10/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, DIVYA GERA, W/O YOGESH CHANDNA, R/O 216/4,SHIVAJI NAGAR,GURGAON,HARYANA-122001, HAVE CHANGED MY NAME TO DIVYA CHANDNA FOR ALL FUTURE PURPOSE.

**NAME CHANGE**

I HURMANNI W/O DIN MOHAMMAD RESIDING AT HOUSE NO KHOHRA TEHSIL KAMAN BHARATPUR RAJASTHAN -321024 HAVE CHANGED MY NAME FROM HURMANNI TO HURMANI FOR ALL FUTURE PURPOSE.

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I Hari Singh Solanki S/O Hanuman Prasad, R/O HNO B -1006, Upper Ground Floor, Shastri Nagar, Ashok Vihar, North West Delhi, Delhi-110052, declare that name of mine has been wrongly written as Hari Singh in my minor son Ridit Solanki aged 11years in his birth certificate no- MCDOLIR -0114 -0060 -429004 .The actual name of mine is HARI SINGH SOLANKI, which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**

I SHADAF MIRZA W/O INTAZAR ALI ,R/O H.NO 469 BLOCK P-4 SULTAN PURI DELHI -110086, I have changed my name to SHADAF Permanently

**NAME CHANGE**

I, DEEPAK S/O CHARAT SINGH resident of 90 GALI NO-1, GOSWAMI MARG, KHICHRI PUR, VILLAGE, DELHI-110091. have changed my name to DEEPAK BHARTI for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I, CHARAT BHARTI S/O MAM CHAND resident of 90 GALI NO-1, GOSWAMI MARG, KHICHRI PUR, VILLAGE, DELHI-110091. have changed my name to CHARAT SINGH for all future purposes.

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I Rajendra Singh Bisht S/O J S Bisht, R/O 86 first floor,Type-3, Sector 1, Sadiq Nagar, South Delhi , Delhi-110049, declare that name of mine and my father has been wrongly written as Rajendra Singh and Jaimal Singh in my 10th and 12th class educational document. The actual name of mine and my father are Rajendra Singh Bisht and J S Bisht respectively which may be amended accordingly.

**PUBLIC NOTICE**

My Client Shanti Devi, W/O Late Sh. Bhudev Singh Rana, R/O A-15/B, Devli Road, Krishna Park, Khanpur, South Delhi-110062, have severed all relations and disowned her son namely Mahesh Rana from her all movable-immovable properties due to his misconduct. My client shall not be responsible for his acts/deeds in future.

APARNA GUPTA Advocate
OFFICE: 106-112B, DEVIKA TOWER, NEHRU PLACE, 1ST FLOOR, NEW DELHI-110019
M.NO.9999210276

**NAME CHANGE**

I Yuvika Aggarwal D/o Sh. Rajesh Agarwal Residing at house name Radhe Krishna, near Vanvasi Kalyan Ashram, New Bajrang Bali Colony, Bhiwani, Haryana- 127021, have changed my name Yuvika Agarwal for all purpose

**NAME CHANGE**

I Rajesh S/o Sh. Radha Kishan Agarwal Residing at house name Radhe Krishna, near Vanvasi Kalyan Ashram, New Bajrang Bali Colony, Bhiwani, Haryana- 127021, have changed my name to Rajesh Agarwal for all purpose

**NAME CHANGE**

I Vinita W/o Sh. Rajeh Agarwal Residing at house name Radhe Krishna, near Vanvasi Kalyan Ashram, New Bajrang Bali Colony, Bhiwani, Haryana- 127021, have changed my name to Vineeta Agarwal for all purpose

**सार्वजनिक सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि श्री कपिल गिरी, पुत्र श्री चरण गिरी, ग्राम शाहपुर बमहेता, कॉलोनी मंसरोवर पार्क-III, परगना दासना, तहसील एवं जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में स्थित खसरा संख्या 3034 में से 70 वर्ग गज भूमि क्षेत्र के प्लॉट संख्या 27 पर निर्मित मकान को श्रीमती रजवती, पत्नी श्री सतीश से खरीदने का इरादा रखते हैं। उक्त संपत्ति श्रीमती रजवती ने श्रीमती अनीता, पत्नी श्री रहक सिंह से दिनांक 14.10.2020 को एक बिक्री विलेख (Sale Deed) के माध्यम से खरीदी थी, जो दस्तावेज़ संख्या 5276 के रूप में पंजीकृत है। यह भी सूचित किया जाता है कि इस संपत्ति से संबंधित एक मूल चेन दस्तावेज़ गुम हो गया है विशेष रूप से, बिक्री विलेख दस्तावेज़ संख्या 4516, पुस्तक संख्या 01, वॉल्यूम संख्या 17510, पृष्ठ संख्या 47 से 84 तक, दिनांक 15.09.2020, जो उप-पंजीयक-I, गाज़ियाबाद कार्यालय में पंजीकृत था। उक्त दस्तावेज़ के गुम होने के संबंध में एक ऑनलाइन एफआईआर दर्ज की गई है, जिसकी रिपोर्ट संख्या 20250000734894, दिनांक 06.10.2025 है, और यह पुलिस इकाई- पुलिस कंप्यूटर सेंटर, तकनीकी सेवाएं मुख्यालय, लखनऊ के साथ दर्ज की गई है। कृपया यह भी नोट करें कि उक्त संपत्ति वर्तमान में त्वङ्कष्ट हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, शाखाः त्वङ्ग-10 A-E, कंचनजंघा बिल्डिंग, बाराखंभा रोड, नई दिल्ली द्वारा वित्तपोषित (फाइनेंस) की जा रही है। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो कृपया इस सूचना की तिथि से 07 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करें। उक्त आपत्ति नीचे दिए गए पते पर पंजीकृत डाक के माध्यम से एवं ई-मेल द्वारा अधोहस्ताक्षरी को भेजी जा सकती है। यदि निर्दिष्ट अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी दावा अमान्य और निष्प्रभावी माना जाएगा।

**[ASHWANI KUMAR] Advocate**
Chamber No. 122,
Tehsil Compound, Ghaziabad, U.P.

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I Anshul Vijay Nitnaware S/O Vijay P. Nitnaware, R/O 1816, 2nd Floor, Wazir Singh Street, Chuna Mandi, VTC: Pahar Ganj, PO: Swami Ram Tirth Nagar, District: Central Delhi, State: Delhi, 110055, Declare that name of mine has been wrongly written as Anshul V Nitnaware in my 10th class educational document. The actual name of mine is ANSHUL VIJAY NITNAWARE , which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**

I, SUMIT SHARMA S/0 Shompal Sharma, R/o D-5/S-2, EAST JYOTI NAGAR NAND NAGRI North EAST DELHI-110093, HAVE Changed the NAME OF My Minor Daughter DRISHTI aged 11 Year and he shall hereafter be known as DRISHTI SHARMA.

**NAME CHANGE**

It is for general information that I, PAWAN KUMAR S/o HOSHIAR SINGH R/o B-212, JJ Colony, Khanpur, Dr. Ambedkar Nagar, South Delhi-110062, declare that name of my wife has been wrongly written as NEENA DEVI in my minor son namely KRISH aged 14 years in his School Records and his Birth Certificate Registration No. MCDOLIR-0117-006954664. The actual name of my wife is NEENA KUMARI, which may be amended accordingly.

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I, VINOD KUMAR CHAWLA S/O KANHAIYA LAL R/O H NO J3-219- 220, J, J, Colony Wazirpur, North West Delhi, Delhi-110052 declare that name of mine has been wrongly written as VINOD CHAWLA in my minor daughter namely VANSHIKA CHAWLA aged 13 years in her school records. The actual name of mine is VINOD KUMAR CHAWLA which may be amended accordingly.

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I, PREETI PAL D/O GHANSHYAM PAL W/O ABHISHEK KUMAR R/O D-655, Astha Vihar, Prem Nagar-3 Kirari Suleman Nagar, PO: Sultanpuri C Block, Dist: North West Delhi, Delhi-110086 declare that name of mine has been wrongly written as KM PRITI PAL in my 12th class Educational Documents. The actual name of mine is PREETI PAL which may be amended accordingly.

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I, LALAN MAHTO S/O GOO MANU SINGH R/O 28, SHIV MANDIR MOHALLA BADLI GAON, BADLI, NORTH WEST DELHI, DELHI-110042 declare that name of mine and my minor son been wrongly written as LALAN SINGH and ANAND SINGH in my minor son namely ANAND aged 15 years in his school record. The actual name of mine and my minor son are LALAN MAHTO and ANAND respectively which may be amended accordingly.

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I IRA WASSON D/O GULSHAN KUMAR WASSON W/O LATE NIMIT KUMAR SACHDEVA R/O B-7/5138, VASANT KUNJ, NEAR DDA FLATS, DELHI-110070 declare that my husband expired on 7-11-2016 and the death certificate was issued with registration No. 141178000018. Further I remarried with AKHIL MITTAL S/O LAL CHAND MITTAL R/O 18A, BLOCK D, RANI BAGH, AMBALA, HARYANA-133001 vide marriage registration No. 90730000187849 dated 19-1-2024. Further I have changed the name of my minor son namely LAKSHAY SACHDEVA aged 11 years and he shall hereafter be known as LAKSHAY MITTAL. Hence forth the father name of my minor son may be known as AKHIL MITTAL in future for all purposes.

**NAME CHANGE**

I, Bhagwan Devi Pooniya W/o Sanjay Singh, R/o H No: T-207, Rajpura, Gurmandi Delhi, Malka Ganj, Delhi - 110007 have changed my name to Bhawna Dhaka for all intends and purposes.

**NAME CHANGE**

I, Ajim Ahmed S/o Riaz Ahmed, R/o H No: 490, 2nd Floor, Ward No:10, Sector-28, Omax City, Rohtak, Haryana - 124001 have changed my name to Azim Ahmed for all intends and purposes.

**NAME CHANGE**

I, RAJ BALA GOEL W/O SHARWAN KUMAR resident of PLOT NO-81 U.G FLOOR OPPOSITE TIHAR JAIL PRATAP NAGAR HARI NAGAR DELHI-110064. have changed my name to RAJ BALA for all future purposes

**NAME CHANGE**

I, ASTHA RAI D/O RAJEEV RAI R/O H NO 310, B-2, FIRST FLOOR, PUNJABI MOHALLA NEAR DIPENSARY, CHATTARPUR VILLAGE, SOUTH DELHI, DELHI-110074, I HAVE CHANGED MY NAME TO AASTHA RAI FOR ALL FUTURE PURPOSES

**PUBLIC NOTICE**

Be it known to public that my clients namely Sh. Fateh Singh S/o Late Sh. Uday Singh and his wife Smt. Krishna Devi both R/o House No. 443. Dhansa Village, South West, Delhi 110073 have disowned their son namely Sh. Vikram and his wife Smt. Sharda and also their other son namely Sh. Vijay and his wife Smt. Neelam who are also R/o House No. 443, Dhansa Village, South West, Delhi -110073, from all their moveable and immovable properties and my clients have severed all relations with them. If in future anybody deals with them shall do at his/her own risk and my clients shall not be responsible in any manner for their any kind of act, deeds and liabilities

**MANOJ KUMAR TOMAR**
ADVOCATE
Law Firm: A-596, Gali No. 17, Mahavir Enclave, Part-2, Dabri Dwarka Road, Delhi-110059
Mob:-9319338232

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I, JYOTI KUMARI W/O ANIL KUMAR R/o A-556, 1st Floor, GD Colony, Mayur Vihar Phase-3, Delhi-110096, declare that name of mine has been wrongly written as JYOTI KHANDWAL in my Passport No. Y1928199. The actual name of mine is JYOTI KUMARI, which may be amended accordingly

**NAME CHANGE**

I, MALA wife of KISHORE KHANNA residing at A-704, EXOTICA FRESCO, SECTOR-137, NOIDA, UTTAR PRADESH-201305 have changed my name to MALA KHANNA for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I, SARBAT W/O MOHAMMAD ISMAIL residing at A-19/147-C DDA FLATS INDER LOK DELHI -110035 have changed my name to SARVAT for all future purpose.

**NAME CHANGE**

I, ZEBUNISHA W/O KHURSHID AHMED residing at A-2/11-C BLOCK-A2 DDA FLATS INDER LOK DELHI -110035 have changed my name to ZEBUN NISA for all future purpose.

**NAME CHANGE**

I, SHRENI KUMER JAIN son of GOTAM CHAND JAIN residing at 4858/A-24, GALI NO-24, ANSARI ROAD, DARYA GANJ, DELHI-110002 have changed my name to SHRENI KUMAR JAIN for all future purpose.

**NAME CHANGE**

I, K SAVITHA Wife of No. 15784894H Rank-LHAV Name-KALYAN KUMAR K Presently residing at VPO-JANNEPALLY, TEH-NAVIPET, DIST-NIZAMABAD, TELANGANA-503246, have changed my name from K SAVITHA to KUNTALA SAVITHA for all future purposes vide Affidavit dated 06/10/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, SURYAKALA Mother of No. 15784894H Rank-LHAV Name-KALYAN KUMAR K Presently residing at VPO-JANNEPALLY, TEH-NAVIPET, DIST-NIZAMABAD, TELANGANA-503246, have changed my name from SURYAKALA to KUNTALA SURYAKALA for all future purposes and in my son's service records my date of birth wrongly mentioned as 01/07/1966 instead of my correct date of birth as 01/01/1966 vide Affidavit dated 06/10/2025 before Notary Public, Delhi.


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **समद पुत्र इदरीश निवासी मुस्तफाबाद, चांद मस्जिद के पास, इकराम नगर, लोनी, गाजियाबाद, यूपी** ने **FIR No. 375/2023, U/S 379/511 IPC, अन्तर्गत थाना वेलकम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **समद** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **समद** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 375/2023, U/S 379/511 IPC, अन्तर्गत थाना वेलकम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **समद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.12.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**सुश्री दीपाक्षी राणा**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-03**
**कमरा नं. 19, प्रथम तल, शाहदरा जिला**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/13470/NE/2025(Court Matter)**


**कौमी पत्रिका**

**संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
**मोबाइल नंबर** : 9312262300

**E - mail address :** qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

# हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष के सलाहकार प्राइड प्रशिक्षण कार्यक्रम को करेंगे संबोधित

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा के पूर्व अतिरिक्त सचिव राम नारायण यादव नई दिल्ली स्थित लोक सभा सचिवालय के संसदीय लोकतंत्र अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) के प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 6 से 10 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें संसद और राज्य विधानमंडल सचिवालयों व राज्य सरकारों के अधिकारियों को विधायी प्रारूपण की ट्रेनिंग दी जाएगी। यादव 6 अक्तूबर को अपराह्न संसद पुस्तकालय भवन स्थित प्राइड के व्याख्यान कक्ष में 'दल-बदल विरोधी कानून' पर विषय रखेंगे। वे फिलहाल हरियाणा विधान सभा के अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण के सलाहकार हैं। प्राइड समय-समय पर संसद सदस्यों और राज्य विधानमंडलों के सदस्यों, राज्य विधानमंडलों व राज्य सरकारों के अधिकारियों, विदेशी प्रतिभागियों, छात्रों आदि सहित लोकतंत्र के विभिन्न हितधारकों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करता है। ये प्रशिक्षण उन्हें कौशल निखारने और संसदीय प्रणाली को गहराई से समझने के लिए सक्षम बनाते हैं।

# नारनौल में सांसद व विधायकों ने समझी पेपर रहित रजिस्ट्रेशन व ऑनलाइन सेवाओं की प्रक्रिया

**नारनौल।** राजस्व विभाग की चार प्रमुख पहलों की श्रृंखला में ऑनलाइन पेपर रहित रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया सहित तमाम नई राजस्व सेवाओं पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार के दिशा निर्देश पर राजकीय कॉलेज नारनौल के सरस्वती हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में सांसद, विधायकों, पूर्व विधायकों, चेयरमैन, चेयरपर्सन, पार्षदों तथा अन्य जनप्रतिनिधियों और राजस्व विभाग के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। मुख्यालय से आए टेक्निकल हेड संदीप कुमार ने प्रोजेक्टर के माध्यम से सभी नई सेवाओं विशेषकर ऑनलाइन पेपरलेस रजिस्ट्री को बिंदुवार समझाया। इसके अलावा उन्होंने निशानदेही व बंटवारा के लिए ऑनलाइन आवेदन तथा चैट बोट के बारे में भी जानकारी दी। इन सेवाओं को आम जनता तक पारदर्शिता, सुगमता और तेजी के साथ पहुंचाने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इस मौके पर सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह, पूर्व मंत्री एवं नारनौल के विधायक ओम प्रकाश यादव, महेंद्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह यादव, पूर्व मंत्री डॉ अभय सिंह यादव, अटेली के पूर्व विधायक सीताराम यादव, बीजेपी के जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव, जिला परिषद के चेयरमैन डॉ राकेश कुमार, नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी, कनीना के एसडीएम डॉ जितेंद्र सिंह, सीईओ जिला परिषद उदय सिंह, जिला राजस्व अधिकारी राकेश कुमार तथा डीआईओ प्रशांत कुमार के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# ज्ञान गंगा केंद्र से अधिक से अधिक बच्चों को जोडने़ की कवायद : कार्तिकेय शर्मा

**जींद।** पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा तथा राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा गांव रामराये स्थित श्री ब्राह्मण संस्कृत महाविद्यालय में पहुंचे। यहां उन्होंने पंडित केदारनाथ शर्मा संस्कृत भवन (एआई) की आधारशीला रखी। सबसे पहले पिता व पुत्र ने भगवान परशुराम की विधि विधान से अराधना की और कार्यक्रम में मौजूद लोगों से उनका हालचाल पूछा। वहीं महाविद्यालय में पहुंचने पर ब्राह्मण समाज के लोगों ने भी गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया और फूल मालाओं व सम्मान स्वरूप पगड़ी पहनाई। कार्यक्रम में कालका विधायक शक्ति रानी शर्मा को भी पहुंचना था लेकिन किसी कारण वो नही आ सकी। महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अनुसार यह शिलान्यास समारोह शिक्षा के क्षेत्र में एक नए अध्याय की शुरुआत करेगा। संस्कृत भाषा और भारतीय संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में यह आयोजन मील का पत्थर साबित होगा। आयोजन में गांव के सरपंच गंगा प्रसाद, धर्मवीर पिंडारा, फूलकुमार शास्त्री, नरेंद्र नाथ शर्मा, रमेश चंद्र शर्मा, विरेंद्र पिंडारा सुरेंद्र गौतम, मनोज शर्मा एडवोकेट, कमल गौतम, गौरव शर्मा, कमल कुमार शर्मा, अशुतोष शर्मा, प्रदीप शर्मा, राजेश शर्मा, जितेंद्र कौशिक, जितेंद्र शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जिले में धूमधाम से मनाई जाएगी महर्षि भगवान वाल्मीकि जयंती

**हिसार।** हरियाणा सरकार की संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के तहत जिले में धूमधाम से महर्षि भगवान वाल्मीकि जयंती का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में एक बैठक का आयोजन भी किया गया, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि जिला स्तरीय महर्षि भगवान वाल्मीकि जयंती 7 अक्टूबर को मनाई जाएगी। जिला स्तरीय समारोह के दौरान प्रखर वक्ता अपने व्याख्यान देंगे। समारोह के दौरान हरियाणा सरकार द्वारा अंतोदय कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं के लाभार्थियों को भी सम्मानित किया जाएगा। बैठक में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक सुरेंद्र सिंह सैनी, तहसील कल्याण अधिकारी मधुबाला, नगर पार्षद राजेंद्र बिड़लान, कुलदीप कांगड़ा, ग्रीवेंस कमेटी सदस्य दीपक, बृजमोहन, ताराचंद, सुंदर नागर, विजय, बलबीर भूम्भक, गणेश, जमुना सिंह चौहान, मेजर चौहान, संजय लोट सहित समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# हरियाणा व जापान के बीच आर्थिक,औद्योगिक व सांस्कृतिक सहयोग होगा मजबूत

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी राज्य में विदेशी निवेश को बढ़ावा देने और द्विपक्षीय औद्योगिक संबंधों को एक नई दिशा देने के उद्देश्य से एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ जापान के दौरे पर रहेंगे। यह दौरा विकसित भारत-विकसित हरियाणा के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। मुख्यमंत्री का यह दौरा हरियाणा को वैश्विक निवेश, तकनीकी सहयोग और नवाचार के केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में निर्णायक कदम साबित होगा। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने जापान रवाना होने से पहले कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले जारी किए गए संकल्प पत्र के 42 वादों को सरकार ने पहले ही साल में पूरा कर दिया है। इनमें सबसे अहम महिलाओं के लिए शुरू की गई लाडो-लक्ष्मी योजना है। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र के 90 वादों को पूरा



करने के लिए काम चल रहा है। अधिकतर वादों को धरातल पर लागू करने के लिए योजनाओं के ड्राफ्ट तैयार हो चुके हैं। मुख्यमंत्री 6 अक्टूबर की सुबह टोक्यो पहुंचेंगे और अपनी आधिकारिक गतिविधियों की शुरुआत जापान के विदेश मंत्रालय तथा अर्थव्यवस्था, व्यापार एवं उद्योग मंत्रालय में उच्चस्तरीय बैठकों से करेंगे। वे जापान के विदेश राज्य मंत्री मियाजी ताकुमा और अर्थव्यवस्था, व्यापार एवं उद्योग राज्य मंत्री कोगा यूइचिरो से मुलाकात कर व्यापार, निवेश और तकनीकी सहयोग के नए अवसरों पर चर्चा करेंगे। दोपहर में मुख्यमंत्री टोक्यो स्थित भारतीय दूतावास में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। वे इस दौरान जेईटीआरओ, एआईएसआईएन, एयर वाटर, टीएएसआई, नाम्बू, डेंसो, सोजिट्ज़, निसिन फूड्स, कावाकिन होल्डिंग्स, सुमितोमो कॉर्पोरेशन और टोप्पन जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री शिमाने प्रिफेक्चर के गवर्नर से भी औपचारिक भेंट करेंगे। उसी शाम भारतीय दूतावास में आयोजित 'गीता महोत्सव' के सामुदायिक कार्यक्रम में भी मुख्यमंत्री भाग लेंगे।

# भाजपा ने चौधरी बीरेंद्र सिंह परिवार को दिया सम्मान : नायब सैनी

एजेंसी

**चंडीगढ़।**पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह द्वारा शुरू की गई सदभाव यात्रा पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि भाजपा ने हमेशा ही जोडने़ का काम किया है। चौधरी बीरेंद्र सिंह दशकों तक कांग्रेस में रहे लेकिन कांग्रेस ने उन्हें कोई अहमियत नहीं दी। भाजपा ने चौधरी बीरेंद्र सिंह को केंद्र में मंत्री बनाया। मोदी सरकार में बीरेंद्र सिंह हैवी वेट मंत्री रहे हैं। इसके अलावा उनके बेटे बृजेंद्र सिंह को सांसद बनाया। चौधरी बीरेंद्र सिंह की पत्नी प्रेम लता को विधायक बनाया। चौधरी बीरेंद्र सिंह के परिवार को कांग्रेस ने कभी इतना नहीं दिया। कांग्रेस ने तो उनकी टिकट काटने का काम किया था। नायब सैनी ने सीधा कटाक्ष करने की बजाए कहा कि चौधरी बीरेंद्र सिंह सुलझे हुए नेता हैं। हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने पर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि राहुल गांधी हमेशा कंफ्यूज रहते हैं। राव नरेंद्र को कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के बाद चर्चा में आए सीएलयू सीडी कांड पर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि हरियाणा में जब कांग्रेस की सरकार थी तब इस तरह के कार्य होते थे। सीएम ने कहा राव नरेंद्र सिंह भी भूपेंद्र सिंह हुड्डा ग्रुप के ही व्यक्ति हैं। हरियाणा में कांग्रेस सरकार के समय में हुड्डा के मुख्यमंत्री रहते हुए ऊपर भी सेवा होती थी। सैनी ने व्यांगात्मक लहजे में कहा कि तब हरियाणा से ही दूध और मक्खन जाता था। कांग्रेस पर सीएम ने निशाना साधते हुए सीएम ने कहा कि इस समय कांग्रेस को देश व प्रदेश की कोई चिंता नहीं है। कांग्रेस कहीं पर भी सकारात्मक विपक्ष की भूमिका नहीं निभा रही है। कांग्रेस में अपने बच्चों को सेट करने की लड़ाई चल रही है।

# नई अध्यापक तबादला नीति को मुख्य सचिव ने दी मंजूरी

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा शिक्षा विभाग में अध्यापकों की ट्रांसफर ड्राइव जल्द शुरू हो सकती है। नई संशोधित ट्रांसफर पॉलिसी को मुख्य सचिव की मंजूरी मिल चुकी है। मुख्य सचिव कार्यालय मंजूरी के बाद ट्रांसफर पॉलिसी की फाइल निदेशालय पहुंच गई है। अब निदेशालय द्वारा अंतिम मंजूरी के लिए वित्त विभाग के पास भेजा गया है। वित्त विभाग की मंजूरी के बाद प्रदेश में अध्यापकों के तबादले शुरू हो जाएंगे। ट्रांसफर ड्राइव और शिक्षकों की मांगों को लेकर हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष सतपाल सिंधु की अगुवाई में शिक्षा निदेशक जितेंद्र दहिया से मुलाकात कर ट्रांसफर ड्राइव की मांग प्रमुखता से उठाते हुए मांग कि लंबे समय शिक्षकों के ट्रांसफर अटके हुए हैं। शैक्षणिक सत्र 2025-26 की शुरुआत में ही ट्रांसफर ड्राइव शुरू चलाने का वादा किया था, लेकिन अब सत्र समाप्त होने में महज पांच महीने बचे हैं, लेकिन अभी तक ट्रांसफर ड्राइव शुरू नहीं हो पाया है। इसके साथ ही, प्रतिनिधिमंडल ने जीआईएस आवंटित करने की मांग की तो, आश्वासन दिया गया कि जल्द ही सभी संबंधित ब्रांच की बैठक बुलाई जाएगी। वहीं, 2016 से 2025 तक की वरिष्ठता सूची तैयार करने, चाइल्ड केयर लीव के सरलीकरण हेतु तैयार ऑनलाइन पोर्टल का लिंक



निदेशक ने विभिन्न जिलों में ग्रुप इंश्योरेंस स्कीम नंबर आवंटित करने के लिए संबंधित ब्रांच को निर्देश दिए। हसला राज्य प्रधान सतपाल सिंधु ने बताया कि शिक्षा निदेशक के समक्ष सभी पीजीटी को स्थाई करने की मांग उठाई गई, इस पर निदेशक द्वारा जारी करने, महिला कर्मियों को 25 कैजुअल लीव देने संबंधी स्पष्ट आदेश जारी करने और उच्चतर शिक्षा की अनुमति हेतु आवश्यक दस्तावेजों की चेक लिस्ट का अधिकारिक पत्र जारी करने की मांग की गई।

# पलवल पंथ संचलन में उमड़ा राष्ट्रभक्ति का सैलाब

एजेंसी

**पलवल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रह्लाद उपनगर द्वारा भव्य पंथ संचलन का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने राष्ट्रभक्ति और अनुशासन का अद्भुत प्रदर्शन किया। यह संचलन महाराणा प्रताप चौक से प्रारंभ होकर पंचवटी मंदिर के सामने से गली पंचवटी कॉलोनी, पेट्रोल पंप के साथ कालंडा कॉलोनी, गुरुद्वारे के साथ वाली गली से मोती कॉलोनी, हमीदिया अस्पताल, थाना रोड और सोहना रोड होते हुए सीताराम मंदिर से होकर पुनः महाराणा प्रताप चौक पर पंथ संचलन के समापन के साथ संपन्न हुआ।इस अवसर पर नगर की नौ बस्तियों का प्रतिनिधित्व रहा, जिनमें सभी बस्तियों की जागरण टोलियां भी बनीं। कुल 155 गणवेशधारी स्वयंसेवक पथ संचलन में शामिल हुए, जिनमें 28 प्रौढ़, 67 तरुण, 31 बाल एवं 29 शिशु स्वयंसेवक रहे। कार्यक्रम में 16 घोषवादकों ने राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत घोष की धुनों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ.प्रवीण (प्रांत सह सेवा प्रमुख) ने मार्गदर्शन दिया, जबकि डॉ. हरेंद्र पाल राणा जी अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे। कुमार पाल सिंह जी, जिला सह संघचालक ने



भी कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया।कार्यक्रम में दर्शक रूप में भी सज्जन शक्ति का बड़ा जमावड़ा देखने को मिला। कुल 78 नागरिकों में से 52 बंधु, 9 भगिनियां और 17 बच्चे राष्ट्रभाव से ओतप्रोत वातावरण का हिस्सा बने। मुख्य वक्ता डॉ. प्रवीण ने अपने संबोधन में कहा कि ÷राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रत्येक स्वयंसेवक समाज में सेवा, संस्कार और संगठन की ज्योति प्रज्वलित करने का कार्य करता है। पंथ संचलन का उद्देश्य केवल प्रदर्शन नहीं, बल्कि समाज में अनुशासन, एकता और राष्ट्र के प्रति समर्पण का संदेश देना है।इस अवसर पर पथ संचलन में सहभागिता करने वाले सभी स्वयंसेवकों के चेहरे पर उत्साह और गौरव झलक रहा था। मार्ग में स्थानीय नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर संघ के कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। पूरे नगर में राष्ट्रगीतों और घोष की धुनों से देशभक्ति का माहौल गूंज उठा।

# राशन डिपो में महिलाओं को मिलेगी पचास प्रतिशत की भागीदारी: राजेश नागर

एजेंसी

**पानीपत।** हरियाणा के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने पानीपत स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में राज्य के किसानों के हितों को लेकर कई अहम घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक हमारा भारत एक विकसित राष्ट्र के रूप में पूरी दुनिया के सामने खड़ा होगा। यह सपना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साकार होगा, जिसमें हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा, 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना हमारा सामूहिक लक्ष्य है। देश की जीडीपी में लगातार हो रही बढ़ोतरी इस दिशा में हमारे मजबूत कदमों का प्रमाण है। आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना अब ज़मीन पर उतर रही है । उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे स्वदेशी उत्पादों को अपनाएं और %वोकल फॉर लोकल% के मंत्र को जीवन में उतारें, जिससे देश की अर्थव्यवस्था और अधिक मजबूत हो सके। मंत्री ने कहा कि जब हम स्वदेशी को अपनाएंगे तो देश सशक्त होगा और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर




भी सृजित होंगे। मंत्री ने बताया कि इस वर्ष धान खरीद प्रक्रिया को पहले से शुरू करते हुए 22 सितंबर से आरंभ कर दिया गया है, जबकि पूर्व में यह कार्य 1 अक्टूबर से शुरू होता था। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंडियों में व्यापक इंतज़ाम किए गए हैं। उन्होंने कहा कि खुद उन्होंने कई मंडियों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और राइस मिलर्स के साथ बैठकें कर खरीद प्रक्रिया को सुचारू व तेज़ करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जहां मिलर्स की संख्या कम है, वहां उनकी तैनाती सुनिश्चित की जा रही है। अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और धान की खरीद प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से पूरी की जाए। मंत्री से 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने की योजना को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में मंत्री ने स्पष्ट किया कि अब तक 18 लाख पात्र लाभार्थियों ने योजना के तहत पंजीकरण करा लिया है। उन्होंने अफवाह फैलाने वालों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि, कुछ लोग झूठा प्रचार कर रहे हैं कि लाभार्थियों के कार्ड काटे गए हैं, जो सरासर गलत है। उन्होंने जनता से ऐसे भ्रामक प्रचार से बचने की अपील की।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए मंत्री ने कहा कि राशन डिपो पर महिलाओं को 50 प्रतिशत तक भागीदारी दी जाएगी।

# आदमपुर में अब धरातल पर दिखाई देने लगा विकास : भव्य बिश्नोई

एजेंसी

**हिसार।** पूर्व विधायक एवं भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश प्रभारी भव्य बिश्नोई ने आदमपुर हलका के गांव मोहब्बतपुर में शैड, चौधरीवाली में सड़क, काबरेल में फिरनी सहित कई विकास कार्यों का उद्घाटन किया। दौरे के दौरान उन्होंने कई जलपान कार्यक्रमों सहित हलके के विभिन्न गांवों में अपनों के सुख-दुख में शिरकत की।विकास कार्यों का उद्घाटन करते हुए भव्य बिश्नोई ने कहा कि आदमपुर हलका हलका में अब विकास धरातल पर



दिखाई देने लगा है और कुछ समय बाद आदमपुर हलका की तस्वीर बदली हुई नजर आएगी। आदमपुर की जनता को उन लोगों से जवाब मांगना चाहिए जो हलका में विकास कार्यों को लेकर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आदमपुर हलका उनका परिवार है और परिवार के विकास में हम कोई कसर नहीं रहने देंगे।भव्य बिश्नोई ने कहा कि आदमपुर हलका के विकास को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी खुलकर पैसा दे रहे हैं और उनके समक्ष उन्होंने हलका के विकास को लेकर जो भी मांग रखी उन्होंने उसे मंजूर करने का काम किया। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल आदमपुर का विकास है और यह काम हम लगातार करते रहेंगे।

# 100 वर्ष की यात्रा में संघ की सबसे बड़ी उपलब्धि है शाखा : रोशन लाल

एजेंसी

**जींद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उत्तर क्षेत्र के क्षेत्रीय कार्यवाह रोशन लाल ने कहा कि आज संघ 100 वर्ष का हो गया है और संघ की नींव है शाखा। संघ पिछले 100 वर्षों से शाखा लगा रहा है। स्वयंसेवकों का शाखा लगाने का जो जोश 1925 में था वही आज है। यह निरंतर है, अखंड है, अनवरत है, अत्यंत सहज एवं सरल है। बस प्रतिदिन एक घंटा देश के नाम। क्षेत्रीय कार्यवाह रोशन लाल गोपाल विद्या मंदिर स्कूल में आयोजित विजयदशमी उत्सव के दौरान स्वयंसेवकों को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर समाजसेवी अनिल अग्रवाल ने शिरकत की। इस अवसर पर जींद जिला संघचालक तिलकराज भी विशेष तौर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम के आरंभ में स्वयंसेवकों ने शस्त्र पूजन किया। इसके बाद शहर में पथ संचलन निकाला। रोशन लाल ने कहा कि संघ की इस 100 वर्ष की यात्रा में संघ की सबसे बड़ी उपलब्धि है शाखा। संघ यही काम करता है, यही करेगा। शाखाओं का विस्तार, गुणवत्ता यही उद्देश्य है। शाखा में भारत को मां मानने वालेए भारत मां में श्रद्धा रखने वालेए भारतीय दर्शन के अनुसार आचरण व्यवहार करने वाले ऐसे स्वयंसेवकों का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि आप 40 बाई 60 फीट का प्लाट आप उपलब्ध कराएं, हम शाखा लगाएंगे। शाखा में निर्मित व्यक्ति आज समाज के विभिन्न क्षेत्रों में काम करते हुए अपनी शक्ति, योग्यता के आधार पर समाज परिवर्तन में अपना योगदान दे रहे हैं। यह उनकी साख है।स्वयंसेवकों द्वारा देशभर में पूज्य डा. हैडगेवार का शताब्दी वर्ष मनाया गया। श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन में स्वयंसेवकों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस प्रकार संघ कार्य समाजव्यापी हुआ। समाज क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में संघ ने प्रवेश किया। वर्ष 2000 से अब तक के दौर में स्वयंसेवकों ने श्री गुरु जी जन्म



शताब्दी वर्ष मनायाए समाज की सज्जन शक्ति का जागरण का कार्य किया इससे समाज को नई दिशा मिली। इससे समाज और संघ एक ही प्लेटफॉर्म पर आ गए। कोविड में समाज और संघ ने मिलकर कार्य किया। स्वयंसेवकों द्वारा श्री राम जन्मभूमि हेतु शुरु किए गए निधि समर्पण में समाज ने अद्भुत योगदान किया। मुख्यातिथि समाजसेवी अनिल अग्रवाल ने कहा कि विश्व में संघ की प्रतिष्ठा लगातार बढ़ रही है।

# त्योहारी सीजन में महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस की पहल

एजेंसी

**हिसार।** जिला पुलिस की दुर्गा शक्ति टीम द्वारा शहर के भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष पैदल गश्त अभियान चलाया जा रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य त्योहारी सीजन में नागरिकों, विशेषकर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना एवं किसी भी प्रकार की अशांति, छेड़छाड़ या असामाजिक गतिविधि को रोकना है। पुलिस प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि टीम के सदस्य बाजारों, बस अड्डों, मॉल, मंदिरों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर लगातार उपस्थित रहकर पूरी सतर्कता बरत रहे हैं। गश्त के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष



नज़र रखी जा रही है, साथ ही महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर निगरानी की जा रही है। दुर्गा शक्ति टीम न केवल सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर रही है बल्कि महिलाओं को आत्मरक्षा, हेल्पलाइन नंबर 112 की जानकारी और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक भी कर रही है। टीम नागरिकों से यह भी आग्रह कर रही है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। त्योहारों के दौरान नागरिकों की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। दुर्गा शक्ति टीम को विशेष रूप से इस अवधि में चौकसी बढ़ाने, नागरिकों से संवाद स्थापित करने और असामाजिक तत्वों पर सतर्क निगरानी रखने के लिए तैनात किया गया है। जिला पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे सहयोग बनाए रखें, यातायात नियमों का पालन करें और किसी भी आपात स्थिति में हेल्पलाइन नंबर 112 पर तुरंत संपर्क करें।

# हरियाणा के खाद आपूर्ति मंत्री ने पानीपत व समालखा अनाज मंडी का किया निरीक्षण

एजेंसी

**पानीपत।** हरियाणा के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने पानीपत और समालखा अनाज मंडी का निरीक्षण किया और धान खरीद प्रक्रिया का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मंडी में मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और धान खरीद में पारदर्शिता एवं त्वरित लिफ्टिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मंडी पहुंचने पर खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक कुमारी नीतू ने मंत्री का स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री नागर ने किसानों से बातचीत की और उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार ने इस बार धान की खरीद के लिए ठोस एवं कारगर व्यवस्था की है ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। किसानों ने मंत्री के समक्ष हैफेड एजेंसी द्वारा भी धान की खरीद शुरू करने की अपील की, जिस पर मंत्री ने त्वरित संज्ञान लेते हुए विभाग के निदेशक से फोन पर बातचीत की और सोमवार से हैफेड द्वारा खरीद प्रक्रिया शुरू कराने के आदेश दिए। मंत्री नागर ने किसानों की मांग पर मंडी में अधिक मिलर्स उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया। किसानों ने उन्हें बताया कि धान की फसल में कुछ जगहों पर पीला पन एक किसान की उपज खरीदी जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में आई धान की फसल की जल्द से जल्द लिफ्टिंग की जाए,



**NAME CHANGE**

I hitherto known as MANESHA D/o GANGA SINGH R/o Haragarh, Chamoli, Uttarakhand-246431, have changed my name and shall hereafter be known as KM MAHESHI, for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I, hitherto known as KARTIK GOEL S/o ABHILASH GOEL R/o H. No.B-95, Surya Vihar, Opp, Sector-4, Gurgaon, Haryana-122001, have changed my name and shall hereafter be known as SAKSHAM GOEL

# हिसार का सुकून केंद्र बना महिलाओं की सुरक्षा की ढाल, छह साल में 1540 पीड़ितों को मिला सुकून

एजेंसी

**हिसार।** हरियाणा सरकार की पहल पर शुरू किए गए सुकून केंद्र आज महिलाओं के लिए सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण का प्रतीक बन चुके हैं। जिला नागरिक अस्पताल हिसार के कक्ष संख्या 24 में स्थापित यह केंद्र अब तक 1540 से अधिक हिंसा पीड़ित महिलाओं और बच्चों को काउंसलिंग के माध्यम से सहायता प्रदान कर चुका है।जिला नागरिक अस्पताल में कार्यरत सुकून काउंसलर राहुल शर्मा का कहना है कि इन केंद्रों का संचालन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) और हरियाणा स्टेट हेल्थ रिसोर्स सेंटर के सहयोग से किया जा रहा है। इसका उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के साथ हो रहे शारीरिक, मानसिक और आर्थिक उत्पीड़न को रोकना तथा उन्हें न्याय और सुरक्षा प्रदान करना है। जिला सुकून काउंसलर का कहना है कि घरेलू हिंसा और नशा महिलाओं के स्वास्थ्य पर गहरा असर डाल रहे हैं। इससे महिलाएं न केवल शारीरिक और आर्थिक नुकसान झेलती हैं बल्कि मानसिक रूप से भी टूट जाती हैं। इसका प्रभाव उनके बच्चों और परिवार के अन्य सदस्यों पर भी पड़ता है। उनका कहना है कि हर महिला का जीवन मूल्यवान है, इसलिए समाज को मिलकर महिलाओं के खिलाफ हो रही हिंसा की रोकथाम के लिए आगे आना चाहिए।राहुल का कहना है कि सुकून केंद्र में महिलाओं को निःशुल्क सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं, जिनमें उनके अधिकारों की जानकारी देना, आवश्यक डॉक्टरी जांच कराना, पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया में मदद, अपनी स्थिति बताने के लिए सुरक्षित माहौल प्रदान करना, मुफ्त कानूनी सलाह देना और सरकारी सेवाओं से जोड़ना शामिल है। सितंबर 2025 में केंद्र के माध्यम से कई पीड़ित महिलाओं को सहायता प्रदान की गई।हिसार के सेक्टर 16-17 में रहने वाली 37 वर्षीय महिला वर्षों से पति की प्रताड़ना झेल रही थी। उसका पति किसी अन्य महिला के साथ रह रहा था और समय-समय पर पीड़िता के साथ मारपीट करता था। महिला ने सुकून केंद्र की शरण ली, जहां काउंसलिंग के माध्यम से उसे उसके अधिकारों के बारे में बताया गया और पुलिस में शिकायत दर्ज कराने में सहायता दी गई। अब वह महिला कानूनी और सामाजिक रूप से सुरक्षित महसूस कर रही है।

# आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल ने लॉन्च किया नया कॉन्ग्लोमरेट फंड

## 240 कंपनियों में एक साथ निवेश का मौका 17 अक्टूबर तक खुला रहेगा एनएफओ

**नई दिल्ली**

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड ने निवेशकों के लिए एक नई पेशकश की है। कंपनी ने आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल कॉन्ग्लोमरेट फंड नाम से एक नया ओपन-एंडेड इक्विटी थीमैटिक फंड लॉन्च किया है। इस फंड का एनएफओ 17 अक्टूबर 2025 तक खुला रहेगा। यह फंड भारत के उन प्रमोटर-नेतृत्व वाले समूहों (कॉन्ग्लोमरेट्स) में निवेश करेगा, जिनके पास कम से कम दो सूचीबद्ध कंपनियां हैं और जो अलग-अलग क्षेत्रों या उद्योगों में सक्रिय हैं। ऐसे समूह आमतौर पर वित्तीय रूप से मजबूत, कम पूंजी लागत वाले और नई तकनीकों व क्षेत्रों में विस्तार करने में सक्षम होते हैं। फंड के तहत करीब 71 बड़े कारोबारी समूहों को कवर किया जाएगा, जिनकी लगभग 240 कंपनियां विभिन्न सेक्टरों में कार्यरत हैं। यह योजना लार्ज, मिड और स्मॉल कैप सभी तरह की कंपनियों में निवेश का विकल्प देती है, जिससे पोर्टफोलियो में विविधता और संतुलन बना रहता है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी के एक वरिष्ठ अधिकारी कहा कि भारत के बड़े कारोबारी समूहों ने समय के साथ खुद को ढालते हुए टेलीकॉम, रिटेल और रिन्यूएबल एनर्जी जैसे क्षेत्रों में बड़ी सफलताएं हासिल की हैं। यह फंड उन अवसरों में भागीदारी का एक मजबूत माध्यम बन सकता है।

# सोने के भाव 1,19,200 प्र ति 10 ग्राम, चांदी 1,47,200 रुपए प्रति किलो

**नई दिल्ली**

घरेलू बाजार में सप्ताह के पहले दिन सोमवार को सोने और चांदी की शुरआत तेजी के साथ हुई। दोनों के वायदा भाव सार्वजे निक स्तर पर पहुंच गए। घरेलू बाजार में सोमवार को सोने के भाव 1,19,200 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,47,200 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने-चांदी के वायदा भाव सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गए।

सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 787 रुपये की तेजी के साथ 1,18,900 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 1,18,113 रुपये था।

इस समय यह 1,108 रुपये की तेजी के साथ 1,19,221 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव ने आज 1,19,426 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 883 रुपये की तेजी के साथ 1,46,627 रुपये पर खुला।

पिछला बंद भाव 1,45,744 रुपये था। इस समय यह 1,456 रुपये की तेजी के साथ 1,47,200 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत तेजी के साथ हुई और दोनों के भाव उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। कॉमेक्स पर सोना 3,913.50 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला।

पिछला बंद भाव 3,908.90 डॉलर प्रति औंस था। यह 37.80 डॉलर की तेजी के साथ 3,946.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के भाव 3,951.40 डॉलर के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 48.06 डॉलर के भाव पर खुले। पिछला बंद भाव 47.96 डॉलर था। यह 30 डॉलर की तेजी के साथ 48.26 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# पॉपुलर 3-डोर थार अब नए अवतार में पेश



**नई दिल्ली**

भारतीय ग्राहकों के लिए महिंद्रा एंड महिंद्रा ने अपनी पॉपुलर 3-डोर थार को नए अवतार में पेश कर दिया है। महिंद्रा ने इस अपडेटेड एसयूवी को 9.99 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) की शुरुआती कीमत पर लॉन्च किया है। बाहर से इसे नया टू-टोन ग्रिल, डुअल-टोन बंपर और अपडेटेड फ्रंट डिजाइन मिला है। इसके अलावा लाइटिंग सिस्टम और 18-इंच अलॉय व्हील्स पहले जैसे ही हैं। ग्राहकों के लिए छह कलर ऑप्शन उपलब्ध हैं, जिनमें टैंगो रेड और बैटलशिप ग्रे नए आकर्षक विकल्प हैं। इंटीरियर की बात करें तो नई थार में ऑल-ब्लैक डैशबोर्ड, नया स्टीयरिंग व्हील और रियर एसी वेंट जैसी सुविधाएं जोड़ी गई हैं। ड्राइवर के लिए स्लाइडिंग आर्मरेस्ट और ऑटोमैटिक वर्जन में डेड पेडल शामिल किया गया है। पावर विंडो स्विच अब डोर पैड पर शिफ्ट कर दिए गए हैं। रियर कैमरा, रियर वॉश और वाइपर, इंटरनली ऑपरेटेड फ्यूल लिड जैसी सुविधाएं भी अब नई थार का हिस्सा हैं। सबसे बड़ा अपडेट 26.03 सेमी का एचडी टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम है, जिसमें एंड्रॉइड ऑटो और एप्पल कारप्ले सपोर्ट के साथ टाइप-सी चार्जिंग पोर्ट्स, टायर डायरेक्शन मॉनिटरिंग और एडवेंचर स्टाट जेन-2 जैसे फीचर्स दिए गए हैं।

इंजन विकल्पों में 2.0एल एमस्टालियन टर्बो पेट्रोल (150एचपी), 2.2 एल एमहॉक डीजल (130एचपी) और डी117 सीआरडीई डीजल (117एचपी) शामिल हैं। गाड़ी 6-स्पीड मैनुअल और ऑटोमैटिक गियरबॉक्स के साथ उपलब्ध है और आरडब्ल्यूडी व 4गुणा4 दोनों ड्राइवट्रेन विकल्प दिए गए हैं। एलएक्सटी वैरिएंट में अलॉय व्हील्स, क्रूज़ कंट्रोल, एडवेंचर स्टैट्स, रियर कैमरा और 6 स्पीकर वाला बड़ा इंफोटेनमेंट सिस्टम शामिल हैं। नई थार को एएक्सटी और एलएक्सटी ट्रिम्स में पेश किया गया है। बेस एएक्सटी में डुअल एयरबैग्स, ईएसपी, हिल-होल्ड असिस्ट, एबीएस और नया डैशबोर्ड डिज़ाइन मिलेगा।

# छह महीने में बिके 11 लाख इलेक्ट्रिक वाहन

**नई दिल्ली**

वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही (अप्रैल से सितंबर 2025) में ही 11 लाख से अधिक इलेक्ट्रिक वाहन बिक चुके हैं। यह आंकड़ा पिछले वित्त वर्ष की तुलना में करीब 23 प्रतिशत ज्यादा है। भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की मांग लगातार बढ़ रही है और यह नया इतिहास रच रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, यदि यह रफ्तार बरकरार रही, तो इस साल 20 लाख से अधिक ईवी की बिक्री दर्ज हो सकती है, जो पिछले साल की 19.7 लाख यूनिट्स के रिकॉर्ड से भी आगे होगा।

हालांकि, हाल ही में हुए जीएसटी संशोधनों ने ईवी बाजार की रफ्तार पर कुछ असर डाला है। इलेक्ट्रिक वाहनों पर टैक्स जहां सिर्फ 5 प्रतिशत है, वहीं पेट्रोल और हाइब्रिड गाड़ियों पर जीएसटी घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। पहले इनके बीच 23 प्रतिशत का अंतर था, जो अब घटकर केवल 13 प्रतिशत रह गया है। यही कारण है कि इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री पर दबाव दिखा है। अगस्त 2025 में जहां 18,290 यूनिट कारें बिकी थीं, वहीं सितंबर में यह घटकर 15,100 यूनिट रह गईं। इसके विपरीत, दोपहिया और तीनपहिया ईवी की मांग स्थिर बनी हुई है।

सितंबर में 1.04 लाख इलेक्ट्रिक दोपहिया और 61,000 तीनपहिया गाड़ियां बिकीं। यह अगस्त की तुलना में मामूली अंतर है, जो बताता है कि इस श्रेणी के उपभोक्ता कीमतों के उतार-चढ़ाव से अधिक प्रभावित नहीं होते। विशेषज्ञों का मानना है कि इलेक्ट्रिक कार सेगमेंट के खरीदार कीमत के प्रति संवेदनशील होते हैं, इसलिए टैक्स सुधारों का असर सबसे पहले यहीं दिखाई दिया।

लेकिन टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर ईवी का बाजार मजबूती से आगे बढ़ रहा है और यह ट्रेंड आने वाले वर्षों में भी जारी रहने की संभावना है। त्योहारी सीजन भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार में जबरदस्त रौनक लेकर आया है और इसका सबसे बड़ा फायदा मारुति सुजुकी को मिल रहा है। कंपनी ने बताया कि इस बार नवरात्रा उसके लिए पिछले 10 सालों का सबसे शानदार सीजन रहा।

शुरुआती आठ दिनों में ही मारुति ने 1.65 लाख से अधिक गाड़ियों की डिलीवरी की, जो अब तक का रिकॉर्ड है। इतनी अधिक डिमांड को पूरा करने के लिए कंपनी ने बड़ा फैसला लिया है। अब फैक्ट्रियां संडे और छुट्टियों में भी चलेंगी ताकि ग्राहकों को समय पर डिलीवरी दी जा सके।

# इलेक्ट्रॉनिक्स योजना में घरेलू कंप नियों का दिखा दम, 90 फीसदी आवेदन आए

**अंबर दो परियोजनाओं में लगभग 4,200 करोड़ का निवेश करेगी**


**नई दिल्ली**

इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण सेवाएं (ईएमएस) देने वाली स्वदेशी कंपनियां केंद्र सरकार की लगभग 22,805 करोड़ की इलेक्ट्रॉनिक्स कलपुर्जा विनिर्माण योजना के तहत प्रमुख आवेदक के रूप में उभरी हैं। इन कंपनियों में डिक्सन टेक्नॉलजीज (इंडिया), दिल्ली की अंबर एंटरप्राइजेज, बेंगलूरु की एक्रस, वाहन कलपुर्जा फर्म संवर्धन मदरसन, मैसूरु की केन्स टेक्नोलॉजी इंडिया और टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स शामिल हैं। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार लगभग 90 फीसदी आवेदन भारतीय कंपनियों से आए हैं जो उनकी आक्रामक निवेश योजनाओं को दर्शाते हैं। अंबर ने योजना के तहत प्रोत्साहन के लिए योग्य दो परियोजनाओं में लगभग 4,200 करोड़ रुपये का निवेश करने के प्रस्ताव किया है। वह उत्तर प्रदेश के जेवर में हाई-डेंसिटी इंटरकनेक्ट सेमीकंडक्टर सब्स्ट्रेट यूनिट लगाएगी जिसका उपयोग मोबाइल उपकरणों, वाहन इलेक्ट्रॉनिक्स और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स में किया जाता है। इसी तरह डिक्सन ने लगभग 4,000 करोड़ रुपये के कुल निवेश के साथ पांच सेगमेंट में आवेदन किए हैं। वह चीन की फर्म एचकेसी ओवरसीज की साझेदारी में लगभग 2,000 करोड़ रुपये का डिस्प्ले मॉड्यूल सब-असेंबली प्लांट लगा रही है।



मैकेनिक्स (एनक्लोजर) में डिक्सन करीब 500 करोड़ रुपये निवेश करेगी और इसके लिए उसने चोंगकिंग युहाई प्रिसिजन मैन्युफैक्चरिंग के साथ समझौता किया है जिसकी 26 फीसदी हिस्सेदारी होगी।

# केनरा रोबेको एएमसी का आईपीओ नौ अक्टूबर को खुलेगा




**नई दिल्ली** केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 253-266 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। इससे कंपनी का ऊपरी छोर पर मूल्यांकन करीब 5,300 करोड़ रुपये आंका गया है। कंपनी ने सोमवार को कहा कि 1,326 करोड़ रुपये का आईपीओ नौ अक्टूबर को खुलेगा और 13 अक्टूबर को संपन्न होगा। बड़े (एंकर) निवेशक आठ अक्टूबर को बोली लगा पाएंगे। बिक्री पेशकश के तहत प्रवर्तक केनरा बैंक और ओरिक्स कॉर्पोरेशन यूरोप एनवी (जिसे पहले रोबेको ग्रुप एनवी के नाम से जाना जाता था) क्रमशः 2.59 करोड़ शेयर तथा 2.39 करोड़ शेयर बेचेंगे। यह आईपीओ पूर्णतः 4.98 करोड़ शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित है जिसमें कोई नया निर्गम घटक नहीं है। केनरा रोबेको में केनरा बैंक की 51 प्रतिशत हिस्सेदारी है जबकि शेष हिस्सेदारी ओरिक्स कॉर्पोरेशन के पास है।

# इस सप्ताह बाजार में आएंगे 30 हजार करोड़ के आईपीओ

**टाटा की इस कंपनी पर सबसे ज्यादा नजरें**




**नई दिल्ली** इस सप्ताह के पांच कारोबारी सत्र में 7 कंपनियों के आईपीओ बाजार में आएंगे। इन कंपनियों में टाटा समूह की फाइनेंस कंपनी टाटा कैपिटल भी शामिल है, जो कुल आईपीओ की कीमत का लगभग 50 फीसदी अकेले जुटाने की तैयारी कर रही है। इस दौरान करीब 30 हजार करोड़ रुपये बाजार से जुटाए जाएंगे। वैसे तो पिछले दो सप्ताह के मुकाबले इस हफ्ते आईपीओ की संख्या कम ही रहेगी, लेकिन मूल्य के लिहाज से यह ज्यादा है। गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी टाटा कैपिटल आईपीओ के जरिये बाजार से 15,512 करोड़ रुपये जुटाने वाली है। यह साल 2025 का सबसे बड़ा आईपीओ भी होगा. इससे ठीक एक साल पहले अक्टूबर, 2024 में भी एक सप्ताह में सबसे ज्यादा कीमत वाले आईपीओ उतारे गए थे। तब दक्षिण कोरियाई कार निर्माता कंपनी ह्युंडई ने 27,859 करोड़ रुपये बाजार से आईपीओ के जरिये जुटाए थे।

# देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर सितंबर में मासिक आधार पर घटी



**नई दिल्ली** देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर नए ऑर्डर एवं गतिविधियों की धीमी गति के कारण सितंबर में अगस्त के उच्च स्तर से नीचे आ गई। सोमवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक सितंबर में 60.9 पर आ गया जो अगस्त में 15 साल के उच्च स्तर 62.9 पर पहुंच गया था। इस नरमी के बावजूद सितंबद माह का सेवा पीएमआई सूचकांक 50.0 के तटस्थ स्तर से काफी ऊपर रहा जो उत्पादन में एक और महत्वपूर्ण वृद्धि का संकेत देता है। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम का आशय संकुचन से होता है। एचएसबीसी के एक अर्थशास्त्री ने कहा कि देश के सेवा क्षेत्र में व्यावसायिक गतिविधियां अगस्त के हालिया उच्च स्तर से सितंबर में कम हुईं। सर्वेक्षण के अनुसार मंदी का एक कारण भारतीय सेवाओं की अंतरराष्ट्रीय मांग में नरम सुधार भी है।

# अगले दशक में पर्यटन क्षेत्र से मिलेंगी 9 करोड़ नौकरियां: रिपोर्ट

**एक साल से बढ़ रही डिमांड, 4.3 करोड़ लोगों की अभी से जरूरत**



**नई दिल्ली** दुनिया की 20 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के लिए रोजगार के क्षेत्र में एक अच्छी खबर सामने आई है। विश्व यात्रा एवं पर्यटन परिषद (डब्ल्यूटीटीसी) की हालिया रिपोर्ट के अनुसार अगले दस वर्षों में पर्यटन और यात्रा उद्योग से 9.1 करोड़ नई नौकरियां उत्पन्न होंगी। यह वैश्विक स्तर पर सृजित होने वाली प्रत्येक तीन नई नौकरियों में से एक के बराबर होगी। फ्यूचर ऑफ द ट्रैवल एंड टूरिज्म वर्कफोर्स नामक इस रिपोर्ट में आगाह किया गया है कि यदि जनसांख्यिकीय बदलावों और कौशल विकास पर ध्यान नहीं दिया गया, तो 2035 तक इस क्षेत्र में 4.3 करोड़ कर्मचारियों की कमी हो सकती है। साल 2024 में इस क्षेत्र की मांग पहले से कहीं अधिक रही। यात्रा और पर्यटन उद्योग का वैश्विक जीडीपी में योगदान 8.5 फीसदी बढ़कर 10,900 अरब डॉलर तक पहुंच गया। साथ ही इस साल 2.07 करोड़ नई नौकरियां भी उत्पन्न हुईं, जिससे इस क्षेत्र में वैश्विक रोजगार की संख्या 35.7 करोड़ हो गई है। भारत के लिए यह एक सुनहरा अवसर है, क्योंकि देश में युवा आबादी बड़ी संख्या में मौजूद है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

## सेंसेक्स 582 अंक, निफ्टी 183 अंक ऊपर आया

**मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही बैंकिंग और आईटी शेयरों में खरीददारी हावी रहने से आया है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 582.95 अंक बढ़कर 81,790.12 और 50 शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 183.40 अंक ऊपर आकर 25,077.65 पर बंद हुआ। निफ्टी आईटी 2.28 फीसदी, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज 1.08 फीसदी, निफ्टी सर्विसेज 1.15 फीसदी और निफ्टी हेल्थकेयर 1.29 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर निफ्टी मेटल 0.89 फीसदी, निफ्टी मीडिया 0.90 फीसदी और निफ्टी पीएसई 0.08 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में टीसीएस, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, , इन्फोसिस, कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक, मारुति सुजुकी, सन फार्मा,एचडीएफसी बैंक और एसबीआई टॉप गेनर्स थे। टाटा स्टील, पावर ग्रिड, टाइटन, ट्रेंट, आईटीसी, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स और एशियन पेंट्स के शेयर सबसे अधिक नीचे आये। आज अधिकतर सूचकांकों में तेजी रही। लार्जकैप के साथ ही मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी खरीदारी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स में 511.75 अंक की तेजी रही। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 49.90 अंक ऊपर आकर 17,928.05 पर था।

वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार मामूली बढ़त के साथ खुले। आईसीआईसीआई और




एचडीएफसी समेत अन्य प्राइवेट बैंकिंग शेयरों में खरीदारी से बाजार को सहयोग मिला। सेंसेक्स हल्की बढ़त के साथ 81,274.79 अंक पर खुला। इसी तरह निफ्टी भी बढ़त के साथ 24,900 के पार खुला। वहीं वैश्विक स्तर पर जापान का निक्केई 4 फीसदी से अधिक बढ़कर एक रिकॉर्ड हाई लेवल पर पहुंच गया। चीन और दक्षिण कोरिया के बाजार छुट्टियों के कारण बंद थे। अमेरिकी बाजारों में शुक्रवार को वॉल स्ट्रीट मिलेजुले रूख के साथ बंद हुए। एसएंडपी 500 में 0.01फीसदी की बढ़ोतरी हुई, डाउ जोन्स 0.51 फीसदी बढ़ा, जबकि नैस्डैक 0.28 फीसदी नीचे आया

# बैंक ऑफ महाराष्ट्र की जुलाई-सितंबर तिमाही में ऋण वृद्धि 16.8 फीसदी बढ़ी

**नई दिल्ली** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में 16.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 2.54 लाख करोड़ रुपये की ऋण वृद्धि दर्ज की है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि 30 सितंबर 2024 तक कुल अग्रिम 2.17 लाख करोड़ रुपये था।पुणे स्थित इस बैंक ने बताया कि उसकी कुल जमा राशि 12.1 प्रतिशत बढ़कर 3.09 लाख करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही के अंत में यह 2.76 लाख करोड़ रुपये थी।बैंक का कुल कारोबार 14.2 प्रतिशत बढ़कर 5.64 लाख करोड़ रुपये हो गया जो एक साल पहले इसी अवधि में 4.94 लाख करोड़ रुपये था।बीओएम का चालू खाता एवं बचत खाता में कुल जमा का 50.35 प्रतिशत रहा, जबकि पिछले वर्ष की इसी तिमाही के अंत में यह 49.29 प्रतिशत था। तंबर 2025 के अंत तक बैंक का ऋण जमा अनुपात 71.7 प्रतिशत से बढ़कर 82 प्रतिशत हो गया।

# त्योहारी सीजन में सस्ती होगी हवाई यात्रा

**मुंबई** त्योहारी सीजन में हवाई किराए में भारी बढ़ोतरी आम बात है, लेकिन इस बार यात्रियों को राहत मिलने की संभावना है। दीपावली और छठ जैसे बड़े पर्वों के दौरान यात्रा की मांग काफी बढ़ जाती है, जिससे टिकटों की कीमतें आसमान छूने लगती हैं। हालांकि, इस बार नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयरलाइन कंपनियों के साथ बैठक कर यह तय किया है कि प्रमुख मार्गों पर अतिरिक्त उड़ानें चलाई जाएंगी। इसका मकसद यात्रियों को सामान्य दरों पर टिकट उपलब्ध कराना है और अनावश्यक किराया बढ़ोतरी को रोकना है। डीजीसीए ने कहा है कि अक्टूबर से दिसंबर के बीच उड़ानों और किराए पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी।

# सोना- चांदी के बाद बिटकॉइन करेंसी 32 फीसदी उछली

## एसकेएफ अपने इंडस्ट्रियल बिजनेस को अलग कंपनी के रूप में स्थापित करेगी

**15 अक्टूबर तय हुई रिकॉर्ड डेट, ऑटो कंपनी के शेयरधारकों को मिलेगा नया मौका**

**नई दिल्ली**

ऑटो कंपोनेंट्स बनाने वाली प्रमुख कंपनी एसकेएफ इंडिया ने अपने इंडस्ट्रियल बिजनेस को अलग कंपनी के रूप में स्थापित करने की घोषणा की है। यह डिमर्जर प्रक्रिया 1 अक्टूबर 2025 से प्रभावी हो चुकी है। अब इंडस्ट्रियल बिजनेस एक नई इकाई के रूप में एसकेएफ इं डिया इंडस्ट्रीयल` लिमिटेड के नाम से काम करेगा। कंपनी ने इसकी जानकारी रेगुलेटरी फाइलिंग के जरिए दी है। एसकेएफ इंडिया ने 2 अक्टूबर को एक अलग फाइलिंग में बताया कि डिमर्जर के लिए रिकॉर्ड डेट 15 अक्टूबर तय की गई है। इस तारीख को जिन शेयरधारकों के पास एसकेएफ इंडिया के शेयर होंगे, उन्हें उसी अनुपात में नई कंपनी के शेयर मिलेंगे। डिमर्जर स्कीम के अनुसार प्रत्येक 1 एसकेएफ इंडिया शेयर पर 1 एसकेएफ इंडिया इंडस्ट्रियल शेयर अलॉट किया जाएगा। नई कंपनी के शेयर बीएसई और एनएसई पर लिस्ट किए जाएंगे। हालांकि, लिस्टिंग की सटीक तारीख की घोषणा रिकॉर्ड डेट के बाद की जाएगी, लेकिन संभावना है कि यह नवंबर 2025 तक हो जाएगी। डिमर्जर के बाद एसकेएफ इंडिया केवल



ऑटोमोटिव बिजनेस पर ध्यान केंद्रित करेगी, जबकि नई कंपनी इंडस्ट्रियल सेगमेंट जैसे कि मैन्युफैक्चरिंग, रेलवे, रिन्यूएबल एनर्जी, माइनिंग, सीमेंट और मेटल्स में काम करेगी।

# ओएनजीसी आंध्र प्रदेश में 8,110 करोड़ रुपये का करेगी निवेश

**हैदराबाद** तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी) आंध्र प्रदेश में आठ पीएमएल (उत्पादन खनन लाइसेंस) ब्लॉक में 172 कुओं से तेल एवं गैस के निकालने तथा तटवर्ती विकास के लिए 8,110 करोड़ रुपये का निवेश करने पर विचार कर रही है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अंतर्गत एक समिति ने पिछले महीने आयोजित बैठक में परियोजना के लिए पर्यावरणीय संबंधी मंजूरी देने की सिफारिश की थी। विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति ने बैठक के में कहा कि परियोजना की अनुमानित लागत 8110 करोड़ रुपये है। ईएमपी (पर्यावरण प्रबंधन योजना) की पूंजीगत लागत 172 करोड़ रुपये होगी और ईएमपी की आवर्ती लागत 91.16 करोड़ रुपये प्रति वर्ष होगी। उद्योग ने जन सुनवाई में की गई प्रतिबद्धताओं के लिए 11 करोड़ रुपये आवंटित करने का प्रस्ताव रखा है। पर्यावरण मंजूरी की सिफारिश करते हुए समिति ने ओएनजीसी को निर्देश दिया कि वह मंत्रालय को प्रस्तुत दस्तावेजों में प्रस्तावित सभी पर्यावरण संरक्षण उपायों एवं सुरक्षा उपायों का अनुपालन करे।

# भारत को अपने समुद्री सीमा को अधिक मजबूत करना होगा





संजय गोस्वामी

**ऑपरेशन सिंदूर में नौसेना की स्थिति को देखते हुए यह डिजाइन किया गया है स्वदेशी रूप से डिजाइन किए गए पहले युद्ध पोत, आईएनएस निस्तार का शामिल होना और दक्षिण चीन सागर में फिलीपींस के साथ भारत का पहला संयुक्त गश्ती दल की क्षमता व युद्ध पोत का निर्माण और हिंद-प्रशांत महासागर में में उसकी तैनाती दोनों को दशार्ता है, कि भारत की महासागर में पकड़ मजबूत है लेकिन पाकिस्तान भी जहाँ कराची और ग्वादर में चीन की उपस्थिति चिंता जनक है।**

भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के निर्णायक सैन्य जवाब के रूप में 07 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। कश्मीर में 22 अप्रैल के आतंकवादी हमले में एक नेपाली नागरिक सहित 26 निर्दोष लोगों की जान चली गई। ऑपरेशन सिंदूर के तहत, भारतीय सशस्त्र बलों ने पीओके और पाकिस्तानी क्षेत्र में 9 आतंकी स्थलों को निशाना बनाया,मई 2025 में पाकिस्तान के साथ भारत का हमला ऑपरेशन सिंदूर से वायु क्षेत्र में भारत की शक्ति में वृद्धि हुआ, इसलिए भारत ने पुराने मिग 21 विमान को अलविदा कर दिया बाद के घटनाक्रमों का ध्यान समुद्री क्षेत्र की ओर मोड़ दिया है, जैसा कि भारत और पाकिस्तान दोनों की प्रमुख नौसैनिक गतिविधियों, क्षमता और आधिकारिक बयानों में देखा जा सकता है, जहाँ उनकी नौसेनाएँ अपनी स्थिति में सुधार कर रही हैं और युद्ध से निपटने के लिए तैयारी का संकेत दे रही हैं। 2 अक्टूबर को, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 1965 के युद्ध का हवाला देते हुए, पाकिस्तान को एक तीखी प्रतिक्रिया की चेतावनी दी, जो भारत में किसी तरफ के आतंकवादी घटना में पाकिस्तान द्वारा किसी भी दुस्साहस की स्थिति में उसके इतिहास और भूगोल को बदल सकती है लेकिन पाकिस्तान समुद्री क्षेत्र में सैन्य बुनियादी ढाँचे का विस्तार कर रहा है, यह एक ऐसा विकास है जो 2023 से जारी है। ऐतिहासिक रूप से, पाकिस्तान को इस क्षेत्र में एक सैन्य बढ़त हासिल रही है। यह अगस्त में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी द्वारा दिए गए उस बयान के बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि भविष्य में किसी भी संघर्ष में पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई करने वाली नौ सेना पहली सेना होगी।नौसेना से जुड़ी हाल की खबरें बताती हैं कि भारत ने अपना पहला स्वदेशी 3डी निगरानी रडार लांजा-एन प्राप्त किया है, जो हवाई और सतह के लक्ष्यों का पता लगा सकता है। साथ ही, नौसेना को दो आधुनिक स्टील्थ फ्रिगेट, आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि को भी शामिल किया गया है, जिससे उसकी शक्ति में वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त, भारतीय नौसेना ने सफलतापूर्वक वर्टिकल लॉन्च शॉर्ट रेंज सरफेस टू एयर मिसाइल का परीक्षण किया, जो हवाई खतरों से निपटने में सक्षम है।

ऑपरेशन सिंदूर में नौसेना की स्थिति को देखते हुए यह डिजाइन किया गया है स्वदेशी रूप से डिजाइन किए गए पहले युद्ध पोत, आईएनएस निस्तार का शामिल होना और दक्षिण चीन सागर में फिलीपींस के साथ भारत का पहला संयुक्त गश्ती दल की क्षमता व युद्ध पोत का निर्माण और हिंद-प्रशांत महासागर में में उसकी तैनाती दोनों को दशार्ता है, कि भारत की महासागर में पकड़ मजबूत है लेकिन पाकिस्तान भी जहाँ कराची और ग्वादर में चीन की उपस्थिति चिंता जनक है। पाकिस्तान ने अपने समुद्री सिग्नलिंग को हाल ही भी मजबूत किया है। मई में, उसने युद्ध में समुद्री आक्रमण से बचने के लिए कराची से ग्वादर तक समुद्र में युद्ध पोत की अपनी तैनाती बढ़ा दीं है । तब से, चीन द्वारा निर्मित हैंगोर श्रेणी की पनडुब्बी, पीएनएस मैंग्रो का प्रक्षेपण किया है और घरेलू स्तर पर विकसित पी282 जहाज से प्रक्षेपित करने वाला बैलिस्टिक मिसाइल का प्रदर्शन किया है। इसके बाद भारत ने नोटिस टू एयरमैन को जारी किया जाता है जब हवाई यातायात की आवाजाही एक निश्चित अवधि के लिए प्रतिबंधित होती है। , कई , मिसाइल का भी परीक्षण किया और लाइव-री अभ्यास भी हुए हैं - कभी-कभी केवल 60 समुद्री मील की दूरी पर झ जिससे अरब सागर में अलर्ट और परिचालन का एक चक्र बना रहा है । नौसेना सिग्नलिंग का महत्व ऑपरेशन सिंदूर के बाद नौसेना की गतिविधियों में वृद्धि एक बुनियादी सवाल उठाती है कि क्या ये समानांतर अभ्यास केवल नियमित गतिविधियाँ हैं या नौसेना क्षेत्र में भारत-पाकिस्तान निरोध समीकरण में बदलाव का संकेत देने वाला एक सुनियोजित बल प्रदर्शन है। इसका उत्तर इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि मौजूदा संकट, हालाँकि हवाई क्षेत्र में हल हो गया है, लेकिन समुद्र में रणनीतिक अनिश्चितता का एक अवशेष छोड़ गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि भारत और पाकिस्तान अपनी नौसैनिक स्थिति को नए सिरे से तैयार कर रहे हैं, न केवल प्रतिरोध के लिए, बल्कि इस संभावना के लिए भी तैयारी कर रहे हैं कि टकराव का अगला चरण समुद्री क्षेत्र में सामने आ सकता है। इस बदलाव को क्षमताओं के व्यापक संतुलन के संदर्भ में भी समझा जाना चाहिए। वायु क्षेत्र की तरह, समुद्री संतुलन को अब 1999 में कारगिल युद्ध में जीत मिली लेकिन समुद्र में उसकी शक्ति की कम थी जब 1971 में भारत पाकिस्तान युद्ध में जिस तरह अमेरिका के युद्ध पोत जंग में भारत के लिए खतरा बना था जिसे रूस के युद्ध पोतों ने टाला था और भारत विजय हुआ लेकिन 26/11/08 में समुद्री मार्ग से पाकिस्तान के आतंकवादी का घुसना और मुंबई में कत्लेआम मचाना भी समुद्री मार्ग एक कमजोर कड़ी के रूप में देखा जाता है । भारत की नौ सेना की ताकत कम नहीं है, लेकिन उसकी नौसैनिक क्षमता अब पुरानी होती जा रही है, जिससे आधुनिकीकरण की चिंताएँ बढ़ रही हैं। पाकिस्तान लगातार अपनी क्षमताओं का विस्तार कर रहा है, चीन द्वारा डिजाइन की गई पनडुब्बियों और तुर्की से बाबर श्रेणी के कोरवेट को शामिल कर रहा है। उन्नत रडार, इलेक्ट्रॉनिक युद्धक उपकरणों और बहुमुखी वायु-रोधी और सतह-रोधी हथियारों के साथ, ये संपत्तियाँ महत्वपूर्ण हैं। इस बदलाव को स्वीकार करते हुए, भारत के नौसेना प्रमुख ने पाकिस्तान की नौसेना की शक्ति में आश्चर्यजनक वृद्धि की ओर भी इशारा किया था। हालाँकि भारत की बढ़त अभी भी बनी रह सकती है, लेकिन यह अंतर कम होता जा रहा है, जिससे हिंद महासागर में निर्विवाद प्रभुत्व की धारणाएँ और भी जटिल हो रही हैं। कुल मिलाकर, ये घटनाएँ तीन कारणों से महत्वपूर्ण हैं: तनाव नियंत्रण, बाहरी हस्तक्षेप और दोनों पक्षों के बदलते सिद्धांत। पहला, समुद्र में तनाव नियंत्रण कहीं अधिक कठिन है। हवाई झड़पों के विपरीत, जिन्हें संतुलित करके पीछे हटाया जा सकता है, किसी भी नौसैनिक मुठभेड़ (जहाज पर जहाज या जमीन पर जहाज) में युद्ध की दहलीज पार करने का जोखिम अधिक होगा। 1971 की यादें, जब भारतीय नौसैनिक अभियानों ने संघर्ष को निर्णायक रूप से बदल दिया था, अतिरिक्त संवेदनशीलता जोड़ती हैं - यहाँ तक कि सीमित समुद्री कार्रवाई भी पाकिस्तान की रणनीतिक कल्पना में अस्तित्व के जोखिम से जुड़ी है। तब से, पाकिस्तान की मुख्य समुद्री चिंता भारतीय नौसैनिक अभियानों के प्रति अपनी कमजोरी की पुनरावृत्ति को रोकना रही है, जो पहुँच-रोधी/क्षेत्र-निषेध क्षमताओं की खोज और निषेध द्वारा निवारण की ओर उन्मुख सिद्धांत की क्रमिक अभिव्यक्ति में दिखाई देती है। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के ढाँचे के तहत ग्वादर के विकास को भी इसी निवारण तर्क के अंतर्गत समझा जाना चाहिए।

## संपादकीय

### दहेज का दानव

बेटियों की साक्षरता में वृद्धि और कामकाजी क्षेत्र में लगातार उनकी बढ़ती भूमिका के बावजूद यदि दहेज उत्पीड़न की घटनाओं में वृद्धि होती है, तो यह शर्मनाक स्थिति ही कही जाएगी। राष्ट्रीय क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो यानी एनसीआरबी की वह रिपोर्ट चौंकती है कि साल 2023 के दौरान देश में दहेज उत्पीड़न की घटनाओं में 14 फीसदी मामले ज्यादा दर्ज किए गए हैं। इस वर्ष के दौरान दहेज के कारण देशभर में 6,100 महिलाओं की मौत दर्ज की गई है। 21वीं सदी को ज्ञान की सदी कहा जा रहा है और हम रूढ़िवादी सोलहवीं सदी में जी रहे हैं। लड़कियों के साथ यदि परिवार व्यवस्था में भेदभाव होता है और भ्रूण हत्या की प्रवृत्ति बढ़ती है, तो उसके मूल में भी दहेज का अभिशाप ही है। लगातार खचीर्ली होती उच्च शिक्षा व्यवस्था में बेटियों की शिक्षा पर बड़ा खर्च करने के बाद यदि मां-बाप को दहेज देना पड़ता है तो यह शर्मनाक स्थिति है। हालांकि, पिछले कुछ समय से पारिवारिक विवाद व अन्य कारकों को दहेज का मामला बनाने के कुछ मामले अदालतों की चिंता का भी विषय रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद समाज में दहेज के लिये उत्पीड़न की घटनाएं कटु सत्य है। यह भी एनसीआरबी की रिपोर्ट का यथार्थ है कि देश में हर रोज दहेज के लिये हत्याएं दर्ज हो रही हैं। बेटियों को पढ़ाने तथा सरकारों द्वारा उनके सशक्तीकरण के तमाम प्रयासों के बावजूद दहेज का दानव यदि अट्टहास कर रहा है तो यह हमारे समाज की असफलता ही कही जाएगी। निस्संदेह, हमारे समाज में सोच में बदलाव लाने की जरूरत है। एक समय नारा लगाया जाता था कि दुल्हन ही दहेज है। इस नारे को हकीकत बनाने की जरूरत है। कहीं न कहीं इस संकट के मूल में पितृसत्तात्मक सोच भी जिम्मेदार है। जिसमें स्त्रियों को वाजिब हक न देकर उन्हें कमतर आंका जाता है। इस बात पर विचार किया जाना चाहिए कि दहेज प्रथा उन्मूलन के लिये सख्त कानून होने के बावजूद इस कुप्रथा पर रोक क्यों नहीं लग पा रही है। आखिर क्यों दहेज निषेध अधिनियम के अंतर्गत मामले लगातार बढ़ रहे हैं। समाज में साक्षरता वृद्धि और जागरूकता अभियानों के बावजूद स्थिति जस की तस है। विडंबना यह है कि दहेज उत्पीड़न के ज्यादातर मामले बड़े हिंदी प्रदेशों में सामने आए हैं। सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश में और फिर बिहार दूसरे नंबर पर है। ये हजारों मामले समाज में स्त्रियों की विडंबनापूर्ण स्थिति को ही दशार्ते हैं। समाज में उपभोक्तावादी सोच के चलते भी दहेज की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिल रहा है। हमें विचार करना होगा कि समाज में दहेज के संकट की जड़ों पर कैसे प्रहार किया जाए। राष्ट्र का विकास तब तक एकांगी ही रहेगा, जब तक आधी दुनिया को समाज में सम्मानजनक स्थान नहीं मिलता। दहेज के मामलों में न्याय भी शीघ्र देने की आवश्यकता है। आज जरूरत इस बात की है कि बेटियों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जाए, ताकि वे समाज में सम्मानजक ढंग से बिना किसी पर निर्भर रहकर जीवनयापन कर सकें।

## चिंतन-मनन

### कौन है नीतिनिष्ठ व्यक्ति?

सदाचार एक व्यापक और सार्वभौम तत्व है। देशकाल की सीमाएं इसे न तो विभक्त कर सकती हैं और न इसकी मौलिकता को नकार सकती हैं। जिस प्रकार सूर्य का प्रकाश सबके लिए होता है, उसी प्रकार सदाचार के मूलभूत तत्व मानव मात्र के लिए उपयोगी होते हैं। कुछ व्यक्ति अपने राष्ट्र, कुल या परंपरागत आचार को विशेष महत्व देते हैं, किंतु यह अपनेपन का व्यामोह है। जो कुछ मैं कर रहा हूं, वह सदाचार है, इस धारणा की अपेक्षा व्यक्ति को ऐसी धारणा सुदृढ़ करनी चाहिए कि जो सत आचरण है, वह मेरे लिए करणीय है।

सदाचारी व्यक्ति नीतिनिष्ठ होता है। वह किसी भी स्थिति में नीति के अतिप्रमण को अपनी स्वीकृति नहीं दे सकता। नीतिनिष्ठ व्यक्ति को परिभाषित करते हुए कहा गया है- जिस व्यक्ति में अभय, मृदुता, सत्य, सरलता, करुणा, धैर्य, कर्तव्यनिष्ठ और व्यक्तिगत संग्रह का संयम और प्रामाणिकता होती है, वह नीतिमान कहलाता है। जो व्यक्ति सत्य के प्रति समर्पित होता है, अन्याय का प्रतिकार करते समय भयभीत नहीं होता, अपनी भूल ज्ञात होने पर उसे स्वीकार करने में संकोच नहीं करता और कठिनतम परिस्थिति का मुकाबला करने के लिए तैयार रहता है, वह अभय का साधक होता है।

कोमलता का नाम मृदुता है। यह सामूहिक जीवन की सफलता का सूत्र है। इसके द्वारा व्यक्ति के जीवन में सरसता आती है। मृदु स्वभाव में लोच होती है, इस स्वभाव वाला व्यक्ति किसी भी वातावरण को अपने अनुकूल बना लेता है। सत्य का अर्थ है यथार्थता। जो तथ्य जैसा है उसे वैसा ही जानना, मानना, स्वीकार करना और निभाना सत्य है। सत्य की साधना कठिन अवश्य है, पर है आत्मतोष देने वाली। आर्जव सरलता का पर्यायवाची शब्द है। सरलता सदाचार की आधारभूमि है। इसी उर्वरा में सदाचार की पौध फलती-फूलती है। मायावी व्यक्ति कभी सदाचारी नहीं हो सकता। करुणा सदाचार का मूल है। जिस व्यक्ति के अंतःकरण में करुणा नहीं होती, वह अहिंसा के सिद्धांत को समझ नहीं सकता। अहिंसा के बिना समता का विकास नहीं होता।

# बिहार विधानसभा चुनाव 2025 : सियासी शतरंज की बिसात पर नया दौर



विनोद कुमार सिंह

बिहार में विधानसभा चुनाव 2025 की चुनावी बिगुल बज चुकी है। चुनाव आयोग ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर औपचारिक रूप से तिथियों की घोषणा कर दी। बिहार विधानसभा चुनाव दो चरणों–6 और 11 नवंबर-में संपन्न होंगे, जबकि मतगणना 14 नवंबर को होगी।

चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही राज्य का राजनीतिक पारा चढ़ गया है। सत्ता पक्ष और विपक्ष–दोनों ही गठबंधन–अपनी रणनीतियों को अंतिम रूप देने में जुट गए हैं।

एनडीए और महागठबंधन दोनों में सीटों के बँटवारे को लेकर मंथन जारी है। एनडीए खेमे में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान करीब 40 सीटों की माँग कर रहे हैं, जबकि हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) के नेता जीतन राम मांझी गयाझऔरंगाबाद जैसे क्षेत्रों में अपने प्रभाव के अनुरूप अधिक सीटें चाहते हैं।

दोनों नेताओं ने संकेत दिए हैं कि यदि माँगें नहीं मानी गईं तो वे स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ सकते हैं–जो एनडीए की एकजुटता के लिए चुनौती बन सकता है।वहीं महा गठबंधन ने भी अपनी तैयारी तेज कर दी है। राजद, कांग्रेस और वामदलों ने मिलकर 'बदलाव और बेरोजगारी के खिलाफ जनसंग्राम' का नारा दिया है।

एनडीए की सबसे बड़ी ताकत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की साझा छवि है।

केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर सत्ता में रहने का लाभ एनडीए को मिल सकता है।

भाजपा 'स्थिर सरकार, मजबूत बिहार' के संदेश के साथ जनता तक पहुँचने की कोशिश में है।

नीतीश कुमार का प्रशासनिक अनुभव अब भी कई वर्गों को प्रभावित करता है, हालांकि उनके लगातार बदलते राजनीतिक समीकरणों से कुछ मतदाताओं में असमंजस भी है।

चिराग पासवान, जिन्होंने 2024 में पाँच लोकसभा सीटें जीतकर अपनी स्थिति मजबूत की, अब विधानसभा में भी निर्णायक भूमिका चाहते हैं। मांझी की पार्टी भले सीमित सीटों पर प्रभावशाली हो, परंतु कुछ क्षेत्रों में उनका जनाधार परिणाम तय कर सकता है।

महागठबंधन की मुहिम : जनता बनाम सत्ता - महागठबंधन ने इस बार 'जनता बनाम सत्ता' का मुद्दा केंद्र में रखा है।

तेजस्वी यादव बेरोजगारी, पलायन और शिक्षा जैसे विषयों पर युवाओं को जोड़ने की मुहिम चला रहे हैं, जबकि कांग्रेस राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' के जरिए शहरी और युवा मतदाताओं को आकर्षित कर रही है।

वामदलों का फोकस किसानों- मजदूरों पर है - महागठबंधन की कोशिश है कि पारंपरिक मुस्लिम-यादव (MY) समीकरण के साथ अति पिछड़े वर्गों और आर्थिक रूप से कमजोर तबकों तक भी पहुँच बनाई जाए।

नीतीश कुमार के लगातार 'पाला बदलने' से विपक्ष को 'विश्वसनीयता' का मुद्दा मिला है, जिसे वह भुनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा।

गाँव से शहर तक प्रचार युद्ध जारी है

ग्रामीण इलाकों में जातीय और स्थानीय समीकरण अब भी निर्णायक हैं। एनडीए 'लाभार्थी वर्ग' को साध रहा है-वे लोग जिन्हें केंद्र या राज्य की योजनाओं का सीधा लाभ मिला है। भाजपा-जदयू कार्यकर्ता घर-घर जाकर सरकारी योजनाओं की उपलब्धियाँ गिना रहे हैं।

महागठबंधन 'रोजगार और सम्मान' को केंद्र में रखकर युवाओं से संवाद कर रहा है।सोशल मीडिया पर भी जंग तेज है - ट्विटर (X), फेसबुक और यूट्यूब पर दोनों गठबंधन प्रचार अभियान में जुटे हैं।तेजस्वी यादव और चिराग पासवान 'युवा नेतृत्व' के प्रतीक के रूप में उभर रहे हैं। महिलाएँ और युवा : सत्ता का नया गणित -इस बार चुनावी परिणामों में महिला और युवा मतदाताओं की भूमिका निर्णायक मानी जा रही है।

नीतीश सरकार की साइकिल योजना,पोषण आहार और महिला आरक्षण जैसी योजनाएँ अब भी महिला वोटरों के बीच लोकप्रिय हैं।

लेकिन बेरोजगारी और पलायन से जूझ रहे युवाओं में असंतोष विपक्ष के लिए अवसर बन सकता है।

महिलाएँ अब केवल पारंपरिक सोच से नहीं, बल्कि शिक्षा, सुरक्षा और महँगाई जैसे ठोस मुद्दों पर मतदान निर्णय ले रही हैं। एनडीए 'नारी शक्ति-मजबूत बिहार' के नारे पर केंद्रित है,जबकि महागठबंधन 'समान अवसर, समान अधिकार' को मुख्य एजेंडा बना रहा है।

चुनाव आयोग की तैयारियाँ -मुख्य चुनाव आयुक्त और उनकी टीम ने बिहार की प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा की है। पूवार्चंल वासियों का महापर्व छठ के बाद दो चरणों में मतदान प्रस्तावित है–6 और 11 नवंबर को होगी , वही मतगणा 14 नम्बर को होगी।सुरक्षा और लॉजिस्टिक कारणों से इस बार बहु-चरणीय मतदान को प्राथमिकता दी गई है।

भविष्य का सियासी गणित -बिहार का मतदाता अब पहले से अधिक जागरूक है। जाति और धर्म से आगे बढ़कर जनता विकास, रोजगार और शिक्षा पर ध्यान दे रही है। एनडीए के पास मजबूत संगठनात्मक नेटवर्क है–भाजपा की बूथ-स्तरीय मशीनरी और जदयू का प्रशासनिक अनुभव।

वहीं महागठबंधन 'परिवर्तन' के नारे और युवा ऊर्जा के सहारे मैदान में उतरा है।यदि एनडीए चिराग पासवान और मांझी की सीट माँगों को संतुलित ढंग से हल कर लेता है, तो उसकी एकजुटता बनी रह सकती है। अन्यथा मतभेद महागठबंधन को बढ़त दे सकते हैं।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस बार चुनाव का परिणाम 'माइक्रो कास्ट समीकरण', 'युवा भागीदारी' और 'स्थानीय नेतृत्व की विश्वसनीयता' पर निर्भर करेगा। संक्षेप में बिहार की सियासत का नया अध्याय बिहार में सत्ता की राह हमेशा गठबंधन की राजनीति से होकर गुजरती है।एनडीए के लिए यह चुनाव 'एकता और संयम' की परीक्षा है,जबकि महागठबंधन के लिए 'विश्वसनीयता और वैकल्पिक नेतृत्व' की। जनता का मूड इस बार विकास और भरोसे के इर्द-गिर्द घूमता दिख रहा है।आगामी महीनों में उम्मीदवार चयन और प्रचार रणनीति यह तय करेंगे कि बिहार की जनता स्थिरता चुनेगी या बदलाव। एक बात तय है –2025 का बिहार विधानसभा चुनाव केवल सत्ता का संघर्ष नहीं, बल्कि राज्य की सियासी संस्कृति के पुनर्निर्माण की लड़ाई होगा।

# मुद्दा-खाद्यान्न संकट से निपटना बड़ी चुनौती



अविनाश चन्द्र

21वीं सदी में भारत सहित समस्त विश्व के सामने सबसे बड़ी चुनौती खाद्यान्नों के संकट से निबटने की होगी। वर्ष 2050 तक दुनिया की आबादी के 9.3 अरब होने उम्मीद है। इतनी बड़ी आबादी की खाद्य जरूरतों को पूरा करने के लिए वर्तमान में होने वाले कुल वैश्विक उत्पादन की तुलना में 70 प्रतिशत अधिक खाद्यान्नों के उत्पादन की जरूरत पड़ेगी। दुनियाभर में बने युद्ध के माहौल ने कोढ़ में खाज की ही स्थिति पैदा की है। कई ध्ल्वों में बंट चुकी दुनिया के देशों द्वारा खाद्यान्नों के आयात-निर्यात को हथियार के तौर पर इस्तेमाल किये जाने के कारण समस्या और विकराल हुई है। इसके अलावा धरती की घटती उर्वरा शक्ति के साथ साथ जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निबटते ह०ए उत्पादन लक्ष्यों को प्राप्त करना सभी देशों के लिए मुश्किलों का सबब बनने वाला है। जलवायु परिवर्तन का सबसे अधिक दुष्प्रभाव जिन देशों पर पड़ सकता है उसमें भारत सबसे संवेदनशील देशों वाले वर्ग में आता है। वैश्विक भुखमरी सूचकांक 2024 में भारत का स्थान 127 देशों में 105वें क्रम पर है। जबकि 2050 तक भारत की आबादी के बढ़कर 1.7 अरब होने की संभावना है और देशवासियों की खाद्य जरूरतों को पूरा करने उसे कुल वर्तमान उत्पादन की तुलना में उत्पादन को कम से कम 32 प्रतिशत अधिक बढ़ाना होगा।

मुश्किलों की झलक हमें विगत क०छ वषों के दौरान स्पष्ट रूप से देखने को मिलने लगी हैं जब आश्चर्यजनक रूप गर्मी फरवरी-मार्च महीने में ही अपने तेवर दिखाने लगती है। बरसात के बदलते पैटर्न ने भी कृषि कार्य को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। वर्ष 2021 का ही उदाहरण लेते हैं। फरवरी तक जिस गेहूं के रिकॉर्ड उत्पादन की उम्मीद की जा रही थी और जिसके बल पर रिकॉर्ड निर्यात की योजना बनाई जा रही थी, मई आते आते कम उत्पादन के कारण उस पर पानी फिर गया। आलम ये बना कि सरकार को गेहूं के निर्यात पर रोक लगाने का फैसला लेना पड़ा। गेहूं के अलावा चीनी के निर्यात को भी रोक दिया गया। यह एक दिन या एक वर्ष की बात नहीं है। आज समस्त विश्व के समक्ष बढ़ती जनसंख्या की खाद्यान्न जरूरतों को पूरा करने की बड़ी चुनौती है। दुनियाभर के नीति निर्धारक और वैज्ञानिक इस समस्या का समाधान तलाशने में अनवरत रूप से जुटे हैं। जागल्कता और प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि के कारण खाद्यान्नों की सबसे ज्यादा मांग विकासशील और अल्पविकसित देशों से होने की उम्मीद की जा रही है। जबकि जलवायु परिवर्तन की सबसे अधिक मार भी इन्ही विकासशील देशों पर ही पड़ने की उम्मीद है। आसन्न संकट को देखते हुए दुनियाभर के नीति नियंताओं के बीच खाद्यान्न संकट से निबटने के लिए कृषि के क्षेत्र में अत्याधुनिक तकनीकि के प्रयोग से उत्पादन में वृद्धि और उत्पादों के बेहतर संरक्षण को लेकर सहयोग और सामंजस्य पर सहमति तैयार करने का दौर जारी है। जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करते हुए और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देते हुए खाद्यान्नों के उत्पादन में वृद्धि की च०नौती बड़ी है लेकिन जेनेटिकली मॉडिफाइड यानी अनुवांशिक रूप से संशोधित कृषि उत्पादन तकनीकि से उम्मीद जगती है। इस तकनीक से फसलों को जहां कीट, बीमारी और खरपतवार रोधी बनाए जाने में सफलता प्राप्त हुई है वहीं मौसम जनित विषमताओं को झेलने में भी आसानी हुई है। एक दशक पूर्व विकसित सब1ए प्रकार के धान का पौधा बाढ़ और सूखे दोनों प्रकार की परिस्थितियों को झेलने में सक्षम है वहीं गोल्डन राइस विटामिन ए की प्रचूरता से युक्त है। चूंकि बीजों को विकसित करने के दौरान ही उनके जीन में परिवर्तन कर उन्हें कीट और खरपतवार रोधी बना दिया जाता है इसलिए पूरे फसल चक्र के दौरान इन पर रासायनिक कीटनाशकों के छिड़काव की या तो जरूरत नहीं पड़ती या बहुत कम पड़ती है। इस पद्धति से की जाने वाली खेती में बीज रोपने के लिए खेतों की बहुत अधिक जुताई करने की जरूरत भी नहीं पड़ती है जिससे पेट्रो पदार्थों की खपत और प्रदूषक गैसों के उत्सर्जन में भी कमी आती है। रसायनों के न्यून प्रयोग के कारण पर्यावरण संरक्षण और मानव स्वास्थ्य के लिहाज से भी यह पारंपरिक कृषि की तुलना में अधिक प्रभावी है। यही कारण है कि वर्ष 1996 तक दुनियाभर में जीएम फसलों का कुल रकबा जहां 17 लाख हेक्टेयर था वहीं 2019 आते आते यह बढ़कर 1 करोड़ 94 लाख हेक्टेयर तक हो गया। भारतीय किसानों ने भी बीटी कॉटन के प्रयोग से बंपर उत्पादन प्राप्त करने और देश को शुद्ध आयातक से शुद्ध निर्यातक में परिवर्तित करने में सफलता प्राप्त की है। कॉटन उत्पादकों ने बीटी बीज की मदद से उत्पादन में 22 प्रतिशत की वृद्धि और मुनाफे में 68 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की जबकि इसी दौरान रासायनिक कीटनाशकों के प्रयोग में 37 प्रतिशत की कमी हुई। बीटी कॉटन की सफलता से उत्साहित भारतीय कृषि विज्ञानियों ने वर्ष 2009 में ही बीटी बैंगन भी तैयार कर लिया। व्यापक परीक्षण के बाद खाद्य नियायम प्राधिकरण द्वारा इसका अनुमोदन भी किया गया लेकिन दो दशक से भी अधिक समय से किसान बीटी बैंगन के वाणिज्यिक उत्पादन के लिए सरकारी हरी झंडी के इंतेजार में हैं। जबकि पड़ोसी देश बांग्लादेश ने 2014 में बीटी बैंगन के उत्पादन को मंजूरी दे दी और तब से वहां व्यापक रूप से इसका उत्पादन और उपभोग किया जा रहा है। सितंबर 2018 में जीईएसी की बैठक में बांग्लादेश में करीब 50 हजार किसानों द्वारा बीटी बैंगन उगाने की जानकारी दी गई थी। इसमें से 27 हजार से ज्यादा किसान ऐसे थे जिन्होंने पिछली फसल से अपने बीज बचाए थे। इंटरनेशनल फूड पॉलिसी रिसर्च इंस्टीट्यूट (आईएफपीआरआई) और बांग्लादेश एग्रीकल्चरल रिसर्च इंस्टीट्यूट (बारी) ने बांग्लादेश में बीटी बैंगन की खेती करने और न करने वाले किसानों में 2018 में एक परीक्षण किया और पाया कि बीटी बैंगन की खेती करने वाले किसानों की प्रति किलोग्राम लागत में 31 फीसदी की कमी और प्रति हेक्टेयर कमाई में 27.3 फीसदी की वृद्धि हुई। जबकि कीटनाशकों के प्रयोग में 39 फीसदी की कमी आई और बीटी बैंगन में एफएबीस कीड़े का प्रकोप केवल 1.8 फीसदी था, जबकि दूसरी किस्म के बैंगन में 33.9 फीसदी था। वर्ष 2021 फिलीपींस में भी बीटी बैंगन को मंजूरी दे दी गई। यही सूरते हाल भारतीय कृषि विज्ञानियों द्वारा विकसित सरसों की जीएम किस्म का भी है। दो दिन पूर्व ही खबर आई कि चीन ने अपने देश में सोयाबीन और मक्का सहित 98 फसलों के जीएम प्राल्प के उत्पादन की अनुमति दे दी है। जबकि भारत में जीएम फसलों का मुद्दा खाद्या९ आपूर्ति से ज्यादा राजनीति का मुद्दा बन चुका है। एक आधारहीन अवधारणा के बल पर यह साबित करने का अनवरत प्रयास चल रहा है कि जीएम खाद्य पदार्थ मानव स्वास्थ्य के अनुकूल नहीं है। इसके अतिरिक्त इसे विदेशी बीज उत्पादकों के मुनाफे से जोड़कर देसी भावनाओं को भड़काने का काम किया जा रहा है। कुछ सामाजिक संगठनों, कृषि विशेषज्ञों, कीटनाशक उत्पादकों की लॉबी आदि के दबाव में सरकार चाहते ह०ए भी जेनेटिकली मॉडिफाइड फसलों के वाणिज्यिक उत्पादन की अनुमति नहीं दे पा रही है। जबकि लगभग 3 हजार वैज्ञानिक अध्ययनों द्वारा इन फसलों की सुरक्षा का आंकलन किया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूरोपीय आयोग और रॉयल सोसाइटी ऑफ मेडिसिन सहित वैश्विक स्तर के 284 संस्थान जीएम फसलों को मानव और पर्यावरण के लिए स०रक्षित मानते हैं। 2016 में नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज, इंजीनियरिंग और मेडिसिन ने 9 सौ से अधिक प्रकाशनों की समीक्षा की, 80 वक्ताओं को सुना और जनता से 7 सौ से अधिक टिप्पणियां एकत्रित की। वे सभी एक ही निष्कर्ष पर पहुंचे कि गैर जीएम फसलों की तुलना में जीएम उत्पाद मानव स्वास्थ्य के लिए कोई जोखिम पैदा नहीं करते हैं और न ही वे स्पष्ट रूप से किसी पर्यावरणीय समस्या का कारण बनते हैं। यहां तक कि भारत सरकार द्वारा भी संसद में बयान दिया जा चुका है कि जीएम सुरक्षित हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### जॉर्जिया में चुनाव के दौरान हिंसक विरोध प्रदर्शन, प्रदर्शनकारियों ने आगजनी की ; पुलिस ने मिर्च स्प्रे किया



**त्बिलिसी एजेंसी।** जॉर्जिया की राजधानी त्बिलिसी में शनिवार को नगरपालिका चुनावों के दौरान सरकार के खिलाफ हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए। नकाबपोश प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति भवन के पास सुरक्षा बैरियर तोड़ने की कोशिश की। प्रदर्शनकारियों ने कुर्सियों में आग लगा दी और सड़कों पर बैरिकेड्स बनाए। प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने पानी की बौछार, काली मिर्च स्प्रे और आंसू गैस का इस्तेमाल किया। जॉर्जिया पूर्वी यूरोपीय देश है, जो रूस और तुर्की के बीच स्थित है। यह पिछले साल के संसदीय चुनावों में सत्तारूढ़ जॉर्जियन ड्रीम पार्टी की जीत के दावे के बाद से संकट में है। विपक्षी दलों का कहना है कि उस चुनाव में धोखाधड़ी हुई थी। सरकार ने यूरोपीय संघ (ईयू) में शामिल होने की बातचीत को भी रोक दिया है। शनिवार को हजारों प्रदर्शनकारी त्बिलिसी के फ्रीडम स्क्वायर और रुस्तवेली एवेन्यू पर जमा हुए, जिनमें से कई जॉर्जिया, ईयू और यूक्रेन के झंडे लहरा रहे थे। उन्होंने जॉर्जियन ड्रीम पार्टी पर तानाशाही और रूस समर्थक रवैये का आरोप लगाया। कुछ विपक्षी नेताओं ने सरकार को हटाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने सत्तारूढ़ पार्टी के 6 नेताओं की गिरफ्तारी की भी मांग की और जनता की इच्छा का सम्मान करने को कहा।

### नेपाल में कुदरत का कहर, 24 घंटे से लगातार हो रही बारिश से 18 लोगों की मौत ; कई नदियों का बढ़ा जलस्तर



**काठमांडु, एजेंसी।** पड़ोसी देश नेपाल में कुदरत का कहर देखने को मिला है। पूर्वी नेपाल के इलम में पिछले 24 घंटों में बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में कम से कम 18 लोगों की जान गई है। दरअसल,रविवार सुबह तक सूर्योदय नगर पालिका में भूस्खलन में कम से कम 5 लोग, मंगसेबुंग नगर पालिका में 3 और इलम नगर पालिका में 6 लोगों की मौत की खबर है। इस आपका के बाद प्रशासन राहत के कामों में लग गया है। बढ़ सकती है मृतकों की संख्या वहीं,एसएसपी पोखरेल ने समाचार एजेंसी एएनआई से फोन पर बातचीत में कहा कि इस आपदा में मरने वालों की संख्या में इजाफा हो सकता है। वर्तमान में नुकसान का आकलन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभी तक हमारे पास केवल नुकसान और क्षति का प्रारंभिक विवरण है। प्रभावित इलाकों में सुरक्षा एजेंसियों के तीनों स्तरों (जिसमें नेपाल सेना, सशस्त्र पुलिस बल और नेपाल पुलिस शामिल है) को तैनात किया गया है। भारी बारिश और आगे भी बारिश को लेकर चेतावनी जारी की गई है। इस बीच नदियां उफान पर हैं। काठमांडू घाटी के बाढ़ के मैदानों से निवासियों को निकालने के लिए उन्हें तैनात किया गया है। नदियों के किनारे तलाशी अभियान जारी सुरक्षा एजेंसियों ने शनिवार को घाटी से होकर गुजरने वाली सभी प्रमुख नदियों के किनारे बसी बस्तियों में तलाशी अभियान चलाया। एजेंसियों ने घर-घर में जाकर तलाशी ली, निवासियों को बाहर निकलने में मदद की और उनके सामान को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में मदद की। इन नदियों का जलस्तर बढ़ने की संभावना नेपाल के जल विज्ञान और मौसम विज्ञान विभाग ने बागमती, हनुमंते, मनोहरा, धोबी खोला, बिष्णुमती, नक्खू और बल्खू नदियों में जलस्तर बढ़ने की जानकारी दी है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि बाढ़ सड़क किनारे के इलाकों तक पहुंच सकती है और बस्तियों में घुस सकती है। निवासियों और वाहन चालकों से बाढ़ के खतरे के कारण नदी के किनारे यात्रा करने से बचने का आग्रह किया गया है।

# असद शासन के तख्तापलट के बाद सीरिया में पहली बार हो रहे संसदीय चुनाव



**दश्मिक, एजेंसी।** सीरिया में दशकों की तानाशाही और एक लंबे गृहयुद्ध के बाद रविवार को पहली बार संसदीय चुनाव हो रहे हैं। दरअसल, दिसंबर में एक विद्रोही हमले में निरकुंश नेता रहे बशर अल-असद को सत्ता से बेदखल कर दिया गया था। जिसके बाद यह चुनाव हो रहा है। सीरिया में हो रहा यह चुनाव बेहद महत्वपूर्ण है। क्योंकि यहां 50 वर्षो से अधिक समय तक असद परिवार ने देश पर कठोर शासन किया था। पिछले 10 वर्षो में सीरिया में हुए गृहयुद्ध ने तबाह कर दिया था। वैसे तो सीरिया में नियमित चुनाव होते रहे थे। जिसमें सभी सीरियाई नागरिक को मतदान करने का अधिकार था। लेकिन असद के नेतृत्व वाली बाथ पार्टी हमेशा संसद पर हावी रही, और इन चुनावों को व्यापक रूप से दिखावटी चुनाव माना जाता था।

**लोकतांत्रिक प्रकिया पर नहीं हो रहा चुनाव :** हालांकि, रविवार को हो रहा चुनाव भी पूरी तरह से लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर नहीं होगा। बल्कि, पीपुल्स असेंबली की ज्यादातर सीटों पर प्रत्येक जिले के निर्वाचक मंडल द्वारा मतदान किया जाएगा, जबकि एक-तिहाई सीटों पर अंतरिम राष्ट्पति अहमद अल-शरा द्वारा सीधे नियुक्ति की जाएगी। फिर भी चुनाव परिणामों को इस बात का पैमाना माना जाएगा कि अंतरिम सरकारें समावेशिता, खासकर महिलाओं और अल्पसंख्यकों के प्रति, कितनी गंभीर हैं।

**कैसे काम करती है यह प्रणाली? :** बता दें कि पीपुल्स असेंबली में 210 सीटें हैं, जिनमें से दो-तिहाई रविवार को चुनी जाएंगी और एक-तिहाई नियुक्त की जाएंगी। निर्वाचित सीटों पर देश भर के जिलों के निर्वाचक मंडल द्वारा मतदान किया जाता है, और प्रत्येक जिले के लिए सीटों की संख्या जनसंख्या के अनुसार वितरित की जाती है।

चुनावी प्रक्रिया के अनुसार, 60 ज़िलों में कुल 7,000 निर्वाचक मंडल सदस्यों - जिन्हें इस उद्देश्य के लिए नियुक्त समितियों द्वारा प्रत्येक जिले में आवेदकों के समूह में से चुना जाता है। उनको 140 सीटों के लिए मतदान करना चाहिए। लेकिन स्वेदा प्रांत और कुर्द नेतृत्व वाली सीरियाई डेमोक्रेटिक फोर्सेज के नियंत्रण वाले पूर्वोत्तर क्षेत्रों में स्थानीय अधिकारियों और दमिश्क की केंद्र सरकार के बीच तनाव के कारण चुनाव अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिए गए हैं, जिसका अर्थ है कि ये सीटें खाली रहेंगी। वहीं, करीब 6,000 निर्वाचक मंडल सदस्य 50 जिलों में लगभग 120 सीटों के लिए मतदान करेंगे। व्यक्तिगत रूप चुनाव लड़ रहें नेता गौरतलब है कि असद के सत्ता से बेदखल होने के बाद अंतरिम अधिकारियों ने सभी मौजूदा राजनीतिक दलों को भंग कर दिया। इसमें अधिकांश असद सरकार से निकटता से जुड़े थे। यहां अभी तक नए दलों के रजिस्ट्रेशन की कोई व्यवस्था नही है। इसलिए सभी उम्मीदवार व्यक्तिगत रूप से चुनाव लड़ रहे हैं।

**महिलाओं के लिए कोई रिजर्व कोटा नहीं :** संसद में महिलाओं और धार्मिक या जातीय अल्पसंख्यकों के प्रतिनिधित्व के लिए कोई रिजर्व कोटा नहीं है। सरकारी समाचार एजेंसी सना ने राष्ट्रीय चुनाव समिति के प्रमुख मोहम्मद ताहा अल-अहमद के हवाले से बताया कि अंतिम सूचियों में शामिल 1,578 उम्मीदवारों में से 14 प्रतिशत महिलाएं थीं। कुछ ज़िलों में, कुल उम्मीदवारों में से 30 या 40 प्रतिशत महिलाएं हैं, जबकि अन्य में कोई महिला उम्मीदवार नहीं है।

# अब हुई देरी, तो भुगतने के लिए तैयार रहना, शांति समझौते को मानने के लिए ट्रंप ने हमास को दी वॉर्निंग



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने एक बार फिर फलस्तीन में गाजा समूह को चेतावनी दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि वह (हमास) जल्द से जल्द कदम उठाए और इजरायल के साथ शांति समझौते पर सहमत हो, वरना गाजा में और ताबाही देखने को मिल सकती है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर लिखा कि हमाज को जल्द ही कदम उठाना होगा, वरना सारे दांव बेकार चले जाएंगे। उन्होंने यह भी लिखा कि वह अब देर बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि इस प्लान को हमास को मानना चाहिए और इसको जल्द से जल्द पूरा किया जाना चाहिए। इसके अलावा डोनाल्ड ट्रंप ने इस बात की सराहना भी कि इजरायल ने बंधकों की रिहाई और शांति समझौते को पूरा होने का मौका देने के लिए बमबारी अस्थायी रूप से रोक दी है। हालांकि, इस बीच नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने कहा कि इजरायल ने रात भर में गाजा शहर पर दर्जनों हमले किए।

**कोई भी देरी बर्दाश्त नहीं :** बताया जा रहा है कि ट्रंप के एक वरिष्ठ दूत बंधकों की रिहाई की जानकारी और को पाने और इस विवरण को अंतिम रूप देने के लिए मिस्र जा रहे थे। चूंकि अमेरिकी राष्ट्पति ने पहले ही चेतावनी दी है कि इस प्लान में वह देरी बर्दाश्त नहीं करेंगे। एनडीटीवी की एक रिपोर्ट में बताया गया कि व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा कि जेरेड कुशनर और ट्रंप के मध्य पूर्व दूत स्टीव विटकॉफ बंधकों की रिहाई के विवरण को अंतिम रूप देने और इजरायल और हमास के बीच संघर्ष को समाप्त करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा प्रस्तावित समझौते पर चर्चा करने के लिए इस क्षेत्र की यात्रा कर रहे हैं।

सभी बंधकों को छोड़ने के तैयार है हमास गौरतलब है कि फलस्तीन में हमास समूह ने शुक्रवार को दो साल से चल रहे युद्ध को समाप्त करने वाली योजना पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। इस दौरान हमास का कहना है कि वह सभी बंधकों को रिहा करने और समझौते के विवरण पर चर्चा करने के लिए तैयार है।

वहीं, अमेरिकी राष्ट्पति ने इसके बदले में इजरायल से युद्धग्रस्त क्षेत्र पर बमबारी तुरंत रोकने का आह्वान किया, हालांकि क्षेत्र में वाशिंगटन के प्रमुख सहयोगी ने शनिवार को कहा कि उसके सैनिक अभी भी गाजा में सक्रिय हैं।

# अमेरिकी पुलिस ने शिकागो में महिला को मारी गोली

**शिकागो , एजेंसी।** अमेरिका के शिकागो में कानून प्रवर्तन अधिकारियों पर हमला हुआ है। करीब 10 वाहनों ने उन्हें टक्कर मारते हुए घेर लिया। इस दौरान अमेरिकी संघीय एजेंटों ने एक महिला को गोली मार दी। यह घटना बढ़ते आईसीई विरोधी प्रदर्शन और ट्रंप सरकार द्वारा डेमोक्रेटिक नेतृत्व वाले शहरों में अशांति को कम करने के प्रयासों के बीच हुई है। संघीय एजेंटों का कहना है कि शिकागो के साउथ साइड पर अधिकारियों को फंसाया गया था। डीएचएस की सहायक सचिव ट्रिशिया मैकलॉघलिन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि कम से कम 10 कारों ने अधिकारियों को टक्कर मारी और घेर लिया। उन्होंने आगे लिखा कि एजेंट अपने वाहनों को आगे नहीं बढ़ा पाए और कार से बाहर निकल गए। कानून प्रवर्तन वाहन को टक्कर मारने वाले ड्राइवरों में से एक के पास एक अर्ध-स्वचालित हथियार था। कानून प्रवर्तन को अपने हथियार तैनात करने और एक सशस्त्र अमेरिकी नागरिक पर रक्षात्मक गोलियां चलाने के लिए मजबूर होना पड़ा, जो खुद ही घावों का इलाज कराने के लिए अस्पताल जा रही थी। मैकलॉघलिन ने पोस्ट के जरिए बताया कि सशस्त्र महिला का नाम पिछले हफ्ते एक खुफिया बुलेटिन में एजेंटों की जानकारी छिपाने और ऑनलाइन पोस्ट करने के लिए दर्ज किया गया था। महिला का नाम अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया है और शनिवार को उसकी हालत ठीक नहीं थी। इस मामले को लेकर अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग की सचिव क्रिस्टी नोएम ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज शिकागो में, हमारे बहादुर कानून प्रवर्तन अधिकारियों पर हमला किया गया - दस वाहनों ने उन्हें टक्कर मार दी और घेर लिया, जिनमें एक अर्ध-स्वचालित हथियार से लैस हमलावर भी शामिल था। मैं घटनास्थल पर नियंत्रण के लिए और विशेष अभियान चला रही हूं। अतिरिक्त बल आ रहे हैं। अगर आज आपको कोई कानून प्रवर्तन अधिकारी मिले, तो उन्हें धन्यवाद दें।

# ट्रंप प्रशासन को यूएसफेडरल कोर्ट से बड़ा झटका, पोर्टलैंड में सैनिकों की तैनाती पर लगाई रोक

**न्यूयार्क, एजेंसी।** अमेरिकी संघीय न्यायालय राष्ट्रपति डोनलड ट्रंप को बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने 200 नेशनल गार्ड सैनिकों की तैनानी पर स्थायी रोक लगा दी है। संघीय न्यायालय का कहना है कि हाल के दिनों में हुए विरोध प्रदर्शनों को 'विद्रोह' नहीं कहा जा सकता और यह विरोध कानून-व्यवस्था में गंभीर बाधा नहीं बनती।

दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने ओरेगन के पोर्टलैंड शहर में 200 नेशनल गार्ड सैनिकों की तैनाती का आदेश दिया था। लेकिन संघीय जज ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप को पोर्टलैंड शहर में 200 ओरेगन नेशनल गार्ड सैनिकों की तैनाती पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी। संघीय न्यायालय द्वारा यह रोक 18 अक्टूबर तक के लिए लगाया गया है। पोर्टलैंड में अमेरिकी जिला जज करिन इमरगुट ने यह फैसला सुनाया है। उन्होंने नेशनल गार्ड सैनिकों की तैनाती पर रोक लगाते हुए कहा कि प्रशासन ने ऐसा कोई सबूत पेश नहीं किया, जिससे यह साबित हो सके कि पोर्टलैंड में विरोध प्रदर्शन किसी विद्रोह के स्तर तक पहुंचे हों या उन्होंने कानून व्यवस्था में गंभीर बाधा बन रही हो। साथ ही यह भी दावा किया गया है कि ट्रम्प की तैनाती राज्य के अधिकारों का उल्लंघन करती है।

**ट्रंप के लिए बड़ा झटका :** पोर्टलैंड में अमेरिकी जिला जज करिन इमरगुट का फैसला यह फैसला ट्रम्प के लिए एक झटका है क्योंकि वह उन शहरों में सेना भेजना चाहते हैं। जिन्हें वह अपने डेमोक्रटिक नेताओं की आपत्तियों के बावजूद अराजक बताते हैं। ट्रंप द्वारा अपने पहले कार्यकाल के दौरान नियुक्त किए गए इमरगुट ने ही रिपब्लिकन राष्ट्रपति को कम से कम 18 अक्टूबर तक सेना भेजने से रोक दिया।

वकीलों ने क्या कहा? गौरतलब है कि ट्रंप ने पोर्टलैंड शहर को युद्धग्रस्त बताते हुए नेशनल गार्ड सैनिकों की तैनाती करने का आदेश दिया था। लेकिन इस मामले पर ओरेगन अटॉर्नी जनरल कार्यालय के वकीलों ने कहा है कि पोर्टलैंड में विरोध प्रदर्शन छोटे और शांत थे। इसी वजह से 19 जून तक सिर्फ 25 गिरफ्तारियां हुई। जबकि इसके बाद तीन महीनों में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई।

व्हाइट हाउस करेगा अपील करेगा व्हाइट हाउस की प्रवक्ता एबिगेल जैक्सन ने कहा, राष्ट्पति ट्रंप ने हिंसक दंगों और कानून प्रवर्तन पर हमलों के बाद पोर्टलैंड में संघीय संपत्तियों और कर्मियों की सुरक्षा के लिए अपने वैध अधिकार का प्रयोग किया है। हमें उम्मीद है कि उच्च न्यायालय द्वारा उन्हें दोषमुक्त किया जाएगा।

आपत्तियों के बावजूद सेना भेजने की तैयारी ट्रंप पहले ही लॉस एंजिल्स और वाशिंगटन डी.सी।की पुलिसिंग के लिए नेशनल गार्ड भेज चुके हैं, और उन्होंने कहा है कि वह कई अन्य शहरों में भी सेना भेजेंगे। इससे पहले शनिवार को, इलिनॉय के गवर्नर, जो एक डेमोक्रेट हैं, जेबी प्रिट्जकर ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था कि ट्रंप उनकी आपत्तियों के बावजूद शिकागो में 300 नेशनल गार्ड सैनिक भेजने की तैयारी कर रहे हैं।

# ट्रंप के रोकने के बावजूद गाजा पर हमला कर रहा इजरायल, अटैक में 70 की मौत

**येरूसलम, एजेंसी।** गाजा में चल रहे संघर्ष के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप युद्ध विराम की कोशिश कर रहे हैं। इस बीच इजरायल ने गाजा पर फिर से हवाई हमला शुरू कर दिया है। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को हुए इजरायली हमले में कम से कम 70 फिलिस्तीनी नागरिक मारे गए हैं। मारे गए नागरिकों में मासूम बच्चे भी शामिल हैं। दरअसल, ट्रंप हमास-इजरायल के बीच चल रहे युद्ध को रोकने का प्रयास कर रहे हैं। हमास द्वारा सहमति जताए जाने के बाद, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने इजरायल से गाजा पर तुरंत बमबारी रोकने का आदेश दिया था। इसके बाद भी शनिवार को इजरायल द्वारा गाजा पर हमला किया गया है। इस हमले में इजरायली सैन्य ठिकानों के बीच में रहे गाजा शहर के लोग सबसे अधिक हताहत हुए। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, स्वास्थ्य अधिकारियों ने पुष्टि की है कि वहां 45 लोगों की जान चली गई। हाल के हफ्तों में इजरायली हमलों ने दस लाख से अधिक गाजावासियों को प्रभावित किया है। इजरायल द्वारा किए जा रहे हमले के कारण गाजावासियों को यह इलाका छोड़कर दक्षिणी गाजा की ओर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

हमले से पहले खाली करने का अल्टीमेटम इजरायली सेना ने दक्षिणी गाज़ा में एक विस्थापन शिविर, अल-मवासी पर भी हमले किए हैं। इससे पहले ही इजरायली सैनिकों ने फिलिस्तीनियों को खाली करने के लिए कहा था। इस हमले में दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि कम से कम आठ अन्य घायल हो गए। इसके अलावा तुफाह इलाके में, एक रिहायशी घर पर भी हवाई हमले हुए। जिसमें 18 लोग मारे गए और कई लोग घायल हुए।

ट्रंप ने दी चेतावनी गौरतलब है कि ट्रंप ने इस बात की सराहना की कि इजरायल ने बंधकों की रिहाई के लिए बमबारी अस्थायी रूप से रोक दी, लेकिन हमास को चेतावनी दी कि वह देरी न करे, वरना सब दांव पर लग जाएगा। ट्रंप ने कहा कि मैं देरी बर्दाश्त नहीं करूंगा, जैसा कि कई लोग सोचते हैं कि होगा, या ऐसा कोई भी नतीजा बर्दाश्त नहीं करूँगा जहाँ गाज़ा फिर से ख़तरा पैदा करे। आइए इसे जल्द से जल्द पूरा करें। सभी के साथ उचित व्यवहार किया जाएगा। ट्रंप ने लिखा, जब हमास पुष्टि करेगा, तो युद्धविराम तुरंत प्रभावी हो जाएगा, बंधकों और कैदियों की अदला-बदली शुरू हो जाएगी, और हम वापसी के अगले चरण के लिए परिस्थितियाँ तैयार करेंगे। मिस्र के विदेश मंत्रालय के अनुसार, हमास और इजरायल के प्रतिनिधिमंडल भी सोमवार को वार्ता में शामिल होंगे।

# कराची में 6 अलग-अलग जगहों पर हुई फायरिंग से दहशत में लोग, 4 की मौत और कई घायल




**कराची , एजेंसी।** पाकिस्तान के कराची में 6 जगहों पर फायरिंग के बाद 4 लोगों की मौत हो गई। यह सभी घटनाएं शनिवार को अलग-अलग जगहों पर दर्ज की गईं। फायरिंग से पूरे शहर में सनसनी फैल गई है। कराची के ओरंगी में कुछ लुटेरों ने इस घटना को अंजाम दिया। इकबाल मार्केट पुलिस स्टेशन में एलपीजी की दुकान पर लूटपाट के दौरान आरोपियों ने दुकानदार पर गोली चला दी और उसकी मौके पर मौत हो गई। दुकानदार ने अपनी जान बचाने के लिए लुटेरे के हाथ से बंदूक छीन ली और उसपर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान आरोपी लुटेरा भी गोली लगने से घायल हो गया और मौके से फरार हो गया। कराची पुलिस के अनुसार, लुटेरे पर पहले से कई गंभीर मामले दर्ज थे। उसपर चोरी, डकैती के अलावा मर्डर का केस भी चल रहा था। वहीं, फायरिंग की दूसरी घटना कराची की शेरपाओ कालोनी में घटी, जहां एक व्यक्ति को सरेआम मौत के घाट उतार दिया गया। व्यक्ति अपनी बाइक से जा रहा था। तभी 2 लोगों ने उसका पीछा किया और बीच सड़क पर उसे गली मार दी। पुलिस का कहना है कि मृतक के सिर में 3 गोलियां मिली हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कराची के मलिर में बकरा पीरी के पास पुलिस एनकाउंटर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, मृतक एक पेशेवर लुटेरा था, जिसने कुछ दिन पहले एक दुकानदार की जान ले ली थी। उसका नाम गुलाम कादिर था। एसएसपी के अनुसार, गुलाम समाद काठियावाड़ी नेटवर्क से जुड़ा था और गैंग-वॉर में भी शामिल था। पुलिस को उसके फोन से कई सबूत मिले हैं। न्यू कराची शहर में पुलिस ने एक लुटेरे को गिरफ्तार किया, जो बुरी तरह से घायल था। लोगों ने उसे कराची के निजामाबाद से पकड़ा था और मारपीट कर पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं, एक अन्य हादसे में 3 साल की बच्ची की पानी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कराची में शनिवार को एक मामला सामने आया था, जिसमें जिन्ना पोस्ट ग्रेजुएट सेंटर में एक महिला को गोली मार दी गई थी।

# पाक आर्मी बोली-अब भारत से युद्ध हुआ तो तबाही होगी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान सेना ने शनिवार रात को भारत को चेतावनी देते हुए कहा- अगर अब दोनों देशों के बीच युद्ध हुआ तो विनाशकारी तबाही होगी। अगर दुश्मनी का नया दौर शुरू हुआ तो पाकिस्तान पीछे नहीं हटेगा। हम बिना किसी हिचकिचाहट से जवाब देंगे। पाकिस्तानी सेना के मीडिया विंग ने ऑफिशियल स्टेटमेंट जारी कर कहा कि भारतीय रक्षामंत्री और सेना के अधिकारियों के गैर-जिम्मेदाराना बयान जंग को बढ़ावा देने की कोशिश है। इसके साथ ही भारतीय आर्मी चीफ उपेंद्र द्विवेदी पर निशाना साधते हुए पाकिस्तानी सेना ने कहा- जहां तक पाकिस्तान को नक्शे से मिटाने की बातें हैं। भारत को पता होना चाहिए कि ऐसी स्थिति आती है, तो मिटना दोनों तरफ से होगा। दरअसल,शुक्रवार को उपेंद्र द्विवेदी ने कहा था- पाकिस्तान को सोचना पड़ेगा कि उसे भूगोल में रहना है या नहीं। अगर अपनी जगह बनानी है, तो उसे आतंकवाद को संरक्षण देना बंद करना पड़ेगा।

**ऑपरेशन सिंदूर- भारत ने पाकिस्तान के 8 आतंकी ठिकाने तबाह किए :** भारत ने 7 मई को रात डेढ़ बजे पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकियों के 9 ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की थी। सेना ने कहा था कि इस स्ट्राइक में 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए थे। पाकिस्तान के सरकारी मीडिया के मुताबिक, भारत ने कोटली, बहावलपुर, मुरीदके, बाग और मुजफ्फराबाद में अटैक किया थे। इसमें आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का हेडक्वॉर्टर और जैश-ए-मोहम्मद के मुखिया मसूद अजहर का ठिकाना भी शामिल था।


**3 बयान, जिसपर पाकिस्तान ने**



**प्रतिक्रिया दी :** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह (3 अक्टूबर)- जब भी भारत के गौरव और सम्मान की बात आएगी, देश कभी समझौता नहीं करेगा। भारत अपनी एकता और अखंडता की रक्षा के लिए जरूरत पड़ने पर किसी भी सीमा को पार कर सकता है। आर्मी चीफ उपेंद्र द्विवेदी (3 अक्टूबर)-जिस तरह से भारत ने ऑपरेशन सिंदूर 1.0 में संयम रखा है, अबकी बार भारत ये संयम नहीं रखेगा। इस बार हम आगे की कार्रवाई करेंगे। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह (3 अक्टूबर)- ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के करीब 12 से 13 विमान तबाह किए गए थे। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के पांच फाइटर जेट और एक ष्ट-130 (ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट) को जमीन पर तबाह किया। ये विमान पाकिस्तान के एयरबेस और हैंगर (विमानों की पार्किंग) पर खड़े थे। भारत से आ रहे बयान झूठे, उकसाने, बिना सोच-विचार और जंग को बढ़ावा देने वाले हैं। दशकों तक भारत ने खुद को पीड़ित बताकर पाकिस्तान को गलत बताया, जबकि वह खुद हिंसा और आतंक को बढ़ावा देता है। इस साल भारत के कारण दो परमाणु देश युद्ध के कगार पर आ पहुंच गए थे, भारत शायद उन नुकसानों और पाकिस्तान की कड़ी प्रतिक्रियां को भूल गया है। भारतीय रक्षा मंत्री, उसकी सेना और वायु सेना प्रमुखों के भड़काऊ बयानों पर हम चेतावनी देते हैं कि भविष्य में यह टकराव तबाही ला सकता है। अगर दुश्मनी का एक नया दौर शुरू होता है, तो पाकिस्तान पीछे नहीं हटेगा। हम बिना किसी हिचक के पूरी ताकत और मजबूती से जवाब देंगे। जहां तक पाकिस्तान को नक्शे से मिटाने की बातें हैं। भारत को पता होना चाहिए कि ऐसी स्थिति आती है, तो मिटना दोनों तरफ से होगा। जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी के एक्सपर्ट प्रो. श्रीकांत कोंडापल्ली ने दावा किया है कि पहलगाम आतंकी हमले में शामिल एक आतंकवादी के पास चीनी सैटेलाइट कनेक्शन वाला फोन था, जिससे उसने पाकिस्तान को संदेश भेजे थे। कोंडापल्ली के मुताबिक, पहलगाम इलाके की 120 से अधिक सैटेलाइट स्लाइड्स पाकिस्तान को दी गई थीं। इसका मतलब है कि चीन आतंकवाद पर अपने वादों के बावजूद पाकिस्तान की मदद कर रहा था।

# चेहरे को निखारती आईब्रोज

**आंखों** की खूबसूरती के किस्से और कहानियां कई हैं, लेकिन इस खूबसूरती को बनाए रखने या बढ़ाने के लिए कोशिश भी करनी पड़ती है। आंखें न केवल खूबसूरती के लिए हैं बल्कि ये हमारे अंदर की भावनाओं को भी जाहिर करती हैं। आंखों की बात करते समय हम अक्सर आईब्रोज के महत्व को भूल जाते हैं, जबकि आंखों में डैंड्रफ, पसीना या अन्य छोटे कण जाने से आईब्रोज ही बचाती हैं। मोटे आईब्रोज को यदि सही शेप दिया जाए तो चेहरा साफ और खूबसूरत दिखने लगता है।



महिलाओं के लिए आईब्रोज शुरुआत में मोटी और अंत तक जाते-जाते पतली हो जानी चाहिए। पुरुषों के आईब्रोज को बाहर की तरफ मोटी और आंखों के ठीक ऊपर थोड़ा पतली होनी चाहिए। आर्च आईब्रोज बेहद खूबसूरत दिखती हैं लेकिन हर तरह के चेहरे पर नहीं। पतली आईब्रोज जहां चेहरे को लंबा दिखाती हैं तो दूसरी तरह के चेहरों को विपरीत लुक भी दे सकती हैं। इसलिए जरूरी है कि अपने आईब्रोज को शेप देने से पहले आप यह जानें कि आप पर किस तरह की आईब्रोज सूट करेंगी।

चौकोर चेहरे वालों को अपने ब्रोज को ऊंचा आर्च और बाहरी ओर गोलाकार कर्व देना चाहिए। गोल चेहरे वालों को अपने चेहरे को ओवल दिखाने के लिए आईब्रोज को आर्च शेप देने के साथ ही चीक बोन पर खत्म करना चाहिए। नजदीक आंखों वाले चेहरे को आंखें दूर करने के लिए आंखों के इनर कॉर्नर से नजदीक रखना चाहिए और बाहरी छोर को थोड़ा ऊपर होना चाहिए।

यूं तो सभी आईब्रोज को सही शेप देने के लिए ब्यूटी पार्लर में जाकर थ्रेडिंग करवाते हैं, लेकिन कई बार एक-दो बाल इधर-उधर से उग जाने पर हम ट्वीजर का इस्तेमाल करते हैं। ट्वीजर का इस्तेमाल करते समय कई बातों का ध्यान रखना जरूरी हो जाता है। इसके इस्तेमाल का सही समय नहाने के तुरंत बाद है। इस समय हेयर फॉलिकल्स सॉफ्ट रहते हैं और इन्हें बाहर निकालना आसान हो जाता है। चाहें तो गर्म पानी में डूबे तौलिए का इस्तेमाल ब्रोज को लूज करने के लिए कर सकती हैं। ट्वीजर तीन तरह के टिप वाले आते हैं- चौकोर टिप वाले का प्रयोग कई बालों को एक साथ हटाने के लिए किया जाता है, ढाल टिप वाले की ग्रिप अच्छी रहती है और पतले टिप वाले से छोटे नरम बाल आसानी से निकल जाते हैं। ब्रोज पर मॉयश्चराइजर लगाकर ही ट्वीजर का प्रयोग करें। यह ध्यान रखना जरूरी है कि आर्च जितनी ऊंची होगी, आईब्रोज उतनी ही पतली। फॉलिकल्स और आंखों के आस-पास की स्किन को राहत पहुंचाने के लिए आईब्रोज पर इस्तेमाल हो चुके रेफ्रिजरेटेड टी-बैग्स को रखें।

# कुछ आसान ब्यूटी टिप्स



- चेहरे की रंगत निखारने के लिए और बालों को छुपाने के लिए 15 दिन के अंतराल पर ब्लीचिंग करवाएं। ब्लीच कराने से बालों का रंग त्वचा के रंग के अनुरूप हो जाएगा।
- अपने हाथों पर सुबह और रात के समय हैण्ड बाडी लोशन लगाएं। घरेलू कार्य करने के बाद हाथों पर कोल्ड क्रीम अवश्य लगाएं। सप्ताह में एक बार मेनीक्योर कराएं या घर पर स्वयं भी कर सकती हैं।
- चमकदार और मुलायम केशों के लिए केशों को धोने से पूर्व 2-3 घंटे पूर्व कुनकुने तेल से मालिश जरूर करें। केशों को सौम्य शैम्पू से ही साफ करें। शैंपू के पश्चात कंडीशनिंग भी अवश्य करें। कंडीशनर के रूप में आप नींबू का रस, चाय की पत्ती, अण्डे, हिना का प्रयोग कर सकती हैं।
- ब्लैक हैड्स से सुरक्षा पाने के लिए त्वचा को अच्छी तरह साफ करें ताकि रोमकूपों में जमी गंदगी समाप्त हो जाए। ब्लैकहैड्स को साफ करने के लिए सप्ताह में एक बार 5 मिनट तक भाप लें। इससे रोमकूपों में जमे ब्लैकहैड्स बाहर आ जाएंगे और आप ब्लैकहैड्स रिमूवर से इन्हें साफ कर लें।
- प्राकृतिक नमी बरकरार रखने के लिए रात को सोने से पूर्व एंटी रिंकल या नरिशिंग क्रीम लगाएं।
- होठों को गुलाबी बनाने के लिए रात को सोने से पूर्व वैसलीन या लिपगार्ड लगाएं।

# चूज योर शूज



- हील की साइज के बारे में प्रैक्टिकल होकर सोचें।
- ऐसे रंग चुनें जो आपके वार्डरोब से मिक्स-मैच हो सकें।
- ब्लैक और ब्राउन के अलावा रेड, व्हाइट जैसे रंगों के जूते भी जरूर खरीदें।
- एक्सपेरिमेंट करने से पीछे नहीं हटें। चाहें तो बीच, इंडिगो, बेबी पिंक, गोल्डन कलर के सैंडिल्स/शू भी खरीद सकती हैं।
- यदि आपने व्हाइट कलर की कुर्ती पहनी है और उस पर यलो कलर का डिजाइन है तो आप यलो कलर की सैंडिल भी पहन सकती हैं।
- आपकी लंबाई कम है और आप स्टिलेटोज में कंफर्ट नहीं फील करती तो वेज हील्स आपके लिए सही है।
- वेज हील की खासियत है कि कुर्ता, साड़ी, स्कर्ट, जीन्स के साथ ये सही दिखते हैं। बस ट्राउजर और प्लीटेड स्कर्ट के साथ जमते नहीं।
- इन दिनों मेटेलिक टच ट्रेंड में है लेकिन ध्यान रखें कि यह बहुत हार्ड न हो।
- बकल, स्टड, चेन शू पर लगे हों तो अच्छे लगते हैं। यह सिपल ड्रेस को ग्लैमरस लुक देता है।
- यदि आपकी सैंडिल के अगले हिस्से पर कोई स्टोन लगा है तो यह पार्टी के लिए सही है।
- यदि आप स्टिलेटोज में कंफर्ट फील करती हैं तो स्ट्रैपी स्टिलेटोज जरूर खरीदें। यह डेलिकेट लुक देता है।
- नी लेंथ ड्रेस या स्कर्ट के साथ स्टिलेटोज बेस्ट दिखते हैं।
- ब्लैक कलर की हाई हील किसी भी ड्रेस को परफेक्ट लुक देती है।
- मीटिंग के लिए जाते समय कम हील वाली सैंडिल पहनें।
- ट्रेडिशनल ड्रेसेज के साथ सैंडिल ही अच्छी दिखती हैं लेकिन ब्लैक, ब्राउन के अलावा अन्य रंगों में भी सैंडिल्स खरीदिए।
- ऑफिस के लिए भी सैंडिल्स ही ठीक हैं। इसके अलावा क्लॉग्स पहन सकती हैं। ये कम, मीडियम और हाई हील्स में मिलते हैं, आप अपनी पसंद का ले सकती हैं।
- कॉलेज जाने वाली लड़कियों के बीच भी क्लॉग्स फेमस है।
- मोजरी तो आपके शू रैक में होना ही चाहिए। इन्हें पहनकर आप क्लासिक और स्टाइलिश दिख सकती हैं।
- प्लेन व्हाइट टी-शर्ट और जीन्स को क्लासी टच देना है तो ऑरेंज या रेड कलर की मोजरी पहनिए।
- चाहें तो लांग स्कर्ट, छोटी कुर्ती के साथ भी मोजरी पहन सकती हैं। इससे इंडो-वेस्टर्न लुक मिलता है।
- आपके वार्डरोब में व्हाइट और रेड कलर के स्नीकर्स की जगह हो तो बढ़िया है।
- कैजुअल, वॉकिंग, फिटनेस, रनिंग, टेनिस कई तरह के स्नीकर्स मार्केट में उपलब्ध हैं। अपने कलेक्शन में वॉकिंग या कैजुअल स्नीकर्स को जरूर शामिल कीजिए।
- जीन्स, कैप्री स्कर्ट के साथ ये सूट करते हैं।
- सलवार-कमीज या लांग स्कर्ट के साथ ये बिल्कुल अच्छे नहीं दिखते।
- लेदर, वेलवेट या रेक्सीन के बूट अगर आपके पास हों तो अच्छा है। वैसे वेलवेट के बूट में पैर सांस ले पाते हैं।
- बूट्स छोटी बॉडी हगिंग स्कर्ट के साथ फिट दिखते हैं।
- चाहें तो लूज बैगी पैंट के साथ भी इसे पहन सकती हैं।

# बच्चों का झूठ

**क्या** आपके बेटे/बेटी को झूठ बोलने की आदत है? कई बार दूसरों के सामने उसकी इस आदत से आपको शर्मिन्दा भी होना पड़ता है। दरअसल बच्चे बड़ों की तरह इरादतन झूठ नहीं बोलते। कुछ बच्चों को तो झूठ बोलने में मजा भी आता है। कुछ बच्चे पैरेंट्स की मार या उनकी डांट के डर से झूठ बोलते हैं। उनकी इस आदत से आपको ही डील करना है लेकिन इसके लिए बच्चों की साइकोलॉजी को समझना होगा

**कम्युनिकेशन गैप**



आमतौर पर बच्चे पैरेंट्स की मार या डांट के डर से झूठ बोलते हैं। आपको बच्चे के मन से अपना डर निकालना चाहिए। इसके लिए आपको और आपके पति को बच्चे के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताना चाहिए।

**ट्यूट न करें**

बच्चों को ट्यूट करने की कोशिश मत कीजिए। इससे वह इरिटेट होने लगते हैं। मेहमानों के सामने उसे पोयम-जिंगल्स सुनाने के लिए मत कहिए। धीरे-धीरे वे कोई न कोई बहाना करने लगते हैं। छोटी-छोटी बातों पर सवाल मत कीजिए जैसे तुमने ब्रश कर लिया, तुमने ऐसा क्यों किया और वैसा क्यों नहीं किया।

**सवाल-जवाब न करें**

दूसरों के सामने बच्चे से ज्यादा सवाल-जवाब मत कीजिए। इससे वह झेंप जाते हैं और झूठ बोलने लगते हैं। कुछ भी पूछना हो तो उससे इत्मीनान से पूछें।

**विश्वास जीतें**

बच्चे का विश्वास जीतना बहुत जरूरी है। उसे इस बात का अहसास कराएं कि आप उसके दुश्मन नहीं हैं और वह सबसे ज्यादा आपके साथ सेफ है। जब तक आप उसे सुरक्षा का भाव नहीं देंगे वह आपसे झूठ बोलेगा।


**पजेसिव न बनें**

कुछ माएं बच्चे की गलती पर उसे डांटती हैं पर जब ग्रैंडपैरेंट्स या परिवार का कोई डांटता है तो वह नाराज हो जाती हैं। इससे बच्चे को शह मिलती है और वह ज्यादा शरारती हो जाता है। आपका हक उस पर ज्यादा है पर वह परिवार का लाडला है इसलिए बच्चे को डांटने का अधिकार उन्हें भी है।

**ताना न मारें**

बच्चे को किसी बात पर ताना न मारें। इससे उनकी स्ट्रेंथ वीक होती है। यदि आप उसके लिए कुछ करती हैं तो यह आपका फर्ज है। वह आपके साथ मिसबिहेव करता है तो आप उस पर नाराज हों या डांटें भी। थोड़ी बहुत पिटाई भी जरूरी है लेकिन ताना मारना और जानवरों की तरह पिटाई करना ठीक नहीं है। इससे वह आपसे बातें छुपाने की कोशिश करेगा।

# पनीर मलाई टिक्का



**सामग्री :** 8-10 पनीर के बड़े टुकड़े, 50 ग्राम काजू-चीज पेस्ट, क्रीम, नमक स्वादानुसार, 5 ग्राम अदरक, 5 ग्राम लहसुन, 5 ग्राम काला नमक, 3 ग्राम इलायची पाउडर, 3 ग्राम व्हाइट पेपर।

**विधि :** पनीर को टुकड़ों में काट लें। क्रीम, काजू, चीज, नमक, अदरक-लहसुन का पेस्ट, व्हाइट पेपर, काला नमक व इलायची पाउडर-इन सबको अच्छी तरह मिला लें। इस पेस्ट में पनीर को मेरिनेट करें और तंदूर में 6-7 मिनट तक सेंक लें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहें। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। पुराने मित्र मिलेगें। शुभांक-4-6-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। विरोधियों सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-3-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक ङ्कचताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक-2-4-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): उच्चमनोबल रखकर कार्य करें, सफल होगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। शुभांक-1-3-5

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-4-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-5-7-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता हैं। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कलह विवाद का डर बना रहेगा। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-3-5-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेंगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभांक-1-4-8

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-3-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-1-4-6


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शुभांक-2-4-6

## काकुरो पहेली - 2609




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

**काकुरो -2608 का हल**



## लॉफिंग ज़ोन

एक शराबखोर पति अपने क्लब की मीटिंग में गया हुआ था। आधी रात बितने के बाद घर पहुँचा तो पत्नी ने उसका आदर के साथ स्वागत किया। इससे पति खुश हो गया और बोला- पता है! आज क्लब में शराब की प्रतियोगिता हुई थी।

पत्नी- अच्छा तो पहले नंबर पर कौन रहा?

पति बोला- मेरे अलावा कौन जीत सकता था भला।

❑ ❑ ❑

एक शादीशुदा शायर की मुलाकात अपनी पुरानी गर्लफ्रेंड से हुई। शायर ने कहा- मुलाहिजा फरमाएँ : ये चाँद तारे अब अच्छे नहीं लगते, रोज-रोज के बहाने अब अच्छे नहीं लगते। खुदा करे इस साल हो जाए आपकी शादी, क्योंकि अब आप कुँवारे अच्छे नहीं लगते।

गर्लफ्रेंड ने कहा- वाह वा..! वाह वा...! क्या आप करेंगे मुझसे शादी।


❑ ❑ ❑

गीता अपनी सहेली सीता से बोली- पता है मेरे पति के अलावा आज तक किसी गैरपुरुष ने मुझे एक किस तक नहीं किया।

सीता- अरे वा! तो तुम खुद पर गर्व कर रही हो या अफसोस?

❑ ❑ ❑

## फिल्म वर्ग पहेली- 2609



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, सलमान, हेमा, महिमा की फिल्म-४
४. बी.आर. चोपड़ा की फिल्म 'निकाह' की नायिका कौन थी-३
६. अशोककुमार, संजीवकुमार, सुमिता सान्याल की फिल्म-४
७. फिल्म 'चाँद का टुकड़ा' में श्रीदेवी के साथ नायक कौन था-४
९. अयूब खान, आयशा जुल्का की 'ओ सरफि री ओ' गीत वाली फिल्म-३
११. 'अंख लड़ती है तो लड़ने दे' गीत वाली संजयदत्त, मनीषा रवीना की फिल्म-२
१२. अर्जुन रामपाल, जायेदखान, अमीषा की 'मैं इश्क उसका' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'बड़े नाजुक दौर से' गीत वाली अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म-२
१५. जॉन अब्राहम, उदिता गोस्वामी की 'अपनी चाहतों पे' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'एरी रे एरी क्या है पहेली' गीत वाली ऋतिक, जैकी, करीना की फिल्म-२
२०. अक्षय, सुनील शेट्टी, करिश्मा, सोनाली की 'तेरा ये देख के' गीत वाली फिल्म-३
२२. फिल्म 'पूरब और पश्चिम' का निर्माता निर्देशक, नायक कौन था-३
२४. सुनीलदत्त, वहीदा, आशा पारेख की 'इतना ना मुझसे तू प्यार बढ़ा' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'चप्पा चप्पा चरखा' गीत वाली चंद्रचूड़सिंह, अरशद वारसी, रवि गोसाई, तब्बू की फिल्म-३
२६. 'मिलती है जिंदगी में' गीत वाली फिल्म 'आँखें' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२
२८. फिल्म 'राजाजी' में गोविंदा के साथ नायिका कौन थी-३
३१. अमिताभ, शशि, स्मिता की 'आज रपट जायें तो' गीत वाली फिल्म-३,३

**ऊपर से नीचे:-**

१. संजयदत्त, इंद्रकुमार, मनीषा की फिल्म-२
२. बॉबी देओल, रानी की 'मिलने से डरता है दिल' गीत वाली फिल्म-३
३. 'गुड मार्निंग इंडिया' गीत वाली फिल्म-२
४. कमल हासन, श्रीदेवी की 'ऐ जिंदगी गले गला ले' गीत वाली फिल्म-३
५. राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
६. 'दिल में छुपा के प्यार का' गीतवाली फिल्म-२
७. 'जो तुमको हो पसंद' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
८. देव आनंद, माला सिन्हा की 'जारे जारे उड़ जारे पंछी' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'भैया मेरे पापा को' गीत वाली मनोज बाजपेयी, रवीना टंडन की फिल्म-२
१२. अजय, मास्टर सत्यजीत, अलका की 'एक तेरा साथ हमको' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'चोरों को सारे नजर' गीत वाली फिल्म-२,३
१६. नाना, अजय, फरदीन, रेखा, उर्मिला की 'ये सर्द आहें मेरी' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'आज उनसे पहली मुलाकात होगी' गीत वाली राकेश रोशन, हेमा की फिल्म-३,२
१८. राकेश रोशन, जयाप्रदा की 'तुम संग प्रीत लगाई सजना' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'तुम्हे जिंदगी के उजाले मुबारक' गीत वाली धर्मेन्द्र, मीना कुमारी की फिल्म-३
२३. प्रशांत, ऐश्वर्या राय की फिल्म-२
२७. 'मैं राजू दीवाना' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'शोले' में धर्मेन्द्र के किरदार का नाम?-२
३०. अमिताभ वाली संजय लीला की फिल्म जिसमें रानी मुखर्जी मूक-बधिर बनी है-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 2608**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | ल | च | ल | | जी | व | न | मृ | त्यु |
| व | | मे | | भू | त | | | त्यु | |
| स | हे | ली | | मि | | खा | न | दा | न |
| | श | | शि | का | र | | सी | ता | |
| धू | म | | वा | | क्ष | | ब | | बे |
| प | | खे | | ता | क | त | | | ता |
| | गो | ल | मा | ल | | ला | ट | सा | ब |
| पा | पी | | शू | | जो | श | | या | |
| की | | शं | क | र | | | घा | | स्व |
| जा | नू | | | ज | मा | न | त | | र्ग |

## सूडोकु -2609


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु -2608 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

## शब्द पहेली -2609



**बाएँ से दाएँ**

1.कार्य,काम-2
2.अग्नि,अनल-2
3.संग,संगत-2
4.मदिरा,शराब-2
6.चुटीली बात-2
7.उम्मीद-2
8.समाचार,सूचना-3
9.भगवान कृष्ण के खेल-2
10.छाया,परछाई-2
11.कहासुनी-3
12.जी,चित-2
13.निशा-2
14.पासों का खेल-3
16.करीना की फिल्म-2
17.आगे वाला-3
18.सीधा,सरल-2
19.वीर,बहादुर-2
20.दलदल,गाद-3
21.तांत,टेलीग्राम -2
22.वंश,खानदान-2
23.नशा,नशापानी-3
24.चिट्ठी,पत्र-2
26.सही का विलोम-3
27.ठिकाना-2
28.प्राण,दम-2
29.नरक (उर्दू-3)
30.बीता हुआ दिन-2
31.पोखर,तालाब-2
32.हताहत-3
33.दर,मूल्य-2
34.आयु-2
36.अंधकार-2
37.पांव,पैर-2
38.कान्हा-2
39.टैक्स,हाथ-2

**ऊपर से नीचे**

1.समय,वक्त-2
2.आगमन-2
3.पति की मां-2
4.भोर,सवेरा-3
5.झगड़ा-2
6.लॉक,द्वारयंत्र-2
7.धाय,नर्स,दाई-2
8.अवरोध,रुकावट-3
9.मगन,मग्न-2
10.सप्त,सप्तम-2
11.लक्ष्मी,रमा-3
12.मौज,मजा-2
13.महाराजा-2
14.घिसन,रगस-3
15.गमन,जाना-2
16.पुनः,वापस-2
17.स्थिर-3
18.निष्कर्ष-2
19.कांटा-2
20.मूल्य,दाम-3
21.पितामह-2
22.मजदूर-2
23.ईश्वर-3
24.भूल,गलती-2
25.मछली-2
26.नगमा-3
27.क्षण-2
28.पाश-2
29.दूसरा-3
30.थोड़ा-2
31.तांबा-2
32.हमला-2
33.कलंक-2
34.गरम-2
35.मयूर-2

**शब्द पहेली -2608 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | फ | | ज | प | | त | न | | शा | न |
| प | त | न | | ल | त | | भ | ला | | शा |
| | वा | न | र | | म | ल | | ज | रा | |
| फि | | द | म | न | | क | द | | ज | न |
| दा | दा | | ल | क | वा | | म | स्त | | ख |
| | न | या | | ल | च | क | | र | थ | |
| रा | | क | ल | | क | ल | म | | ल | ब |
| ही | र | | हू | र | | ह | म | ल | | ल |
| | स | जा | | जा | ल | | ता | ड़ | ना | |
| य | | म | त | | व | ध | | ना | का | रा |
| म | य | | ल | क्ष्य | | न | ल | | म | जा |

## निषाद समाज का गौरवशाली इतिहास और परंपरा रही है : डॉ. राजभूषण चौधरी

एजेंसी

**रायपुर।** केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. राजभूषण चौधरी निषाद ने कहा कि निषाद समाज का गौरवशाली इतिहास और परंपरा रही है। हमारे इतिहास और परंपरा के बारे में नई पीढ़ी को बताना और सिखाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सदैव निषाद समाज को अग्रणी स्थान दिया है। केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. राजभूषण राजधानी रायपुर स्थित बलबीर सिंह जुनेजा इनडोर स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रीय मछुआरा जागरूकता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि जब अयोध्या में प्रभु श्री रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण किया गया, तब उसी के सामने सरयू नदी के तट पर निषाद राज मंदिर का निर्माण कर समाज को उचित सम्मान दिलाने का कार्य प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। इसके लिए निषाद समाज सदैव उनका ऋणी रहेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। शिक्षा केवल नौकरी प्राप्त करने का साधन नहीं, बल्कि सफल जीवन का मार्ग है। सामाजिक विकास का मूलमंत्र शिक्षा है। चाहे जीवन जीने की कला हो, व्यापार हो, कृषि हो या कोई अन्य क्षेत्र, हर क्षेत्र में सफलता के लिए शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है।

## तमिलनाडु में हुई 10 करोड़ की डकैती का मप्र पुलिस ने किया खुलासा, दो गिरफ्तार

**भोपाल/बड़वानी।** मध्य प्रदेश की बड़वानी और तमिलनाडु पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में एक बड़ी डकैती का खुलासा हुआ है। यह कार्रवाई तमिलनाडु राज्य के त्रिची जिले के थाना समयपुरा क्षेत्र में 13 सितंबर 2025 की रात को हुई 10 करोड़ रुपये के सोने की डकैती के सिलसिले में की गई थी। इस कार्रवाई के दौरान दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लगभग 9.5 किलोग्राम सोना, नगदी और हथियार बरामद किए गए हैं। भोपाल पुलिस के जनसंपर्क अधिकारी आशीष शर्मा ने बताया कि इंदौर ग्रामीण जोन के पुलिस महानिरीक्षक अनुराग और निमाड़ रेंज खरगोन के पुलिस उप महानिरीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा के निर्देश पर संपूर्ण जोन में डकैती, लूट और चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए विशेष निर्देश जारी किए गए। इन्हीं निर्देशों के तहत बड़वानी के पुलिस अधीक्षक जगदीश डावर और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरज बब्बर के मार्गदर्शन में सेंधवा एसडीओपी अजय वाघमारे के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई है। शर्मा ने बताया कि तमिलनाडु पुलिस से एक बड़ी डकैती की सूचना मिली थी, जिसके आधार पर बड़वानी पुलिस ने जिलेभर में सतर्कता बढ़ाई। सेंधवा क्षेत्र में एबी रोड पर आरटीओ बेरियर पर की गई नाकेबंदी के दौरान एक यात्री बस की जांच में दो संदिग्धों मांगीलाल पुत्र कनाराम देवासी (22) और विक्रम पुत्र रामनिवास जाट (19) को हिरासत में लिया गया।

## भारत उन्हीं का है जिन्होंने उसे हर युग में संभाला : सह सरकार्यवाह अरुण कुमार

**इंदौर।** महानगर के ऐतिहासिक डेली कॉलेज में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह अरुण कुमार ने जब मंच संभाला, तो उनका पहला प्रश्न ही समूचे विमर्श का सार बन गया, राष्ट्र किसका है, यह प्रश्न ही कैसे पैदा हुआ? यह प्रश्न मात्र विचारोत्तेजक नहीं, उस मानसिक विचलन का प्रतीक भी है जो स्वाधीनता के बाद धीरे-धीरे हमारे राष्ट्रीय विमर्श में प्रवेश कर गया, जब भारत की अस्मिता को टुकड़ों में बाँटने की कोशिशें तेज हुई और यह सवाल खड़ा किया गया कि 'राष्ट्र किसका है'। सह सरकार्यवाह अरुण कुमार ने यह बातें शनिवार को इंदौर में आयोजित संघ के आदरांजलि कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में कहीं।उनका उत्तर स्पष्ट था; यह राष्ट्र किसी 'नए निर्माण' का परिणाम नहीं, बल्कि हजारों वर्षों की सतत सभ्यतागत यात्रा का परिणाम है। यह न किसी एक शासन का दिया हुआ उपहार है, न किसी सत्ता के निर्णय का परिणाम। भारत वह भूमि है, जिसे इसके पूर्वजों ने अपने त्याग, तप, और बलिदान से गढ़ा है। यही भाव इस विचार का केंद्र है कि भारत उन लोगों का है, जिनके पूर्वजों ने हर कष्ट सहकर इसे बनाए रखा है। अरुण कुमार ने कहा कि राष्ट्रभक्ति केवल जय-जयकार में नहीं, बल्कि हर पल राष्ट्र और समाज के लिए जीने में है, आज के समय के लिए गहरी सीख है। जब देशभक्ति को नारों और प्रतीकों तक सीमित कर दिया गया है, तब यह विचार हमें आत्ममंथन के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा, भारतीय परंपरा में राष्ट्र-भक्ति केवल भावनात्मक या राजनीतिक अवधारणा नहीं रही; यह आचार, आस्था और आचरण का विषय रही है।


## राजेश पायलट परिवार का चुनाव में कभी नहीं किया विरोध : परसादी मीणा

**लालसोट ।** उपखंड मुख्यालय स्थित संस्कृत महाविद्यालय प्रांगण में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चांदसेन एवं लालसोट की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। बैठक में कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, बूथ लेवल एजेंटों तथा जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए पूर्व चिकित्सा एवं आबकारी मंत्री परसादी लाल मीणा ने कहा कि राहुल गांधी की सोच को आगे बढ़ाओ और बूथ स्तर तक कांग्रेस को मजबूत करो। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संगठन को सशक्त बनाने के लिए बूथ लेवल एजेंट नियुक्त किए गए हैं, जो गांव-गांव जाकर बूथ पर कार्य कर रहे हैं। परसादी मीणा ने कहा कि कांग्रेस को कमजोर करने वाले तत्वों पर कार्यकर्ता सतर्क नजर रखें। पूर्व मंत्री ने कहा कि राजेश पायलट पांच बार, राम पायलट एक बार और सचिन पायलट एक बार दोसा से सांसद चुनाव लड़कर जीत चुके हैं। मैंने कभी भी पायलट परिवार का चुनाव में विरोध नहीं किया। मैं जो भी आज हूं, वह लालसोट की जनता और कांग्रेस पार्टी की बदौलत हूं। जनता ही सर्वोच्च है। उन्होंने बताया कि अपने कार्यकाल में लालसोट क्षेत्र में 2500 करोड़ रुपये के विकास कार्य कराए गए, दो-दो प्रधान बनाए गए और कांग्रेस के चेयरमैन दिए गए। विकास में कोई कमी नहीं रखी गई।

# भारत की एकता को भाषा, धर्म या क्षेत्रीय पहचान से नहीं, बल्कि आध्यात्मिक दृष्टि से देखना होगा : मोहन भागवत

एजेंसी

**सतना।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि भारत की एकता को भाषा, धर्म या क्षेत्रीय पहचान से नहीं, बल्कि आध्यात्मिक दृष्टि से देखना होगा। आज जरूरत है कि हम अच्छा दर्पण देखें, वह जो हमें एक दिखाए। उन्होंने कहा कि जो हम घर का कमरा छोड़कर आए हैं, एक दिन उसे वापस लेकर फिर से डेरा डालना है। जो हमारा हक है, उसे हम वापस लेंगे, क्योंकि वह हमारा ही है। सरसंघचालक डॉ. भागवत आज यहां बाबा सिंधी कैंप स्थित मेहर शाह दरबार के नए भवन का लोकार्पण अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत की विविधता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। हम सब सनातनी हैं, हम सब हिंदू हैं। पर एक चालाक अंग्रेज आया, जिसने हमें टूटा हुआ दर्पण



दिखाया और अलग-अलग कर गया। उसने हमारी आध्यात्मिक चेतना छीन ली, हमें भौतिक वस्तुएं दे दीं और उसी दिन से हम एक-दूसरे को अलग समझने लगे। भारत की एकता को भाषा, धर्म या क्षेत्रीय पहचान से नहीं, बल्कि आध्यात्मिक दृष्टि से देखना होगा। आज जरूरत है कि हम अच्छा दर्पण देखें, वह जो हमें एक दिखाए। जब हम आध्यात्मिक परंपरा वाले दर्पण में देखेंगे, तो पाएंगे कि सब एक हैं। यही दर्पण हमारे गुरु दिखाते हैं, और हमें उसी मार्ग पर चलना चाहिए। ये अवसर भले धार्मिक था, परंतु इसका भाव सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बन गया। डॉ. भागवत के ओजस्वी शब्दों ने उपस्थित जनसमूह में वह ऊर्जा भर दी, जिसने सबको अपने सनातन स्वरूप की याद दिलाई। अपने संबोधन में डॉ. भागवत ने सबसे पहले इस बात पर बल दिया कि हम सभी अपने भीतर झांके, अपने अहंकार को त्यागे और अपने स्व को पहचाने। 'जब हम स्वयं को पहचानेंगे, तभी समाज में परिवर्तन आएगा,' उन्होंने कहा, भारत में अनेक भाषाएं हैं, लेकिन भाव एक ही है, मातृभूमि के प्रति प्रेम और एकता की भावना। अपने भाषण के भावनात्मक हिस्से में संघ प्रमुख ने बंटवारे की ऐतिहासिक पीड़ा का उल्लेख करते हुए कहा कि 1947 के विभाजन में जो सिंधी भाई पाकिस्तान नहीं गए, वे वास्तव में अविभाजित भारत के प्रतीक हैं, जो हम घर का कमरा छोड़कर आए हैं, एक दिन उसे वापस लेकर फिर से डेरा डालना है।

## पहलगाम के आतंकवादियों की मदद करने में ओवर ग्राउंड वर्कर गिरफ्तार

एजेंसी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक ऐसे ओवर ग्राउंड वर्कर (ओजीडब्लू) को गिरफ्तार किया है, जिसने 22 अप्रैल को पहलगाम हमले में शामिल आतंकवादियों से चार बार मुलाकात की थी। उसने उन्हें एक एंड्रॉइड फ़ोन चार्जर दिया था, जो एक महत्वपूर्ण सबूत था जिसके आधार पर अंततः उसे पकड़ लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि सितंबर के आखिरी हफ्ते में सुलेमान उर्फ आसिफ, जिबरान और हमजा अफगानी को महत्वपूर्ण रसद सहायता प्रदान करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। इन्हीं तीनों आतंकियों ने पहलगाम के रिसॉर्ट शहर में 26 पर्यटकों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। अधिकारियों ने बताया कि कटारी ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि वह श्रीनगर शहर के बाहर ज़बरवान पहाड़ियों में चार बार इन तीनों से मिला था। जुलाई में शुरू किए गए आतंकवाद रोधी अभियान ऑपरेशन महादेव के परिणामस्वरूप पहलगाम नरसंहार में शामिल तीन आतंकवादी श्रीनगर के बाहरी इलाके में ज़बरवान रेंज की तलहटी में मारे गए थे। पुलिस ने आंशिक रूप से नष्ट हुए एंड्रॉइड मोबाइल फोन चार्जर की जांच के बाद 26 वर्षीय मोहम्मद यूसुफ कटारी पर ध्यान केंद्रित किया, जो ऑपरेशन के दौरान बरामद कई वस्तुओं में से एक था। श्रीनगर पुलिस ने आखिरकार चार्जर के असली मालिक का पता लगा लिया, जिसने एक डीलर को फोन बेचने की पुष्टि की। यही वह जानकारी थी, जिसने धीरे-धीरे पुलिस को कटारी तक पहुंचाया। अधिकारियों ने कहा कि स्थल से बरामद सामग्री के फोरेंसिक विश्लेषण के बाद कटारी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली। कटारी कथित तौर पर ऊंचे इलाकों में खानाबदोश छात्रों को पढ़ाता था। ऐसा माना जाता है कि उसने चार्जर उपलब्ध कराने और हमलावरों को दुर्गम इलाकों में मार्गदर्शन करने में मदद की थी।

## वायु सेना दिवस को लेकर हिंडन एयरपोर्ट से तीन दिन बंद रहेगी कई उड़ानें

एजेंसी

**गाजियाबाद।** वायुसेना दिवस को लेकर 6 अक्टूबर को फुलड्रेस रिहर्सल और 8 अक्टूबर को मुख्य परेड को देखते हुए हिंडन एयरपोर्ट से कई शहरों की उड़ानों को तीन दिन की लिए स्थगित कर दिया गया है। वायुसेना के एक अधिकारी के अनुसार भारतीय वायुसेना 8 अक्टूबर को अपना स्थापना दिवस मनाती है। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। वायुसेना दिवस को लेकर 6 अक्टूबर को फुलड्रेस रिहर्सल और 8 अक्टूबर को मुख्य परेड होगी। इस कारण तीन दिन तक हिंडन एयरपोर्ट से बेंगलुरु, चेन्नई, पटना, भुवनेश्वर और वाराणसी की उड़ानों को रद्द कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को देखते हुए 8 अक्टूबर को यूपी गेट से हिंडन एयरफोर्स स्टेशन तक वाहनों के लिए डायवर्जन प्लान भी लागू किया जाएगा।

वायुसेना दिवस के कार्यक्रम में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, थलसेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी और नौसेना प्रमुख दिनेश कुमार त्रिपाठी समेत कई वीआईपी मौजूद रहेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के भी आने की उम्मीद है। इसी वजह से 6 से 8 अक्टूबर तक सुबह साढ़े 8 बजे से साढ़े 11 बजे तक एयर स्पेस हिंडन सिविल टर्मिनल के लिए बंद रहेगा। एयर इंडिया एक्सप्रेस व इंडिगो की पांच शहरों की कई उड़ानें रद्द की गई हैं। एयर इंडिया एक्सप्रेस की अप और डाउन दोनों उड़ान रद्द की गई हैं अधिकारियों के अनुसार जो उड़ाने रद्द




इस अवधि में उड़ानों को रद्द किया गया है। इसकी सूचना वायुसेना अधिकारियों ने पहले ही भेज दी थी। उल्लेखनीय है कि हिंडन एयरपोर्ट से चार कंपनियों के विमान देश के कई शहरों के लिए उड़ान संचालित करते हैं। वायुसेना दिवस के कार्यक्रम को देखते हुए दो प्रमुख एयरलाइंस कंपनी हुई है वे इस प्रकार है। 6 सितंबर - बेंगलुरू, चेन्नई, भुवनेश्वर, वाराणसी की आने और जाने वाली उड़ान 7 और 8 सितंबर- बेंगलुरू, चेन्नई, भुवनेश्वर, वाराणसी, पटना की उड़ानें। 6, 7 और 8 सितंबर- हिंडन से पटना, हिंडन से वाराणसी, हिंडन से बेंगलुरु को जाने वाली उड़ान रद्द की गई है।

## मध्य प्रदेश और असम के बीच वन्य जीव पर्यटन में साझेदारी के लिए होगी विशेष पहल : मोहन यादव

### मुख्यमंत्री ने काजीरंगा नेशनल पार्क का किया भ्रमण, चाय बागान में श्रमिकों-बहनों से किया आत्मीय संवाद

एजेंसी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने असम प्रवास के दौरान विश्व प्रसिद्ध काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और चाय बागान का भ्रमण किया। उन्होंने बागान में चाय उत्पादन की प्रक्रिया का अवलोकन कर स्थानीय किसानों और श्रमिक बहनों से आत्मीय संवाद भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चाय उद्योग असम का गौरव और अर्थव्यवस्था का प्रतीक है। परिश्रम, अपनत्व एवं सादगी की धरती असम और मध्यप्रदेश के बीच व्यापार-उद्योग के साथ ईको-टूरिज्म, वन्य जीव पर्यटन की दिशा में भी परस्पर सहयोग, विश्वास और साझेदारी को बढ़ाने के लिए विशेष पहल होगी। मुख्यमंत्री ने काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में प्राकृतिक सौंदर्य और वन्यजीव संरक्षण की मनमोहक झलक देखी एवं हाथियों को



स्नेह से गन्ना खिलाकर दुलार किया। उन्होंने यहां वन्यजीवों के संरक्षण संवर्धन के लिये नवाचारों के संबंध में जानकारी प्राप्त की और उद्यान भ्रमण के दौरान अजगर को प्राकृतिक आवास में छोड़ा उल्लेखनीय है कि काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान एक सींग वाले गैंडे सहित पूर्वी हिमालयी जैव विविधता का केन्द्र है। इसे यूनेस्को द्वारा विश्व-धरोहर घोषित किया गया। यह उद्यान हाथियों, जंगली भैंसों, दलदली हिरणों और विभिन्न पक्षी प्रजातियों का आश्रय स्थल है। यह उद्यान वन्य जीवों की बड़ी संख्या के साथ वन्य जीव संरक्षण गतिविधियों के लिए भी विख्यात है।

## सीमा पार तस्करी मॉड्यूल में शामिल दो तस्कर गिरफ्तार, ढाई किलो हेरोइन और 5 पिस्तौलें बरामद

एजेंसी

**चंडीगढ़।** काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) अमृतसर ने पाकिस्तान से जुड़े सीमा पार हथियार एवं नशा तस्करी मॉड्यूल के दो सदस्यों को 2.5 किलोग्राम हेरोइन और पांच अत्याधुनिक पिस्तौल सहित गिरफ्तार कर इस गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने बताया कि तरनतारन के गांव ढोलण निवासी गुरजंट सिंह और गांव छीना बिधी चंद निवासी गुरवेल सिंह को पकड़ा गया है। इनके पास से बरामद हथियारों में चार 9 एमएम ग्लॉक पिस्तौल (मैगजीन सहित) और एक .30 बोर पिस्तौल (मैगजीन सहित) शामिल हैं। नशीले पदार्थों और हथियारों की खेप के अलावा पुलिस टीमों ने उनकी महिंद्रा 3एक्सओ कार भी जब्त की है, जिसका इस्तेमाल इन खेपों की ढुलाई




के लिए किया जा रहा था।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि गिरफ्तार आरोपित पाकिस्तान स्थित तस्कर के निर्देशों पर यह तस्करी कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बरामद हथियार पंजाब में गैर-कानूनी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए गैंगस्टरों और अपराधियों को सप्लाई किए जाने थे। कार्रवाई के विवरण साझा करते हुए उन्होंने बताया कि सीआई अमृतसर को खुफिया सूचना मिली थी कि कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने भारत-पाकिस्तान सीमा से अवैध हथियारों और नशीले पदार्थों की एक बड़ी खेप प्राप्त की है, जिसे तरनतारन के गांव ढोलण और छीना बिधी चंद क्षेत्र में ड्रोन की मदद से सीमा पार से भेजा गया था। उन्होंने कहा कि त्वरित कार्रवाई करते हुए सीआई अमृतसर की पुलिस टीम ने महिंद्रा 3 एक्सओ कार को रोका और तरनतारन के अमृतसर-भिखीविंड रोड से दोनों संदिग्धों को उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वे गांव पंजवड़ के पास किसी को आगे खेप पहुंचाने जा रहे थे। उनकी कार से हथियारों और नशीले पदार्थों की खेपें बरामद की गई हैं।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में अयोध्या दीपोत्सव 2025 की तैयारियाँ तेज़

एजेंसी

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित होने वाले दीपोत्सव 2025 की भव्य तैयारियाँ प्रारंभ हो चुकी हैं। भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या को आलोकित करने के इस विश्वविख्यात आयोजन के लिए अब घाटों पर मार्किंग का कार्य तेज़ी से चल रहा है।

कुलपति के निर्देशन में घाटों की सफाई और मार्किंग का कार्य जारी

कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह के निर्देशन में विश्वविद्यालय की टीम घाटों को व्यवस्थित व आकर्षक बनाने में जुटी है। दीपोत्सव के नोडल अधिकारी प्रो. संत शरण मिश्र ने बताया कि स्वयं की देखरेख में घाटों की साफ-सफाई के बाद मार्किंग का कार्य प्रारंभ करा दिया गया है। उन्होंने बताया कि दीयों की सुंदर सजावट के लिए प्रत्येक ब्लॉक में 4.5 स्क्वायर फीट का क्षेत्र चिह्नित किया जा रहा है, जबकि श्रद्धालुओं के आवागमन हेतु ढाई फीट का रास्ता छोड़ा गया है।

**56 घाटों पर सजेगी दीयों की अलौकिक छटा**

दीपोत्सव के लिए कुल 56 घाटों की पहचान की गई है, जिन पर लाखों दीपों की ज्योति से अयोध्या जगमगाएगी। मार्किंग कमेटी के संयोजक डॉ. रंजन सिंह (विभागाध्यक्ष, माइक्रोबायोलॉजी) एवं उनकी टीम यह कार्य एक सप्ताह के भीतर पूरा कर लेंगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि दीपोत्सव के सफल संचालन हेतु तीस हजार स्वयंसेवकों का ऑनलाइन पंजीकरण अंतिम चरण में है। साथ ही शीघ्र ही दीपों की आपूर्ति प्रक्रिया भी प्रारंभ की जाएगी।

## बिहार भाजपा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने राजग के तीन घटक दलों के नेताओं से की मुलाकात

एजेंसी

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव-2025 को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में सीट बंटवारे की कवायद तेज हो गई है। दो दिन के दौरे पर पटना पहुंचे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने राजग के तीन घटक दलों के नेताओं से मुलाकात की। धर्मेंद्र प्रधान ने सबसे पहले जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह के घर मुलाकात करने पहुंचे।

इस दौरान उनके साथ बिहार प्रभारी विनोद तावड़े भी मौजूद रहे। फिर राजग के घटक दल हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के संस्थापक और केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी से मिलने उनके आवास गए। जहां करीब आधे घंटे तक बैठक चली। इस बैठक में राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी शामिल साथ रहे। दो बैठकों के बाद तीसरी बैठक राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा के साथ उनके आवास पर हुई, जो करीब आधे घंटे तक चली। धर्मेंद्र प्रधान ने इस बैठक के दौरान राजग के घटक दलों के बीच सीटों के बंटवारे पर चर्चा की। जदयू के वरिष्ठ



नेता ललन सिंह ने धर्मेंद्र प्रधान के साथ बैठक को शिष्टाचार मुलाकात बताया। सीट बंटवारे के सवाल पर उन्होने कहा कि राजग के सभी घटक दल साथ बैठकर इस पर चर्चा करेंगे। वहीं, हम के संस्थापक और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा सीट बंटवारे पर चर्चा हुई है। जल्द सीट को लेकर समझौते हो जाएगी। राजग में सबकुछ ठीक ठाक है उल्लेखनीय है कि 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में जदयू 115 सीटों पर लड़कर 43 पर जीत हासिल कर पाई थी। भाजपा 110 सीटों पर लड़ी थी, और 74 पर उसे जीत मिली थी। इस बार राजग में चिराग पासवान, जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा के दल भी हैं।

## समय समय पर शस्त्रों की पूजा अर्चना करनी चाहिए

**रूपवास।** क्षेत्र के गांव खानसूरजापुर में शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक के स्वयंसेवक सूबेदार मेजर करतार सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि करतार सिंह ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की रीति नीति के बारे में विस्तार पूर्वक अवगत कराते हुए कहा कि हम सभी को हर वर्ष दशहरे के अवसर पर घर में मौजूद अपनी सुरक्षा में काम आने वाले शस्त्रों की साफ सफाई कर पूजा अर्चना करनी चाहिए। जिससे यह शस्त्र समय पर काम आ सकें। इस दौरान मौजूद सभी लोगों ने अपने शस्त्रों पर तिलक लगा व अलावा बांध पूजा अर्चना की वहीं आरएसएस के खंड स्वंसेवक प्रेम मुदगल व आरएसएस स्वंसेवक पुष्पेंद्र सिंह ने ध्वज प्रणाम व संघ गान गया। मुख्य वक्ता के रूप जगतार सिंह शिक्षाविद ने बौद्धिक वर्ग व उद्बोधन दिया। राष्ट्र को समर्पित संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।

## समाज को संगठित करने के लिए हर घर में पंच परिवर्तन का भाव करें जागृत : आलोक कुमार

एजेंसी

**हल्द्वानी।** राष्ट्रीय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सह सरकार्यवाह आलोक कुमार ने कहा कि स्वयंसेवकों ने इन 100 वर्षों में देश और समाज के लिए जो किया, वह एक लंबी गाथा है। जो काम अभी अधूरे हैं, आगे उन्हें पूरा करने का संकल्प लिया गया है। समाज को संगठित करने, सेवा और स्वावलंबन सहित विभिन्न पहलुओं को देखते हुए हर घर मे पंच परिवर्तन का भाव जागृत करना है। सह सरकार्यवाह आलोक कुमार एमबी इंटर कॉलेज, हल्द्वानी के मैदान पर शताब्दी शंखनाद कार्यक्रम को बतौर मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर आयोजित कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने बांसुरी की मधुर तान और कुमाऊंनी लोक गीत दैणा होया खोली का गणेशा हे... के साथ योग और आसन का प्रदर्शन किया। इसमें बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों व नागरिकों ने प्रतिभाग किया। आलोक ने विजयदशमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिन अधर्म पर धर्म, अन्याय पर न्याय और असत्य पर सत्य की जीत का दिन हैं। महिषासुर से




लेकर रावण का वध आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को हुआ। उन्होंने कहा कि भारत की परंपरा में इस दिन शस्त्रों की पूजा का विधान होने के साथ ही राजाओं की ओर से सीमा उलंघन कर दूसरे की सीमा में प्रवेश का दिन के रूप में भी मनाया जाता था। तभी से शस्त्र पूजन कर राज्य विस्तार की परंपरा प्रारम्भ हुई। यह माना जाता हैं कि विजयदशमी के दिन प्रारम्भ किये जाने वाले कार्य में विजय निश्चित हैं, इसी भाव के साथ डॉ. हेडगेवार ने संघ की स्थापना के लिए भी इसी पावन दिन को चुना था। उन्होंने कहा कि संघ 101वें वर्ष में प्रवेश हो चुका है। स्वयंसेवकों ने इन वर्षों में देश और समाज के लिए जो किया वह एक लंबी गाथा है, उसे कहना भी उचित नहीं है। संघ में निश्वार्थ भाव से समाज और देश की सेवा करना सिखाया जाता है, सेवा को गाया नहीं जाता है, समाज स्वतः समझ लेता हैं। सह सरकार्यवाह आलोक ने कहा कि जो काम अभी अधूरे हैं, आगे उन्हें पूरा करने का संकल्प लिया गया है। जैसा समाज होना चाहिए अभी वैसा नहीं बन पाया है। हिन्दू समाज में अभी भी कई सारी कुरीतियां हैं, लोगों में अभी भी जैसी जागरूकता होनी चाहिए वैसी नहीं है। समाज को संगठित करने, सेवा और स्वावलंबन आदि विभिन्न पहलुओं को देखते हुए पंच परिवर्तन के बिंदु बनाए गए। जिसमें कुटुंबप्रबोधन, सामाजिक समरसता, स्वदेशी, पर्यावरण और नागरिक कर्तव्य बोध शामिल हैं। पंच परिवर्तन के विषय को लेकर संघ अभी तक 5.25 लाख परिवारों तक पहुंचा है, लेकिन आगामी वर्षों में प्रत्येक घर तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। पंच परिवर्तन के विस्तार पर जोरआलोक ने इस बात को जोर देकर कहा कि अगले 10 से 15 वर्षों में हमने देश में पंच परिवर्तन के लिए समाज में काम करना है और इसकी शुरुआत सबसे पहले स्वयं से करनी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 'पंच परिवर्तन' पांच प्रमुख सामाजिक और वैचारिक बदलावों का एक कार्यक्रम है, जिसे हर घर तक पहुंचना है और जिसका उद्देश्य भारतीय समाज में सकारात्मक और रचनात्मक परिवर्तन लाना है।

## ब्रिटेन की नौसेना के साथ भारत के पश्चिमी तट पर शुरू हुआ अभ्यास 'कोंकण'

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना और ब्रिटेन की रॉयल नेवी का द्विपक्षीय अभ्यास कोंकण भारत के पश्चिमी तट पर शुरू हुआ। पिछले दो दशकों में इस अभ्यास के जरिए दोनों नौसेनाओं के बीच समुद्री अभियानों में बेहतर अंतर-संचालन और आपसी समझ को बढ़ावा मिला है। यह अभ्यास 12 अक्टूबर को खत्म होगा, जिसके बाद 14 अक्टूबर को पश्चिमी तट पर ही भारतीय वायु सेना के साथ एक दिवसीय अभ्यास होगा। नौसेना के कैप्टन विवेक मधवाल के मुताबिक यह अभ्यास 05 से 12 अक्टूबर तक दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। ?इसके बाद समुद्री चरण में जटिल अभ्यास के बंदरगाह चरण में नौसेना कर्मियों के बीच पेशेवर बातचीत, क्रॉस-डेक दौरे, खेल कार्यक्रम और सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त, संयुक्त कार्य समूह की बैठकें और विषय-वस्तु विशेषज्ञों का आदान-प्रदान भी निर्धारित है। समुद्री परिचालन अभ्यास शामिल होंगे, जिनमें वायु-रोधी, सतह-रोधी और पनडुब्बी-रोधी अभ्यास, उड़ान संचालन और अन्य नौसैन्य कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भाग लेने वाले दोनों देशों के विमानवाहक पोत, विध्वंसक, फ्रिगेट, पनडुब्बी और तट आधारित वायु परिसंपत्तियां इस अभ्यास में शामिल होंगी। एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स के नेतृत्व में यूके करियर स्ट्राइक ग्रुप (यूके सीएसजी 25) की भागीदारी ने इस वर्ष के अभ्यास को और भी आकर्षक बना दिया है। नॉर्वे और जापान की परिसंपत्तियां भी शामिल हैं। भारतीय पक्ष का प्रतिनिधित्व स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत के वाहक युद्ध समूह द्वारा अन्य सतह, उप-सतह और वायु लड़ाकू विमानों के साथ किया जाएगा।

यह अभ्यास सुरक्षित, खुले और मुक्त समुद्र सुनिश्चित करने की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है और भारत-यूके विजन 2035 में उल्लिखित व्यापक रणनीतिक साझेदारी का उदाहरण प्रस्तुत करेगा। भारतीय नौसेना के साथ 12 अक्टूबर को अभ्यास कोंकण के समापन पर यूके सीएसजी 25 अपनी नियोजित तैनाती जारी रखने से पहले 14 अक्टूबर को भारत के पश्चिमी तट पर भारतीय वायु सेना के साथ एक दिवसीय अभ्यास में भाग लेगा। दोनों देशों के बीच अभ्यास कोंकण रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने, अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाने और क्षेत्रीय समुद्री स्थिरता में योगदान देने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगा।

# रोहित के बाद अब सूर्या के कप्तानी पर भी आ सकता है संकट? इस दिग्गज ने की बड़ी भविष्यवाणी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने एक बड़ा फैसला लेते हुए 26 वर्षीय शुभमन गिल को वनडे टीम का नया कप्तान नियुक्त किया है। गिल को रोहित शर्मा की जगह वनडे कप्तानी सौंपी गई है, जिसने क्रिकेट जगत में हलचल मचा दी है। इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर मोंटी पनेसर ने इस फैसले को 'मास्टरस्ट्रोक' करार देते हुए गिल को एक 'नैचुरल लीडर' बताया है, जो जिम्मेदारी मिलने पर अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को सामने लाते हैं। गिल की पहली चुनौती 19 अक्टूबर से शुरू होने वाली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज होगी।

### BCCI का बड़ा फैसला: रोहित से छिनी कप्तानी

BCCI के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने इस बदलाव की जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने खुद रोहित शर्मा को सूचित किया कि बोर्ड ने उन्हें वनडे कप्तानी से मुक्त करने का निर्णय लिया है। अगरकर ने कहा, 'हमने रोहित से बात की और उन्हें बताया कि शुभमन गिल को उनका उत्तराधिकारी बनाया गया है। यह फैसला भविष्य को ध्यान में रखकर लिया गया है।' गिल अब 2027 विश्व कप की तैयारियों के लिए भारतीय वनडे टीम का नेतृत्व करेंगे।

### मोंटी पनेसर ने की तारीफ

मोंटी पनेसर ने न्यूज एजेंसी से बात करते हुए इस फैसले की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा, 'यह एक शानदार निर्णय है। गिल ने अब तक बेहतरीन प्रदर्शन किया है। रोहित शर्मा की मौजूदगी में उन्हें कप्तान बनाना समझदारी भरा कदम है, क्योंकि रोहित उन्हें मार्गदर्शन दे सकते हैं। हमने इंग्लैंड में देखा है कि गिल एक नैचुरल लीडर हैं।'

पनेसर ने आगे कहा, 'जब आप गिल को जिम्मेदारी देते हैं, तो उनका सर्वश्रेष्ठ रूप सामने आता है। मुझे यकीन है कि इस वनडे सीरीज में हम उनका बेहतरीन प्रदर्शन देखेंगे। यह मेरे लिए आश्चर्य की बात नहीं होगी अगर भविष्य में उन्हें टी20आई कप्तानी भी सौंपी जाए, क्योंकि वह ऐसे खिलाड़ी हैं जो जिम्मेदारी मिलने पर और निखरते हैं।'

### गिल का फोकस: 2027 विश्व कप

शुभमन गिल ने कप्तानी मिलने पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा, ÷मेरे लिए यह एक बड़ा सम्मान है। मेरा पूरा ध्यान भविष्य और 2027 विश्व कप पर है। हम अगले कुछ सालों में लगभग 20 वनडे मैच खेलेंगे, और हमारा लक्ष्य एक मजबूत और संतुलित टीम तैयार करना है।÷ गिल ने यह भी बताया कि वह रोहित शर्मा और अन्य सीनियर खिलाड़ियों के अनुभव का लाभ उठाएंगे।

### क्रिकेट जगत में मिली-जुली प्रतिक्रियाएं

गिल को कप्तान बनाए जाने के फैसले ने क्रिकेट प्रशंसकों और विशेषज्ञों के बीच मिली-जुली प्रतिक्रियाएं पैदा की हैं। जहां कुछ फैन्स और पूर्व खिलाड़ी इस बदलाव से हैरान हैं, वहीं कई लोग इसे भविष्य की रणनीति का





हिस्सा मान रहे हैं। गिल की युवा ऊर्जा और लगातार अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता को देखते हुए यह फैसला भारत के लिए नई दिशा तय कर सकता है।

### गिल का रिकॉर्ड

26 साल के शुभमन गिल ने अब तक 44 वनडे मैचों में 2271 रन बनाए हैं, जिसमें 6 शतक और 13 अर्धशतक शामिल हैं। उनका औसत 61.37 और स्ट्राइक रेट 103.46 है, जो उनकी निरंतरता और आक्रामकता को दर्शाता है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी सीरीज में गिल की कप्तानी और बल्लेबाजी दोनों पर सभी की नजरें रहेंगी।

क्या गिल इस नई जिम्मेदारी के साथ भारतीय वनडे क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे? इसके लिए प्रशंसकों को 19 अक्टूबर से शुरू होने वाली सीरीज का इंतजार है। अधिक अपडेट्स के लिए बने रहें।

## टेनिस प्रीमियर लीग: बोपन्ना, डार्डेरी और मौटेट टीपीए के सातवें सत्र में पेश करेंगे चुनौती



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अनुभवी भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और विश्व के 29वें नंबर के खिलाड़ी लुसियानो डार्डेरी सहित शीर्ष-50 रैंकिंग में शामिल कम से कम तीन एकल खिलाड़ी नौ दिसंबर से अहमदाबाद में शुरू हो रही टेनिस प्रीमियर लीग (TPL) के सातवें सत्र में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

विश्व के 38वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांस के कोरेंटिन मौटेट और उनके हमवतन विश्व के 39वें नंबर के खिलाड़ी एलेक्जेंडर मुलर इस लीग में भारत के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ शामिल होंगे जिसकी नीलामी नौ अक्टूबर को मुंबई में होगी। दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन बोपन्ना ने पिछले साल टीपीएल में पदार्पण किया था। वह एसजी पाइपर्स बेंगलुरु का प्रतिनिधित्व करेंगे। इटली के डार्डेरी राजस्थान रेंजर्स का प्रतिनिधित्व करेंगे जबकि मौटेट गुड़गांव ग्रैंड स्लैमर्स के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। मुलर और आर्थर रिंडरकनेच (विश्व के 54वें नंबर के खिलाड़ी) क्रमशः गुजरात पैंथर्स और हैदराबाद स्ट्राइकर्स की टीम को मजबूत करेंगे। लीग में बोस्निया एवं हर्जेगोविना के दामिर जुम्हुर (पूर्व विश्व नंबर 23, वर्तमान नंबर 67) यश मुंबई ईगल्स और अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एचेवेरी (विश्व नंबर 58) जीएस दिल्ली एसेस का प्रतिनिधित्व करेंगे। चेक गणराज्य के उभरते खिलाड़ी डालिबोर स्वर्सिना (विश्व नंबर 91) चेन्नई स्मैशर्स की टीम का हिस्सा है। टीपीएल के सह-संस्थापक कुणाल ठाकुर ने कहा, 'इस क्षमता वाले खिलाड़ियों को लीग के साथ जोड़ना प्रतिस्पर्धा के स्तर को ही नहीं बढ़ायेगा बल्कि भारतीय टेनिस खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी को भी प्रेरित करेगा।'

## लंका प्रीमियर लीग में हिस्सा लेंगे भारतीय खिलाड़ी, जल्द होगी नामों की घोषणा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लंका प्रीमियर लीग (LPL) के आयोजकों ने सोमवार को घोषणा की कि भारतीय क्रिकेटर पहली बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे जिसका छठा सत्र एक दिसंबर से शुरू होगा। इस टी20 टूर्नामेंट में कुल 24 मैच होंगे जिसमें 20 लीग मैच और चार नॉकआउट मैच शामिल हैं। ये मैच तीन प्रमुख स्थलों कोलंबो के आर प्रेमदासा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, कैंडी के पाल्लेकल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और दांबुला के रनगीरी दांबुला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे।

प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 'पहली बार भारतीय क्रिकेटरों के इस टूर्नामेंट में खेलने की उम्मीद है। उनके नामों की घोषणा जल्द ही की जाएगी जिससे पूरे क्षेत्र के प्रशंसकों में उत्साह का एक नया स्तर जुड़ जाएगा।' इस प्रारूप के अनुसार लीग चरण के दौरान सभी पांच फ्रेंचाइजी एक-दूसरे के खिलाफ दो बार प्रतिस्पर्धा करेंगी। राउंड रोबिन चरण के अंत में शीर्ष चार में रहने वाली टीम प्लेऑफ में जगह बनाएंगी।

शीर्ष दो टीम क्वालीफायर एक में खेलेंगी जिसका विजेता सीधे फाइनल में जगह बनाएगा। तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीम एलिमिनेटर में आमने-सामने होंगी। इस मुकाबले का विजेता क्वालीफायर एक में हारने वाली टीम से क्वालीफायर दो में भिड़ेगा जिससे फाइनल में जगह बनाने वाली दूसरी टीम का फैसला होगा।

# गावस्कर ने वनडे कप्तानी में बदलाव पर दी बड़ी प्रतिक्रिया, आने वाली खबरें और भी बुरी हो सकती हैं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय वनडे टीम में बड़ा बदलाव हो चुका है। रोहित शर्मा से कप्तानी की कमान अब शुभमन गिल को सौंप दी गई है, जिससे रोहित के वनडे नेतृत्व का दौर खत्म हो गया। चयन समिति के प्रमुख अजीत अगरकर ने इस फैसले की पुष्टि की, जिसके बाद क्रिकेट जगत में चर्चा तेज़ हो गई। हालांकि, टीम इंडिया के पूर्व दिग्गज सुनील गावस्कर ने इस बदलाव को 'आवश्यक कदम' बताया और कहा कि रोहित शर्मा खुद भी इस फैसले से सहमत हैं।

### '2027 विश्व कप की तैयारी का हिस्सा है यह बदलाव'

गावस्कर ने कहा कि यह फैसला भारत की 2027 वनडे विश्व कप की तैयारी को ध्यान में रखकर लिया गया है। 'अगर हम अगले दो सालों का अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर देखें, तो भारत बहुत कम वनडे






खेलेगा। ऐसे में, केवल वनडे खेलने वाले खिलाड़ी के लिए मैच फिट रहना मुश्किल है,' गावस्कर ने स्पोर्ट्स तक से बातचीत में कहा।

### 'रोहित भी समझते हैं टीम की प्राथमिकता'

गावस्कर के अनुसार, रोहित शर्मा व्यक्तिगत तौर पर इस फैसले से नाराज़ नहीं हैं। उन्होंने कहा, 'टीम पहले आती है। रोहित ने देश के लिए बहुत कुछ किया है, चैंपियंस ट्रॉफी और टी20 विश्व कप जिताया। लेकिन अगर हमें दो साल आगे सोचना है, तो एक युवा कप्तान को तैयार करना ही समझदारी है, और रोहित इस बात से पूरी तरह सहमत हैं।'

### 'आने वाले महीनों में और बुरी खबरें आ सकती हैं'

गावस्कर ने आगे कहा कि यह बदलाव भारतीय टीम प्रबंधन की 'नई दिशा' की शुरुआत है और भविष्य में और बड़े निर्णय लिए जा सकते हैं। उन्होंने कहा, 'अगर कोई खिलाड़ी यह तय नहीं कर पा रहा कि वह अगले दो साल तक वनडे खेलेगा या नहीं, तो उसके लिए टीम में बने रहना मुश्किल हो जाएगा। आने वाले महीनों में कुछ और कड़े फैसले देखने को मिल सकते हैं।'

### 'रोहित को अब घरेलू क्रिकेट खेलना होगा'

गावस्कर ने यह भी सुझाव दिया कि अगर रोहित वनडे टीम में वापसी चाहते हैं, तो उन्हें विजय हज़ारे ट्रॉफी जैसी घरेलू टूर्नामेंट्स में हिस्सा लेना चाहिए ताकि मैच फिटनेस बनी रहे। उन्होंने कहा, 'सिर्फ पाँच-सात वनडे से कोई बड़ा टूर्नामेंट नहीं जीता जा सकता, इसके लिए लगातार अभ्यास जरूरी है।'

## ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के बीमार पड़ने के मामले में बीसीसीआई ने दिया जवाब, खाने में समस्या नहीं : राजीव शुक्ला

कानपुर ।भारत दौरे पर आयी ऑस्ट्रेलिया ए क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों के बीमार होने के मामले में उठ रहे सवालों को लेकर अब भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपनी प्रतिक्रिया दी है ।बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कि अगर टीम होटल के खाने में कोई खराबी होती, तो केवल ऑस्ट्रेलियाई ही नहीं बल्कि भारतीय खिलाड़ी भी बीमार पड़ते ।उन्होंने कहा कि चार विदेशी खिलाड़ियों को कही और से संक्रमण हुआ होगा। यह मामला ऑस्ट्रेलिया ए मध्यम तेज गेंदबाज हेनरी थॉर्नटन की तबियत बिगड़ने के बाद उठा। इस गेंदबाज को तबियत खराब होने के बाद अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। इस घटना के बाद से ही क्रिकेटरों की सेहत को लेकर चिंता जतायी गयी थी।



वहीं शुक्ला ने इन चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि खान एक बड़ होटल से आता है और उसमें कोई कमी नहीं पायी गयी है। शुक्ला ने कहा, 'अगर खाने में कोई समस्या होती, तो सभी खिलाड़ी, जिनमें भारतीय खिलाड़ी भी शामिल हैं, बीमार पड़ते। यह कुछ और ही मामला है ।उन्हें एक अच्छे होटल का खाना दिया जा रहा है और साभी वही खाना खा रहे हैं ।संक्रमण कहीं और से हुआ होगा।'

## युवराज, धोनी को खेलते देखकर सीखी बल्लेबाजी : तेवतिया



मुम्बई। आईपीएल और घरेलू क्रिकेट में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से प्रभावित करने वाले बल्लेबाज राहुल तेवतिया ने कहा है कि उन्होंने बल्लेबाजी कौशल युवराज सिंह और महेन्द्र सिहं धोनी को देखकर सीखा है ।तेवतिया को युवराज की स्टाइल और शॉट चयन पसंद हैं ।वहीं धोनी के उन्होंने अंतिम ओवरो में शांत रहकर मैच समाप्त करने के अंदाज से उन्हें भी प्रेरणा मिली ।इससे उन्हें अंदाजा हुआ कि फिनिशर को किस प्रकार बल्लेबाजी करनी चाहिये ।तेवतिया ने कहा, 'मैं युवराज की बल्लेबाजी देखते हुए ही यहां तक पहुंचा हूं ।वहीं जब मैंने घरेलू क्रिकेट और आईपीएल में फिनिशर की भूमिका निभाना शुरू किया, तब मैंने धोनी की बल्लेबाजी को ध्यान से देखना शुरु कर दिया ।इससे मुझे पता चला कि डेथ ओवरों में गेंदबाजों को पर कैसे आक्रामक अंदाज में खेला जा सकता है ।इससे मुझे काफी लाभ हुआ।' गौरतलब है कि तेवतिया ने साल 2020 में राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हुए पंजाब के खिलाफ एक मैच में एक ओवर में ही पांच छक्के लगा दिये थे ।इसके बाद गुजरात टाइटन्स के लिए साल 2022 में उन्होंने अंतिम दो गेंदों पर दो छक्के लगाकर टीम को जीत दिलाई। उस सत्र में गुजरात की आईपीएल जीत में तेवतिया ने अहम भूमिका निभाई थी ।तेवतिया ने कहा कि क्रिकेट में सफलता के लिए स्थिर मानसिकता रखना जरूरी है, 'सफलता या असफलता दोनों में ही समान बने रहना जरुरी है ।अगर आप जल्दी आउट हो जाते हैं, तो दुख होना स्वाभाविक है पर हमारा असली ध्यान परिणाम की जगह पर प्रक्रिया और तैयारी पर रहना चाहिए।' गौरतलब है कि तेवतिया ने अब तक 14 प्रथम श्रेणी मैचों में 535 रन बनाए हैं, जिसमें उनका सबसे अधिक स्कोर 144 है । वहीं गेंदबाजी में उन्होंने 32 विकेट लिए हैं,

# प्रमोद भगत ने अपना स्वर्णिम अभियान जारी रखा, अबिया पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल में जीते तीन गोल्ड

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के शीर्ष पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत ने 30 सितंबर से पांच अक्टूबर तक नाइजीरिया के अबिया में हुए पहले अबिया पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल टूर्नामेंट में तीन खिताब जीतकर अपना स्वर्णिम अभियान जारी रखा। 37 वर्षीय पैरा खिलाड़ी भगत ने तोक्यो पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीता था लेकिन तीन बार अपने स्थान की जानकारी देने से संबंधित चूक के कारण पेरिस पैरालंपिक से बाहर हो गए थे।

भगत ने फाइनल में हमवतन मंटू कुमार को 21-7, 9-21, 21-9 से कड़ी टक्कर देते हुए पुरुष एकल एसएल3 का खिताब जीता। अठारह महीने के प्रतिबंध के बाद वापसी करते हुए चाइना पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल जीतने वाले भगत ने दूसरा गेम हारने के बाद मजबूती से वापसी करते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। इसके बाद उन्होंने सुकांत कदम के साथ मिलकर पुरुष युगल का स्वर्ण पदक जीता



जिसमें उन्होंने पेरू के गेर्सन जेयर वर्गास लोस्टानौल और डायना रोजास गोलाक को 21-13, 21-17 से हराया। भगत को तीसरा खिताब मिश्रित युगल (एसएल3-एसयू5) में मिला जिसमें उन्होंने आरती पाटिल के साथ मिलकर एक और करीबी फाइनल जीता। भगत ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''हर जीत मुझे अपनी सीमाओं को और आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती है। इस स्तर पर प्रतिस्पर्धा करना और भारत को गौरव दिलाना हमेशा खास होता है।' युगल में भगत के साथी सुकांत कदम ने कहा, 'प्रमोद के साथ खेलना मुझे हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करता है। कोर्ट पर हमारी समझ हर मैच के साथ मजबूत हो गई है। इस जीत से आगामी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए हमारा आत्मविश्वास बढ़ेगा।'

इस बीच रणजीत सिंह ने तीन कांस्य पदक जीते। उन्होंने पुरुष एकल डब्ल्यूएच1, पुरुष युगल डब्ल्यूएच1-डब्ल्यूएच2 (परमजीत सिंह के साथ) और मिश्रित युगल डब्ल्यूएच1-डब्ल्यूएच2 (शबाना के साथ) में तीसरा स्थान हासिल किया। नुरुल हुसैन खान ने पुरुष एकल डब्ल्यूएच2 में रजत पदक जीता जबकि उमा सरकार ने महिला एकल एसएल3 में रजत पदक हासिल किया। सरकार ने आरती के साथ मिलकर महिला युगल एसएल3-एसयू5 में कांस्य पदक भी जीता। अन्य नतीजों में नीलेश गायकवाड़ (पुरुष एसएल4) और कनक सिंह जादौन (महिला एसएल4) ने कांस्य पदक जीते। पुरुष एकल एसयू5 में भारत के लिए करण पनीर, राहुल विमल और सतीवाड़ा ने क्रमशः स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर क्लीन स्वीप किया।

## विशाखापत्तनम स्टेडियम में मिताली और कल्पना के नाम पर होंगे स्टैंड

### –12 अक्टूबर को होगा उद्घाटन



विशाखापत्तनम ।भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज और पूर्व क्रिकेटर रवि कल्पना के नाम पर अब विशाखापत्तनम क्रिकेट स्टेडियम के दो स्टैंड होंगे ।इन दोनो के नाम के स्टैंड का उद्घाटन 12 अक्टूबर को भारत–ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाले महिला विश्व कप मैच में किया जाएगा ।भारतीय टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना के अनुरोध के बाद ही स्टैंड के नाम मिताली और कल्पना के नाम पर रखे जाने का फैसला लिया गया है ।मंधाना की अपील पर मंत्री नारा लोकेश ने आंध्र क्रिकेट संघ से सलाह के बाद विशाखापत्तनम स्टेडियम में मिताली और कल्पना के नाम पर स्टैंड के नाम रखे जाने का फैसला लिया ।मंत्री नारा लोकेश ने कहा की मंधाना के सुझाव पर अमल महिला क्रिकेट की इन हस्तियों को सम्मानित करने के लिए किया जा रहा है। ऐसे में अब आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन (एसीए) भारत–ऑस्ट्रेलिया मैच से पहले 12 अक्टूबर को मिताली राज स्टैंड और रवि कल्पना स्टैंड का उद्घाटन करेगा ।स्टैंड का नाम बदलने से महिला क्रिकेटर्स के प्रति सम्मान प्रकट करने के साथ ही खेल में उनके योगदान को भी महत्व देना है ।इससे उभरती प्रतिभाओं को भी महिला क्रिकेट को एक पेशे के रूप में अपनाने की प्रेरणा भी मिलेगी ।राज ने अपने करियर में 12 टेस्ट मैच खेले, जिसमें 1 शतक और 4 अर्धशतकों के साथ 699 रन बनाए ।इसके अलावा, उन्होंने 232 वनडे मुकाबलों में 7 शतकों और 64 अर्धशतकों के साथ कुल 7,805 रन बनाये ।89 टी20 मुकाबलों में मिताली ने 2,364 रन निकले ।वहीं आंध्र प्रदेश की कल्पना ने बतौर विकेटकीपर–बल्लेबाज राज्य स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन करने के साथ ही सात एकदिवसीय भी खेले ।

## सोफी डिवाइन ने बनाया बड़ा रिकॉर्ड, महिला विश्व कप में ये कमाल करने वाली 10वीं खिलाड़ी बनीं



इंदौर (मध्य प्रदेश) ।न्यूजीलैंड के लिए अपना 300वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रही न्यूजीलैंड की बल्लेबाज सोफी डिवाइन ने आईसीसी महिला विश्व कप के इतिहास में 10वीं सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ियों में जगह बनाकर एक यादगार प्रदर्शन किया ।दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपनी टीम के पहले पारी में 47.5 ओवर में 231 रन के स्कोर के दौरान डिवाइन ने 98 गेंदों में 9 चौकों की मदद से 86.73 के स्ट्राइक रेट से 85 रन बनाए ।उन्होंने अब तक 27 विश्व कप मैचों और 24 पारियों में 37.65 की औसत और 94 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 866 रन बनाए हैं, जिसमें तीन शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं ।उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 145 रन है ।वह विश्व कप इतिहास में 10वीं सबसे ज़्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं ।न्यूजीलैंड की दिग्गज डेबी हॉकले 45 मैचों और 43 पारियों में 42.88 की औसत से 1,501 रन बनाकर शीर्ष पर हैं, जिसमें दो शतक और 10 अर्द्धशतक और 100* का सर्वश्रेष्ठ स्कोर शामिल है, उसके बाद भारत की मिताली राज (38 मैचों में 36 पारियों में 47.17 की औसत से 1,328 रन, दो शतक और 11 अर्द्धशतक) और इंग्लैंड की जेनेट ब्रिटिन (36 मैचों और 35 पारियों में 43.30 की औसत से 1,299 रन, चार शतक और तीन अर्द्धशतक) का स्थान है ।गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले मैच में एक साहसी और संघर्षपूर्ण शतक बनाने के बाद 36 वर्षीय डिवाइन 2025 के संस्करण में अब तक की सबसे अधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं जिन्होंने दो पारियों में 98.50 की औसत से 197 रन बनाए हैं ।

## सफी बांग्लादेश के खिलाफ अफगानिस्तान की वनडे सीरीज से बाहर, सामी को मिली जगह

अबू धाबी ।अफगानिस्तान के युवा दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद सलीम सफी कमर (एडक्टर) में खिंचाव के कारण बांग्लादेश के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं ।अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (ACB) ने सोमवार को यह जानकारी दी ।सफी ने अफगानिस्तान के लिए एक टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के अलावा दो वनडे मैच भी खेले हैं ।उनकी अनुपस्थिति में, तेज गेंदबाज बिलाल सामी, जिन्होंने अब तक एक वनडे खेला है, को रिजर्व पूल से अफगानिस्तान की मुख्य टीम में शामिल किया गया है ।यह सीरीज क्रमश : 8, 11 और 14 अक्टूबर को शेख जायद क्रिकेट स्टेडियम में खेली जाएगी ।ACB ने अपने बयान में आगे कहा, 'टीम के फिजियो का मानना है कि वह इस बुधवार को होने वाले पहले वनडे के लिए तैयार होने की संभावना नहीं है। सलीम ACB के हाई परफॉर्मेंस सेंटर में तब तक अपना रिहैबिलिटेशन जारी रखेंगे जब तक वह पूरी तरह से ठीक नहीं हो जाते और राष्ट्रीय टीम में फिर से शामिल नहीं हो जाते।' शारजाह में बांग्लादेश से टी20आई श्रृंखला 3–0 से हारने के बाद अफगानिस्तान के लिए कुछ जीत हासिल करने के लिए वनडे श्रृंखला महत्वपूर्ण होगी। रविवार को दोनों टीमों के बीच अंतिम टी20आई में, पहले बल्लेबाजी करने के लिए भेजी गई अफगानिस्तान ने अपनी पूरी पारी के दौरान गति बनाने के लिए संघर्ष किया। उन्होंने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए, जब तक कि दरवेश रसूली (32) और मुजीब उर रहमान के देर से आए उछाल ने उन्हें निर्धारित 20 ओवरों में 143/9 तक नहीं पहुंचा दिया।

# महिला विश्व कप: पाकिस्तान पर जीत के बाद हरमनप्रीत कौर ने पिच को लेकर किया बड़ा खुलासा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोलंबो ÷भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने महिला एकदिवसीय विश्वकप 2025 में लगातार दूसरी दर्ज करने के बाद कहा कि पिच बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं थी। पाकिस्तान को 88 रनों से हराने के बाद हरमनप्रीत ने कहा, 'सच कहूं तो बल्लेबाजी करने के लिए पिच आसान नहीं थी। हम बस लंबे समय तक खेलना चाहते थे और देखना चाहते थे कि कितने रन बन सकते हैं। जब हमने यहां मई में त्रिकोणीय सीरीज खेली थी, तब पिचें अलग थीं। लेकिन पिछले दो दिनों की बारिश के कारण पिच थोड़ा रुक रही थी। मुख्य बात यह थी कि अंत तक विकेट बचाकर रखें, ताकि योजनाओं को लागू किया जा सकें।'

उन्होंने कहा, 'सुधार करने के लिए बहुत से क्षेत्र हैं लेकिन अभी मैं खुश हूं कि हम ये मैच जीते। हम बस उसी गति से आगे बढ़ना चाहते हैं। अब हम भारत लौटेंगे, जहां हमें पता है कि पिचें कैसी होंगी। देखते हैं कि हम कौन सा सबसे अच्छा कॉम्बिनेशन बना सकते हैं और कैसे रोज थोड़ा-थोड़ा बेहतर हो सकते हैं।'

श्रीलंका के खिलाफ पहले मैच की तरह ही भारत की निचली क्रम की बल्लेबाजी ने टीम को बचाया और चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। बल्लेबाजी के दौरान भारत लय पाने के लिए संघर्ष करता रहा। एक समय भारत का स्कोर 203 रन पर 7 विकेट था और टीम ऑलआउट होने की कगार पर थी, लेकिन ऋचा घोष के नाबाद 35 रन (20 गेंद) ने स्कोर को 247 तक पहुंचा दिया। इसके बाद तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ने शुरुआती विकेट लिए। फिर बाकी का बचा काम दीप्ति शर्मा और स्नेह राणा ने किया।

गौड़ को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने शुरुआती 10 ओवरों में ही दो विकेट लेकर पाकिस्तान को पीछे धकेल दिया। गौड़ ने बहुत तेज गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए नई गेंद को इधर-उधर घुमाया और पिच से मिलने वाली उछाल से बल्लेबाजो को परेशान किया। भारत का क्षेत्ररक्षण निराशाजनक रहा। उन्होंने चार कैच छोड़े, जिनमें से तीन पाकिस्तान की शीर्ष स्कोरर सिदरा अमीन के थे। अब भारत अपने अगले दो मैच दक्षिण अफ्रीका से नौ अक्टूबर और ऑस्ट्रेलिया से 12 अक्टूबर को विशाखापट्टनम में भिड़ेगा।






# शरवरी ने शुरू की वेदांग रैना के साथ नई फिल्म की शूटिंग

अभिनेत्री शरवरी वाघ ने अपने अगले बड़े प्रोजेक्ट की शूटिंग शुरू कर दी है। इस फिल्म का निर्देशन मशहूर फिल्म निर्माता इम्तियाज अली कर रहे हैं। उनके साथ शरवरी वाघ की अगली फिल्म ने पहले ही फैंस के बीच धूम मचा दी है। वेदांग रैना अभिनीत इस फिल्म की शूटिंग दशहरे के शुभ अवसर पर शुरू हुई है। इस मौके पर अभिनेत्री ने एक भावुक नोट लिखा है। शरवरी वाघ ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक भावुक नोट लिखा है। उन्होंने लिखा सरस्वती पूजा के वक्त घर पर नहीं रह सकी। इसलिए मैंने अपने कमरे में स्क्रिप्ट के साथ अपनी छोटी सी पूजा की। एक बहुत ही खास निर्देशक और टीम के साथ एक बहुत ही खास फिल्म की शूटिंग शुरू। पोस्ट के साथ उन्होंने फिल्म की स्क्रिप्ट और फूलों की तस्वीर भी शेयर की।

### जन्मदिन पर हुआ फिल्म का एलान

आपको बता दें कि जून में शरवरी के जन्मदिन पर, इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा की गई थी। उस पल को याद करते हुए उन्होंने उत्साह जाहिर किया। उन्होंने इसे अब तक का सबसे अच्छा जन्मदिन बताया। उन्होंने बताया कि इम्तियाज अली के साथ काम करना उनका लंबे समय से सपना रहा है। उन्होंने एक पोस्ट में लिखा जब से मैंने एक अभिनेत्री बनने का सपना देखा, तब से मैं आपके निर्देशन में काम करने की इच्छा रखती थी।



# कांतारा चैप्टर 1 का हिस्सा होना सपने जैसा



**रुक्मिणी वसंत साउथ में नाम कमाने के बाद बॉलीवुड में भी कांतारा चैप्टर 1 से चर्चा में हैं। कोविड में आई कांतारा की सुपर सक्सेज के बाद अब इस फिल्म में रुक्मिणी एक न्यू एंट्री हैं। फिल्म को लेकर उत्साहित ये एक्ट्रेस अपनी निजी जिंदगी के कई पन्नों को खोल रही हैं।**

एक्ट्रेस ने कहा ऋषभ सर पहले मेरी फिल्म 'सप्त सगरदाचे एलो' की तारीफ कर चुके थे और उनके शब्द मेरे लिए बहुत मायने रखते थे। लेकिन मैंने कभी नहीं सोचा था कि इससे मुझे इतनी बड़ी फिल्म में काम करने का मौका मिलेगा। जब उन्होंने मुझसे फिल्म में शामिल होने को कहा, तो सच में ये सपना जैसा लग रहा था। जैसे-जैसे मैं कहानी और अपने किरदार को समझने लगी, मेरी उत्सुकता और बढ़ गई। थोड़ी घबराहट भी थी क्योंकि किरदार बड़ा था और कहानी में उसका महत्व काफी था, लेकिन ऋषभ सर का मुझ पर भरोसा देखकर मुझे आत्मविश्वास मिला।

### फिल्म में अपने किरदार को निभाने के लिए आपने किस तरह तैयारी की?

ऐसी फिल्म में काम करते वक्त मुझे पूरी तरह संस्कृति में डूब जाना जरूरी लगा, क्योंकि 'कांतारा' सिर्फ कहानी नहीं है ...ये करावली क्षेत्र की परंपराओं से गहराई से जुड़ी हुई है। मेरे रोल के लिए, भूत-प्रेत और दैव पूजा को गहराई से समझना जरूरी था। लेखकों और ऋषभ सर ने इस प्रक्रिया में मेरी मदद की, सिर्फ रिवाज समझाने तक नहीं, बल्कि ये भी बताया कि ये समाज और लोगों की जिंदगी पर कैसे असर डालते हैं। पूरी फिल्म के दौरान अगर कोई चुनौती थी, तो वो शारीरिक कौशल की थी, जो मुझे अपने किरदार कनकावती को सही ढंग से जीवित दिखाने के लिए सीखनी पड़ी।

### सेट पर आपका पहला दिन कैसा था?

पहला दिन हमेशा ही थोड़ी उत्सुकता और थोड़ी घबराहट से भरा होता है। नया सेट, नया माहौल, सब कुछ नया। जब मैं 'कांतारा चैप्टर 1' के सेट पर पहुंची तो टीम पहले से एक महीने से शूट कर रही थी। मुझे उनकी गति में अपना स्थान ढूंढना पड़ा। शुक्र है कि शुरू में कुछ आसान सीन थे। इनमें ज्यादा डायलॉग नहीं थे, जिससे मुझे किरदार की बॉडी लैंग्वेज, नजर और अंदाज पर ध्यान देने का समय मिला। जब डायलॉग वाले सीन आए तो आवाज और दूसरे छोटे-छोटे पैमानों पर काम करना शुरू किया।

### 'बघीरा', 'मद्रासी', 'कांतारा चैप्टर 1' और आगे 'टॉक्सिक'। पिछला साल आपके लिए एक वरदान जैसा रहा। इस दौर को आप अपने करियर में कैसे देखती हैं?

ये साल मेरे लिए बेहद खास रहा। पिछले अक्तूबर से लेकर अब तक मुझे जो भी फिल्में मिली सभी एक दूसरे से काफी अलग थीं। मेरे लिए यह पूरा दौर प्रयोग और खुद को चुनौती देने वाला रहा है। इस दौरान मैंने दो काम किए, अपनी ताकत और कमजोरियों को जाना और खुद को बेहतर बनाया।

### गुलशन देवैया और ऋषभ शेट्टी ने सेट पर आपका कैसे साथ दिया?

ऋषभ सर शुरू से ही बहुत जुड़े रहे। उन्होंने लेखकों की कार्यशाला में भी भाग लिया, जिससे मुझे समझ आया कि एक युवरानी की शारीरिक भाषा कैसी होती है – वह कैसे चलती है, कैसे अपने आप को पेश करती है, उसके बोलने का अंदाज कैसा होना चाहिए? गुलशन सर के साथ काम करना भी बहुत प्रेरणादायक था। मैं हमेशा उनके काम को सराहती रही हूं, चाहे वो 'द हॉन्टिंग' हो या 'मर्द को दर्द नहीं होता'। मुझे सबसे ज्यादा हैरानी इस बात पर हुई कि वह कन्नड़ बेहद खूबसूरती से बोलते हैं। भले ही मैं यह जानती थी कि वह कूर्ग से हैं पर मुझे नहीं पता था कि वह दक्षिण कर्नाटक के इस खास डायलेक्ट में इतने सहज हैं।



# एक्शन फिल्म से हॉलीवुड में डेब्यू करेंगे टाइगर श्रॉफ!

एक्टर टाइगर श्रॉफ जल्द ही हॉलीवुड फिल्म में नजर आ सकते हैं। एक्टर की डेब्यू फिल्म एक ग्लोबल एक्शन फिल्म होगी। इस फिल्म में वो हॉलीवुड के दिग्गज एक्टर सिल्वेस्टर स्टेलोन और थाई मार्शल आर्ट स्टार टोनी जा के साथ स्क्रीन शेयर करते दिखेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेजन एमजीएम एक महत्वाकांक्षी पैन-वर्ल्ड प्रोजेक्ट बनाने पर बातचीत कर रहा है, जिसमें पहली बार तीन एक्शन स्टार्स एक साथ दिखेंगे। रिपोर्ट में सोर्स को कोट करते हुए कहा गया कि यह एक ग्लोबल प्रोजेक्ट है और इसे कई भाषाओं में बनाने पर बात चल रही है। इस प्रोजेक्ट को लेकर बातचीत शुरू हो चुकी है और सूत्र का दावा है कि तीनों एक्टर ने इस प्रोजेक्ट में काम करने की इच्छा जाहिर की है। सूत्र ने कहा है कि टाइगर, सिल्वेस्टर और टोनी जा के साथ पहले राउंड की बातचीत हो गई है। फिल्म के नाम को लेकर डिस्कशन जारी है लेकिन कहा जा रहा है कि मूवी का नाम इंडियन ही होगा। टाइगर श्रॉफ अपने आइडियल सिल्वेस्टर स्टेलोन के साथ इस तरह के पैन-वर्ल्ड एक्शन प्रोजेक्ट में काम करने के लिए एक्साइटेड हैं। हाल ही में टाइगर की फिल्म बागी-4 रिलीज हुई थी। बता दें कि साल 2017 में टाइगर ने कंफर्म किया था कि वे अपने आइडियल सिल्वेस्टर की क्लासिक फिल्म रेम्बो के हिंदी रीमेक में एक्ट करेंगे। हालांकि, बाद में वह फिल्म नहीं बनी। वहीं, सिल्वेस्टर साल 2009 में अक्षय कुमार और करीना कपूर की फिल्म कमबख्त इश्क में कैमियो रोल कर चुके हैं।

# चैप्टर 2 के लिए तैयार हुईं रिया चक्रवर्ती, पांच वर्षों बाद अभिनेत्री को वापस मिला पासपोर्ट

अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती को लगभग पांच वर्षों के बाद उनका पासपोर्ट मिल गया है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने हाल ही में सुशांत सिंह राजपूत मामले से जुड़े दस्तावेज वापस करने की इजाजत देते हुए उनके पक्ष में फैसला सुनाया। सुशांत सिंह राजपूत के निधन मामले की जांच के चलते उनका पासपोर्ट जमा कर लिया गया था। पासपोर्ट मिलने पर अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट लिखी है।

इंस्टाग्राम पर रिया चक्रवर्ती ने अपने कठिन वक्त और अनगिनत संघर्षों को याद करते हुए कहा कि इस दौरान धैर्य ही उनका एकमात्र पासपोर्ट था। अपने संदेश के साथ, उन्होंने यह भी बताया कि कैसे वह एक नई शुरुआत के लिए तैयार हैं। उन्होंने लिखा पिछले पांच वर्षों से धैर्य ही मेरा एकमात्र पासपोर्ट था। अनगिनत संघर्ष। अनंत आशा। आज, मेरे हाथ में फिर से मेरा पासपोर्ट है। अध्याय 2 के लिए तैयार!

जून 2020 में अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद रिया चक्रवर्ती सुर्खियों में थीं। उनके और सुशांत के बीच अफेयर की खबरें थीं। 8 सितंबर, 2020 को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने उन्हें सुशांत की मौत से जुड़े ड्रग्स मामले में हिरासत में ले लिया था। हालांकि, उन्हें एनसीबी के पास अपना पासपोर्ट जमा करने की शर्त पर जमानत मिल गई थी। ल्मों की बात करें तो, रिया आखिरी बार रूमी जाफरी की फिल्म चेहरे में नजर आई थीं। इसमें उन्होंने अमिताभ बच्चन, इमरान हाशमी और अन्नू कपूर जैसे कलाकारों के साथ काम किया था।



# नई जाना गाने ने मेरी पुरानी यादें कर दीं ताजा

पंजाबी फिल्मों की सुपरस्टार नीरू बाजवा का नया गाना नई जाना रिलीज हो गया है। यह उनकी आने वाली फिल्म मधानियां का गीत है। इस गाने के बारे में बात करते हुए उन्होंने बताया कि इससे उनकी पुराने दिनों की यादें ताजा हो गईं। नई जाना एक पंजाबी गीत है, जिसे मन्नत नूर ने गाया है। मनी औजला ने इसका संगीत दिया है। यह गाना आज के जमाने के म्यूजिक के साथ एक पुराने लोकगीत को पेश करता है। इस गाने में एक शादी का सीन दिखाई दे रहा है। इसमें नीरू बाजवा अपने डांस और खूबसूरती से इस गाने की रौनक बढ़ाती दिख रही हैं। यह गाना पंजाबी शादियों की खुशी और उत्साह को दर्शाता है। गाने के बारे में बात करते हुए नीरू बाजवा ने कहा, 'नई जाना' गाने ने बचपन की शादियों में इसे सुनने की तमाम यादें ताजा कर दीं। मधानियां में इसे परफॉर्म करना बेहद सजीव और मजेदार अनुभव था, क्योंकि यह गाना शरारत, प्यार और हंसी का खूबसूरत मेल है। मैं उत्सुकता से इंतजार कर रही हूं कि दर्शक भी इसे देखकर वही खुशी महसूस करें, जो हमें इसे फिल्माते वक्त मिली।

नीरू बाजवा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस गाने को शेयर किया है। इसे शेयर करते हुए उन्होंने हार्ट की इमोजी भी लगाई है। वहीं सिंगर मन्नत नूर ने कहा, यह गाना पूरी तरह से पुरानी यादों को ताजा करता है। पंजाब में हर कोई 'नई जाना' गाने के बारे में जानता है, यह हमारी शादियों और हमारी संस्कृति का हिस्सा है। जब मैंने इसे रिकॉर्ड किया तो मेरा ध्यान उस सार को बरकरार रखने के साथ-साथ आज के श्रोताओं के लिए एक ताजगी लाने पर भी था।






# मेरा मुश्किल दौर स्कैम 2003 से मिली शोहरत के बाद शुरू हुआ

**वेब सीरीज स्कैम 2003 में अब्दुल करीम तेलगी की भूमिका के लिए वाहवाही बटोरने वाले एक्टर गगन देव रियार इन दिनों अपनी नई सीरीज 13वीं सम लेसन्स आर नॉट टॉट इन क्लासरूम्स को लेकर चर्चा में हैं।**

सिनेमा इंडस्ट्री में आम तौर पर सफलता और शोहरत को मुश्किलों और संघर्ष अंत माना जाता है, पर एक्टर गगन देव रियार का अनुभव बिल्कुल अलग है। हंसल मेहता की चर्चित वेब सीरीज स्कैम 2003 में पेपर घोटाले के मास्टरमाइंड अब्दुल करीम तेलगी की भूमिका से सुर्खियों में आने वाले एक्टर गगन देव रियार के मुताबिक, उनका सबसे मुश्किल दौर इस सीरीज से मिली सफलता और शोहरत के बाद शुरू हुआ है।

### जितना सफल होता हूं, उतना कंफ्यूज होता हूं

करियर के सबसे मुश्किल दौर के बारे में पूछने पर गगन कहते हैं, मेरा सबसे मुश्किल दौर इस वक्त चल रहा है, क्योंकि सफलता को लेकर लोगों का जो नजरिया होता है, जैसे लोग बोलते हैं कि आपने वो हासिल कर लिया, वहां पहुंच गए, तो मुझे समझ में नहीं आता है कि इसके बाद कहां जाना है। ये मेरी पर्सनल जद्दोजहद है। मैं जितना सफल होता जाता हूं, उतना ही कंफ्यूज होता जाता हूं कि आज मेरे पास वो सब है जो मुझे चाहिए था, जिसकी मैंने कल्पना की थी कि घर हो, काम हो, पैसा हो लेकिन वो मकसद कहीं खत्म हो गया है कि मुझे ये करना क्यों था। यह ऊहापोह स्कैम 2003 के बाद शुरू हुई है कि इस सफलता के बाद क्या? आप यहां से कहां जाएंगे?

### बहरूपिया बनने में मजा आने लगा

महज 16 साल में एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने वाले गगन बताते हैं कि असल में एक्टर बनना उनके पापा का सपना था, जो उन्होंने पूरा किया। बकौल गगन, मैं 16 साल का था। मैंने दसवीं का एग्जाम पास किया था। गर्मी की छुट्टियां चल रही थीं कि एक दिन पापा ने पूछा, एक्टर बनना चाहते हो? असल में पापा फिल्मों में हीरो बनना चाहते थे। वो बचपन में भागकर यहां आए थे, तो फिल्में हम बहुत देखते थे। शाहरुख खान, जैकी श्रॉफ मुझे भी बहुत पसंद थे, पापा के पूछने पर मैंने कहा-ठीक है। तब उन्होंने मुझे दो महीने का एक एक्टिंग का क्रैश कोर्स कराया, जिसमें मुझे बहुत मजा आया। लगा कि यह मैं जिंदगी भर कर सकता हूं क्योंकि रोज कुछ नया करने को मिल रहा है। मैं हर रोज एक नया बंदा हूं। वो अलग-अलग रूप धरने में, बहरूपिया बनने में मुझे इतना मजा आने लग गया कि उस कोर्स में 20 बच्चे थे, जिसमें मैं सबसे छोटा था, मगर क्लास में फर्स्ट आया।

### जादू की छड़ी जैसी है एक्टिंग

इन दिनों अपनी नई सीरीज 13वीं- सम लेसन्स आर नॉट टॉट इन क्लासरूम्स को लेकर चर्चा बटोर रहे गगन आगे बताते हैं, फिर कॉलेज में जब मैं थिएटर से जुड़ा तो लगा कि एक्टिंग और थिएटर तो एक ही चीज है। मुझे उसमें इतना मजा आने लगा कि मैंने तय कर लिया कि यही करना है। हालांकि, मैं पढ़ाई में होशियार था। चाहता तो बहुत कुछ बन सकता था, मगर एक रूहानी अनुभव जो एक्टिंग में होता है कि आपने कुछ किया, जिससे किसी और को कुछ हुआ। मतलब मैं जो करूंगा, उससे कोई दूसरा हंसता है या रोता है। मुझे ऐसा लगा कि मेरे हाथ में कोई जादू की छड़ी है। मुझे हैपी पॉटर जैसा महसूस हुआ और मैं वो जादूगर बनना चाहता था। बस एक्टिंग का सिलसिला चल पड़ा।

# यूं पाएं 5 मिनट में स्टाइल और Glamorous लुक्स



त्योहारों का मौसम आते ही हम घर के कामों में इतने ज्यादा व्यस्त हो जाते हैं कि हमे पार्लर जाना तो दूर, हमें घर में भी खुद पर ध्यान देने का मौका नहीं मिल पाता। इसलिए हम आपको बताएगे कि घर पर ही आप 5 मिनटों में अपना चेहरा कैसे निखार सकती है और एक अलग लुक पा सकती हैं। जिससे सभी की नजरें आप पर ही टिकी रहे।

- अगर आपने अपने फ्रैंड के घर पार्टी पर जाना हो और आपके बालों में काफी ऑयल लगा है, जिससे लेकर आप बहुत ही ज्यादा परेशान है तो ऐसे में हम आपको बताएगे कि 2-3 मिनटों में आपकी ये परेशानी कैसे दूर हो सकती है। सबसे पहले आप सिर झुकाएं और बालों को पलटकर अच्छी तरह से ब्रश करें। इसके बाद आप चाहे तो हल्का सा पफ बनाकर क्लचर या बनाना पिंन भी लगा सकतीं हैं।

- अगर आप गहरे रंग रूप वाली, गोरी, सावंली, मोटी, लम्बी, पतली मोटे होठों वाली लड़की है तो आप भी उन लडकियों की तरह सुंन्दर मानी जाएगी। बस, फर्क इतना सा है कि उन्हें अपने रूप-रंग से जुडे दर पहलू पर नाज होता है। ऐसे में आपकी हर कमी को छुपाया जा सकता है।

- सबसे पहले तो जो खुद पर सूट करे, वो पहने। अपने बेसिक स्टाइल को दोहराते रहें, सिर ऊंचा और पीठ सीधी करके चलें। इस कॉन्फिटेंन्स के साथ जो आपको खूबसूरत ना माने ले, उसका सौन्दर्यबोध संदिग्ध होगा।

- तैयार होने से पहले आप अपने आपको आइने के सामने देखें और सोचें कि आपका कलर यलो नहीं फेयर है। ऐसे देखने से ही मेंकअप करें जिसे करने से आपको कोई काला नहीं कह सकता, कलर भी तो चॉकलेटी हो सकते हैं।


- अगर आपको कोई मोटा कहता है तो उसकी बात पर बिल्कुल ध्यान ना दें। आप मोटी नहीं हेल्दी हैं तो अगली बार जब खुद की व्याख्या करनी हो, तो इस ख्याल से कीजिएगा कि आपकी गहरी आंखों वाली आकर्षक मुस्कुराहट की स्वामिनी हैं। आपके जैसे ओर कोई नहीं और नहीं आपके जैसा दिखना आसान काम है।

- स्टाइल में रहने का मतलब यह नहीं कि आप ढेर सारे कपडों को खरीदना होता, रूचिपूर्ण तरीके से त्यौहार पर तैयार होने से भी व्यक्ति सौम्य लगता है और जो आपमें खूबियां है उन्हें निखारें।



## नाक पर बने जिद्दी ब्लैकहैड्स हटाने का सबसे आसान तरीका

आजकल हर कोई ब्लैकहेड्स की समस्या से परेशान रहता है। खास कर जब यह ब्लैकहेड्स आपके नाक पर हो जाए। नाक के ब्लैकहेड्स आपके चेहरे की खूबसूरती को पूरी तरह से खराब कर जाते है। यह नाक पर हो जाने से नाक काला और भदा नजर आता है। आज हम आपको उन तरीकों के बारे में बताएंगे जिन्हें आप घर पर ही अपना कर इनहें दूर कर सकते है। आप इन दिए हुए नुस्खों को केवल कुछ दिन नियमित रूप से आजमाएं और फिर देखें कि ना केवल ब्लैकहेड्स ही हटेंगे बलकि चेहरे से धूल, मिट्टी और डेड सकिन भी साफ होगी।



1. नमक और रोज वॉटर एक कटोरी में एक छोटा चम्मच नमक और रोज वाटर को मिकस कर लें। गुलाबजल आपके चेहरे की चमक को बढ़ाता है। इसे नाक पर उस जगह पर रगड़े यहां पर ब?लैकहेड्स हों।

2. शक्कर कटोरी में एक चम्म्मच शक्कर और नमक मिलाएं। इससे हल्के हाथों से 15 मिनट तक नाक पर गोलाई में मसाज करें। जब यह सूख जाए तब गीले कॉटन बॉल से पोछ लें।

3. शहद एक चम्मच शहद में 2 चम्म्मच काला नमक मिलाएं। इसे लगाने से ब्लैकहेड के साथ डेड स्किन भी साफ होती है। इसे आप हफ्ते में दो बार ट्राई कर सकते है।

4. बेसन एक कटोरी में एक चम्मच बेसन, दो चम्म्मच दूध और एक चम्मच नमक मिक्स करें। इस पेस्ट को गाढा बनाएं और नाक के ब्लैकहेड पर लगाएं। 15 मिनट के बाद इसे रगड़ कर साफ कर दें। इससे लगाने से ब्लैकहेड्स तो साफ होंगे ही साथ में चेहरा भी ग्लो करेगा।

5. नींबू का रस सबसे पहले नाक पर ब्लैकहेड वाली जगह को नींबू के रस से मसाज कर लें। फिर उसी गीने चेहरे पर नमक लगा कर गोलाई में हल्के हथों से मसाज करें। 10 मिनट के बाद गरम पानी लेकर चेहरा धो लें।

6. टूथपेस्ट अगर आप को माक पर ब्लैकहेड्स है तो नाक या अन्य जगह पर टूथपेस्ट लगाएं और बाद में नमक उस पर रगड़े। इसे ऊपर के डायरेक्शन पर रगड़ें। ऐसा करने के से ब्लैकहेड्स के साथ यह रूखी त्वचा को भी साफ कर देता है।

7. दही ब्लैकहेड्स वाली जगह को नमक वाले पानी से मसाज करें और 15 मिनट बाद उस पर गाढी दही लगा कर हल्के हाथों से रगड़ें। इससे आपके चेहरे पर पैदा होनी वाली जलन दूर हो जाएगी।

## फेश और तरो-ताजा दिखने के लिए अपनाएं ये ब्यूटी टिप्स



आजकल काम का प्रेशर इतना ज्यादा हो जाता है कि ऐसे में हमरें चेहरे से ही हमारी थकावट के बारे में पता चल जाता है। ऐसे में हमें प्राकृतिक चमक के लिए हमें ज़्यादा से ज़्यादा पानी पीना चाहिए और ताज़ा फल और सब्ज़ियां खानी चाहिए। यह हमारे चेहरे पर अंदर से निखार लाने के लिए सबसे कारगर प्राकृतिक उपाय है।

कई बार कुछ कारणों से हम यह करना भूल जाते हैं और इससे हमारा चेहरा सुस्त और बेजान लगने लगता है। आज हम आपको अपनी थकी हुई त्वचा को फ्रेश और चमकदार बनाने के कुछ आसान उपाय बातएगें। तो आइए जानें ये कौन से उपाय है...



1. ब्लश जब आप थके हुए होते है तो उस समय आपके चेहरे से ही पता चल जाता है कि आप बहुत ही ज्यादा थके है। ऐसे में आपके थके हुए चेहरे में जान लाने के लिए गाल पर रोसी क्रीम ब्लश लगाएं। इससे आपकी थकी हुई आंखों पर से ध्यान हट जाएगा।

2. बरौनी के बाद मस्कारा लगा लें
यह चेहरे को तरोताजा और चमकदार दिखने का सबसे कारगर उपाय है। यह आपकी आंखों को खोल देगा और आपको तरोताज़ा कर देगा। बरौनी को मोड़ने के बाद मस्कारा लगा लें।

3. कंसीलर लगा लें कभी भी पूरे चेहरे पर कंसीलर न लगाएं, सिर्फ थोड़ा सा आंखों के नीचे लगाएं ताकि आप तरोताज़ा लगें। इससे आंखों के नीचे की त्वचा बराबर हो जाएगी और आपकी आंखें बड़ी, फ्रेश लगेंगी।

4. स्क्रब करें
चेहरे को ठन्डे पानी से धोएं और उसके बाद उसे स्क्रब करें। आप ओट्स को स्क्रबर की तरह इस्तमाल कर सकती हैं। इससे डेड सेल हट जाते हैं और आपकी त्वचा गोरी हो जाती है।

5. बर्फ आप अपनी आंखों को बंद करके उन पर बर्फ को 5 मिनट तक रखें। इससे आपकी थके हुई आंखों की सूजन कम हो जाएगी। आप बर्फ को चेहरे पर भी घिसा सकते हैं जिससे आपके चेहरे की सूजन भी कम हो जाएगी।

6. क्रीम को फ्रिज में रखें
आंखों की क्रीम को फ्रिज में रखें और सुबह को इसी क्रीम को आंखों के नीचे लगाएं। इससे आंखों के नीचे की त्वचा कसेगी और सूजन भी कम होगा।

7. मसाज करें आंखों के नीचे और ऊपर क्रीम लगाते हुए त्वचा का मसाज करें। इससे खून का प्रवाह इस क्षेत्र में बढ़ेगा और आंखों की सूजन कम होगी।

## छोटे से नींबू के हैं सौंदर्य के लिए अनेको लाभ

सर्दी हो या गर्मी, नींबू एक ऐसा फल है जो हर घर में हर समय आसानी से मिल जाता है। यह केवल खाने का स्वाद ही नहीं बढाता बल्कि इसमें कई ऐसे औषध गुण भी मौजूद हैं जो कई सुंदर साधन भी है। इसमें विटामिन सी पर्याप्त मात्रा में होता है और पोटैशियम घुलनशील, जिसके चलते ज्यादा मात्रा में इसका सेवन भी नुकसानदायक नहीं होता। विटामिन सी से भरपूर नींबू शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाने का अहसास होने लगता है। आज हम आपको नींबू के कुछ ब्यूटी टिप्स के बारे में बताएगें..

1. बर्तन साफ करने से हाथों की दरारें मैली हो जाती हैं। नींबू के छिलकों को रगड-रगड कर साफ करने से आपके हाथ ही नहीं नाखून तक साफ हो जाएंगे। इन छिलको से कोहनियों का कालापन भी दूर हो जाता है।

2. चेहरा जल जाने पर यदि चेहरे पर काले दाग पड़ गए हों तो एक टमाटर के गूदे में नींबू के रस की कुछ बूंदें मिलाकर सुबह-शाम लगाएं और थोडी देर बाद धो लें।

3. नारियल के तेल में नींबू का रस मिलाकर रात में सिर में हल्के हाथ से लगाएं, हफ्ते में कम से कम 2-3 दिन तक मालिश करें। बालों की खुश्की दूर हो जाती है।

4. अगर आप मालिश ना भी करें तो सिर धोने के पानी में दो नींबू निचोडकर एक हफ्ता लगातार प्रयोग करने से बाल मुलायम होते हैं, उनका झाडना कम होता है और खुश्की या रूसी भी कम होती है।

5. सुबह स्नान करने से पहले नींबू के छिलकों को चेहरे पर धीरे-धीरे मलकर दो या तीन मिनट बाद चेहरे को पानी से धो लें। ऐसे 10-15 दिन लगाता करने से चेहरे का रंग साफ हो जाता है।

6. नींबू का रस और गुलाब जल मिलाकर चेहरे पर लगाएं, कुछ दिनों के लगातार प्रयोग से चेहरा बेदाग और स्किन कोमल व स्वच्छ हो जाती है।

7. नींबू और तुलसी की पत्तियों का रस एक समान मात्रा में मिलाकर किसी कांच के बर्तन में रख लें और दिन में कम से कम दो बार हल्के हाथ से चेहरे पर लगाएं। कुछ दिन के लगाकर इस्तेमाल से चेहरे पर झाइयां या किसी भी प्रकार के निशान मिट जाते हैं।

